✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात


एशिया हॉकी में भारत ने चीन को 4-3 से हराया

✷ रजि. नंबर : 52290 /90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 94 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 30 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रूपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# महिलाओं को नीतीश सरकार का बड़ा तोहफा

## बिहार सरकार ने शुरू की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, सितम्बर से खातों में आएंगे पैसे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की है। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इस योजना का लाभ राज्य के हर परिवार की एक महिला को मिलेगा। उन्हें रोजगार शुरू करने के लिए सीधे आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत प्रारंभिक सहयोग के रूप में 10 हजार रुपये की राशि प्रथम किस्त में सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी और सरकार का लक्ष्य है कि सितम्बर 2025 से ही राशि का हस्तांतरण शुरू कर दिया जाए।



**छह माह बाद मिलेगा और सहयोग**

योजना का स्वरूप केवल शुरुआती आर्थिक मदद तक सीमित नहीं है। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के छह माह बाद उनकी प्रगति का आकलन किया जाएगा। यदि उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए अधिक सहयोग की आवश्यकता होगी, तो सरकार द्वारा 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**बिक्री के लिए बनेगा बाजार**

सरकार ने यह भी घोषणा की है कि महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए गांवों से लेकर शहरों तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे। इससे स्थानीय स्तर पर बाजार व्यवस्था मजबूत होगी और महिलाओं को अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

**पलायन पर लगेगा ब्रेक**

सरकार को उम्मीद है कि इस योजना से जहां एक ओर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं दूसरी ओर रोजगार की तलाश में बिहार से बाहर जाने की मजबूरी भी काफी हद तक कम होगी। योजना का मकसद है कि महिलाओं की भागीदारी से परिवार की आय में वृद्धि हो और उनके जीवन स्तर में ठोस सुधार आए।

**मुख्यमंत्री की पहल**

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है कि राज्य की महिलाएँ रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में नए अवसर पा सकें। उन्होंने कहा कि योजना से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार का नया वातावरण बनेगा।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जल्द पूरा होगा होल्डिंग एरिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ प्रबंधन को लेकर रेलवे बड़ी तैयारी कर रहा है। शुक्रवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन परिसर में बन रहे होल्डिंग एरिया का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को हर हाल में जल्द से जल्द पूरा किया जाए। नई दिल्ली स्टेशन के अजमेरी गेट की ओर यह स्थायी होल्डिंग एरिया तैयार किया जा रहा है। इसे तीन हिस्सों में बांटा गया है—

प्री-टिकटिंग एरिया (1950 वर्ग मीटर): लगभग 2700 यात्रियों की क्षमता।

टिकटिंग एरिया (2288 वर्ग मीटर): करीब 3100 यात्रियों की बैठने की व्यवस्था।



टिकट-पश्चात क्षेत्र (1570 वर्ग मीटर): लगभग 1350 यात्रियों के बैठने की सुविधा।

इस आधुनिक होल्डिंग एरिया में यात्रियों की सुविधा के लिए 22 टिकट काउंटर, 2 शौचालय ब्लॉक, जन संबोधन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड, एआई आधारित निगरानी कैमरे, सामान स्कैनर और मार्गदर्शन के लिए साइनेज लगाए जा रहे हैं। साथ ही यह क्षेत्र मेट्रो कनेक्टिविटी से भी जुड़ा होगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, निर्माण कार्य के दौरान कई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं, जिनमें एटीएम काउंटरों, इलेक्ट्रिक हाईमास्ट और मोबाइल टावरों को हटाना, प्रीपेड टैक्सी स्टैंड व दिल्ली पुलिस केबिन को स्थानांतरित करना शामिल है। रेल मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूरे हो जाने के बाद त्योहारों के समय यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और भीड़ का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया एशिया हॉकी कप-2025 का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राजगीर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हीरो एशिया हॉकी कप-2025 का भव्य शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने स्टेडियम का भ्रमण कर खिलाड़ियों और दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने भारत और चीन के बीच उद्घाटन मुकाबले से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रगान के साथ मैच की शुरुआत हुई और इस दौरान पूरा स्टेडियम खेल प्रेमियों की जयकारों से गूंज उठा। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 7 सितंबर तक चलेगा। इसमें भारत सहित एशिया के आठ शीर्ष देश—जापान, चीन, मलेशिया, कजाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे—भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में कुल 24 मैच खेले जाएंगे। इसके पूर्व ट्रॉफी गौरव यात्रा बिहार के विभिन्न जिलों और देश के कई राज्यों में निकाली गई थी, जिससे हॉकी को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया। शुभारंभ कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल परिसर में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति, दर्शक दीर्घा, खिलाड़ियों की सुविधाओं और सुरक्षा इंतज़ामों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को कार्य को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन एवं खेल विभाग) डॉ. बी. राजेन्द्र, खेल विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर कुमार सिन्हा, वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, सभी देशों के खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



## भारत ने चीन को 4-3 से हराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** घरेलू दर्शकों से खचाखच भरे राजगीर हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को भारत की पुरुष हॉकी टीम ने हीरो एशिया कप राजगीर-2025 का आगाज जीत के साथ किया। पहले मुकाबले में भारत ने चीन को रोमांचक संघर्ष में 4-3 से मात दी। इस जीत के नायक बने कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जिन्होंने हैट्रिक जमाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं जगराज सिंह ने भी एक गोल दागा।

भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह ने 20वें, 33वें और 47वें मिनट में गोल किए, जबकि 18वें मिनट में जगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। चीन के लिए शिहाओ डू (12'), बेन्हाई चेन (35') और जिएशेंग गाओ (41') ने गोल किए। पहले क्वार्टर में चीन ने भारत पर दबाव बनाया और 12वें मिनट में बढ़त हासिल की। हालांकि दूसरे क्वार्टर में भारत ने जोरदार वापसी की। जगराज सिंह और हरमनप्रीत सिंह के गोल से हाफ टाइम तक स्कोर 2-1 रहा। तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत ने एक और गोल कर बढ़त 3-1 कर दी, लेकिन चीन ने तुरंत पलटवार कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। निर्णायक चौथे क्वार्टर में कप्तान हरमनप्रीत ने हैट्रिक पूरी करते हुए 47वें मिनट में गोल दागा और भारत को 4-3 से आगे कर दिया। इसके बाद भारतीय डिफेंस ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत सुनिश्चित की। जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि घरेलू मैदान पर खेलना बेहद खास अनुभव है। दर्शकों के उत्साह ने खिलाड़ियों को अतिरिक्त ऊर्जा दी और टीम ने मिलकर बेहतरीन वापसी की। मैच के दौरान स्टेडियम में उत्साह चरम पर था। हर गोल पर तालियों और नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। स्थानीय बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया।

भारत अब अपना अगला मुकाबला रविवार, 31 अगस्त को जापान से दोपहर 3 बजे खेलेगा। दिन के अन्य मैचों में मलेशिया ने बांग्लादेश को 4-1 से हराया, कोरिया ने चाइनीज ताइपे को 7-0 से मात दी और जापान ने कज़ाख़िस्तान को 7-0 से शिकस्त दी। राजगीर में आयोजित यह टूर्नामेंट न केवल एशियाई हॉकी टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा का मंच बन रहा है, बल्कि खेल प्रेमियों के लिए भी ऐतिहासिक लम्हा साबित हो रहा है।

# पुलिसकर्मियों की सहारा बनी नीतीश सरकार

## ड्यूटी के दौरान मौत पर मिलेंगे डेढ़ करोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। अब ड्यूटी के दौरान हादसे में किसी पुलिसकर्मी की मौत होने पर परिजनों को 1.50 करोड़ रुपये का बीमा लाभ मिलेगा। हाल ही में राज्य पुलिस के सभी रैंक के कर्मियों के वेतन पैकेज का प्रबंधन बैंक ऑफ बड़ौदा को सौंपा गया है। इसी के तहत यह बीमा सुविधा भी जोड़ी गई है। सभी पुलिसकर्मियों के वेतन खाते इस बैंक में स्थानांतरित किए गए हैं, जिससे उन्हें अन्य सुविधाओं का भी लाभ मिल सकेगा।

**महिला सिपाही कोमल बनीं पहली लाभार्थी**

एडीजी (बजट, अपील एवं कल्याण) डॉ. कमल किशोर सिंह ने बताया कि कुछ महीने पहले पटना के अटल पथ पर वाहन जांच के दौरान एक कार ने महिला सिपाही कोमल को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल कोमल का इलाज के दौरान निधन हो गया। इस घटना के बाद नई योजना के तहत उनके परिजनों को 1.50 करोड़ रुपये का बीमा लाभ दिया गया है। साथ ही 20 लाख रुपये अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। इस प्रकार कुल 1.70 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके परिवार को मिलेगी। डॉ. सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुग्रह राशि, आश्रित परिजन को नौकरी समेत अन्य सुविधाओं के अतिरिक्त पुलिस विभाग ने भी कई कोष बनाए हैं। इनमें परोपकारी कोष, शिक्षा कोष और स्वास्थ्य कोष शामिल हैं। इनसे समय-समय पर जरूरतमंद पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को आर्थिक मदद दी जाती है।

# चार करोड़ की अफीम के साथ चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**फुलवारीशरीफ।** पटना पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए गोपालपुर थाना क्षेत्र के कछुआरा गांव से चार करोड़ रुपये की अफीम समेत भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुकेश कुमार (नालंदा), अजीत कुमार (39 वर्ष, बोकारो, झारखंड), श्रवण कुमार (22 वर्ष, चतरा, झारखंड) और जयराम भारती (26 वर्ष, चतरा, झारखंड) के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक ये सभी लंबे समय से अफीम और डोडा की तस्करी कर पटना, पंजाब और अन्य राज्यों में सप्लाई करते थे। एसटीएफ के नारकोटिक सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि हरे रंग के डाला ऑटो से कछुआरा में मादक पदार्थ की बड़ी खेप लाई जा रही है। इस सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसमें सवार चारों तस्कर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान अफीम और नगद बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने एक ट्रक और गोदाम की छानबीन कर भारी मात्रा में डोडा, पॉपी हस्क और प्रोसेसिंग मशीन भी जब्त की। इस छापेमारी में पुलिस ने 40.178 किलो अफीम, 2.270 किलो पॉपी हस्क, 88.81 किलो डोडा पति चूर्ण, 6 लाख 62 हजार 900 रुपये नकद, 14 बैंक अकाउंट, लगभग 1.5 करोड़ रुपये के जमीन के कागजात, 40 लाख रुपये का फिक्स डिपॉजिट, दो बाइक, एक ऑटो और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके अलावा आरोपित मुकेश कुमार के घर से इलेक्ट्रॉनिक तराजू और अफीम सुखाने के लिए उपयोग की जाने वाली चार हॉर्स पावर की मिक्सिंग मशीन भी जब्त की गई है। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि यह गिरोह झारखंड से अफीम और डोडा मंगाकर पटना के गोदामों में प्रोसेस करता था और फिर इसे पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भेजता था। जांच में यह भी सामने आया है कि तस्कर फलों की आड़ में मारूफगंज मंडी से खेप लाते और आगे सप्लाई करते थे। पूछताछ में आरोपत मुकेश कुमार ने स्वीकार किया कि वह पिछले 10 वर्षों से अफीम की तस्करी कर रहा है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि गिरोह का एक ट्रक अफीम लेकर पंजाब के लिए रवाना हुआ था, जिसकी घेराबंदी की जा रही है।



# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा पनहर पेट्रोल पंप के पास हुआ, जब चार युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। बाइक अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में गिर गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। हादसे में वरदाहा गांव निवासी नायक बिंद का 23 वर्षीय पुत्र मंटू बिंद और स्वर्गीय जोगिंदर बिंद का 15 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार की मौत हो गई। वहीं जख्मी युवकों की पहचान राजबल्लभ बिंद का 18 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार और अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र निवासी लाल दास बिंद का 25 वर्षीय पुत्र मौकेंद्र कुमार के रूप में हुई है। दोनों का इलाज पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जख्मी मौकेंद्र कुमार ने बताया कि वह सूरत में कपड़े का कारोबार करता है। गुरुवार को वह सूरत से ससुराल आया था। इस्लामपुर स्टेशन पर उसने अपने साले को फोन कर बाइक मंगवाई। उसका साला तीन दोस्तों के साथ बाइक लेकर स्टेशन पहुंचा। इसके बाद सभी एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। थानाध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**दरभंगा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के मनीगाछी प्रखंड के उजान गांव में गुरुवार देर शाम अपराधियों ने एक सरकारी स्कूल के प्रभारी हेडमास्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान उजायन पंचायत के सोनपुर मधुपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर राजेश कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। वे मूल रूप से मधुबनी जिले के फुलपरास प्रखंड के रहने वाले थे। राजेश कुमार ठाकुर दो वर्ष पहले टीआरई-1 परीक्षा के तहत चयनित होकर बीपीएससी शिक्षक बने थे। हाल ही में उनका ट्रांसफर गृह प्रखंड फुलपरास हुआ था, लेकिन बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का अतिरिक्त प्रभार होने के कारण वे नए विद्यालय में ज्वॉइन नहीं कर पाए थे। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम राजेश स्कूल से ब्लॉक कार्यालय जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान घात लगाए बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। अपराधियों ने करीब से गोली चलाई, जो उनकी कमर में जा लगी। गंभीर रूप से घायल होकर वे सड़क किनारे गिर पड़े, लेकिन हिम्मत जुटाकर किसी तरह अपने साथी के घर तक पहुंचे और घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल पंडौल के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने डीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान राजेश की मौत हो गई। घटना की सूचना पर बेनीपुर एसडीपीओ आशुतोष कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है, हालांकि आशंका जताई जा रही है।

## पटना सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी, ईमेल से मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के सिविल कोर्ट को शुक्रवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। सूत्रों के अनुसार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भेजे गए ईमेल में लिखा गया है कि कोर्ट परिसर और जजों के चैंबर सहित चार जगहों पर आरडीएक्स-आईईडी लगाए गए हैं। धमकी में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का नाम लिया गया है और चेन्नई का भी जिक्र किया गया है। मेल में यह भी कहा गया कि "बिहार से मजदूरों को चेन्नई भेजना बंद करो।" सुरक्षा कारणों से जजों को निकाला गया बाहर धमकी मिलते ही कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और न्यायाधीशों को उनके चैंबर से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया।



# मंत्रियों ने किया बिहार पावर कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने पटना में बिहार पावर कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। यह आयोजन राज्य में अपनी तरह का पहला ऊर्जा सम्मेलन है। इसका उद्घाटन ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह, आईएएस तथा राहुल कुमार, आईएएस, प्रबंध निदेशक, एनबीपीडीसीएल एवं बीएसपीडीसीएल के द्वारा किया गया। बिहार पावर कॉन्क्लेव, आइइइएमए द्वारा विभिन्न राज्यों में शुरू किए गए स्टेट पावर कॉन्क्लेव श्रृंखला का पांचवां संस्करण है जिसका उद्देश्य राज्यों में व्यापारिक संभावनाओं को उजागर करना है। बिहार पावर कॉन्क्लेव में ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा हमने भविष्य में 24,000 मेगावाट थर्मल पावर में निवेश का निर्णय लिया है और नवीकरणीय ऊर्जा, विशेष रूप से सोलर पावर प्रोजेक्ट्स में काफी काम हो रहा है। पंप स्टोरेज तकनीक से बिहार को बहुत लाभ होगा। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बिहार की नई औद्योगिक नीति पर जोर देते हुए उद्योग जगत को निवेश के लिए आमंत्रित किया। यदि आप आंकड़ों को देखें तो हम सड़क, हवाई सेवा, बिजली, अर्थव्यवस्था आदि में कई राज्यों से आगे हैं। हमारे पास 15,000 एकड़ की लैंड बैंक है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि बिहार में निवेश करना अत्यंत लाभकारी होगा, जो हमारे प्रधानमंत्री के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के मंत्र पर आधारित है। मनोज कुमार सिंह ने कहा हमने ग्रिड सब स्टेशनों की संख्या में चार गुना वृद्धि देखी है, ट्रांसमिशन क्षमता 19 गुना बढ़ी है, औद्योगिक बिजली खपत में दस गुना और सर्किट नेटवर्क में छह गुना वृद्धि हुई है। बिहार में 74 लाख से अधिक प्रीपेड मीटर लगे हैं। औसत नेट टैरिफ लागत में 15% की कमी आई है। हम देश का एकमात्र राज्य हैं जिसे वित्त विभाग से अग्रिम ऊर्जा सब्सिडी मिल रही है और पिछले 12 वर्षों से हम ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में अपने संसाधनों से निवेश कर रहे हैं।

# आरबीआई ओम्बड्समैन ने किया वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय रिजर्व बैंक ओम्बड्समैन कार्यालय, पटना ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय लेन-देन से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक करना, आरबीआई ओम्बड्समैन योजना, 2021 की जानकारी प्रदान करना और उन्हें सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं, स्वचालित मुद्रा मशीन (एटीएम) धोखाधड़ी, प्रतिरूपण घोटालों तथा अन्य साइबर धोखाधड़ियों से बचाव के उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमार राजेश रंजन, मुख्य महाप्रबंधक एवं आरबीआई ओम्बड्समैन, बिहार ने की। इस अवसर पर उप ओम्बड्समैन प्रभाकर झा भी उपस्थित रहे। अपने विस्तृत संबोधन में राजेश रंजन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक बैंकिंग सेवाओं का एक महत्वपूर्ण वर्ग हैं और उनके लिए जागरूकता व सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि डिजिटल बैंकिंग की सुविधाओं का लाभ उठाते समय सावधानी और जानकारी सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। वरिष्ठ नागरिकों को चाहिए कि वे किसी भी संदिग्ध दूरभाष कॉल, संदेश या कड़ी (लिंक) पर विश्वास न करें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संबंधित बैंक से संपर्क करें। उन्होंने आगे बताया कि आरबीआई ओम्बड्समैन योजना, 2021 का उद्देश्य ग्राहकों की शिकायतों का सरल, सुलभ और त्वरित समाधान करना है। इसके अंतर्गत सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां और भुगतान प्रणाली प्रदाता सम्मिलित हैं। साथ ही श्री रंजन ने वरिष्ठ नागरिकों के हित में आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए विभिन्न निर्देशों पर भी प्रकाश डाला। इनमें बचत खातों पर न्यूनतम बैलेंस शुल्क में राहत, उच्चतर ब्याज दरों पर विशेष सावधि जमा योजनाएं, चेक बुक और पासबुक जैसी मूलभूत बैंकिंग सुविधाओं की निशुल्क उपलब्धता, घर तक बैंकिंग सेवाएं (डोरस्टेप बैंकिंग) तथा शिकायतों के निवारण हेतु प्राथमिकता के साथ निपटान जैसी व्यवस्थाएं सम्मिलित हैं।

# बम का इमेल मिलने के बाद पटना सिविल कोर्ट में दहशत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के जिला एवं सत्र न्यायालय में न्यायाधीश के कक्ष में एवं सिविल कोर्ट परिसर में बम रखे जाने की इमेल प्राप्त होने के बाद आज दहशत फैल गई और अदालती कामकाज बंद हो गया। इमेल प्राप्त होने के बाद पटना सिविल कोर्ट के प्रभारी निबंधक ने तत्काल पुलिस को सूचित किया एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव को सूचना देते हुए सुरक्षार्थ सिविल कोर्ट परिसर खाली करने का अनुरोध किया। साथ ही सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं आम जनों को भी सिविल कोर्ट परिसर से धीरे-धीरे बाहर निकाला गया। किसी भी व्यक्ति का प्रवेश परिसर में बंद कर दिया गया। भगदड़ और अफरा-तफरी का माहौल न बने इसलिए शांतिपूर्वक परिसर को खाली करने का पूरा प्रयास किया गया जिसे सफलतापूर्वक अंजाम भी दिया गया। वकीलों ने भी अपने बैठने की सभी जगह खाली कर दी और सिविल कोर्ट परिसर से बाहर चले गए। अदालती कामकाज पूरी तरह से बंद हो गया। इस बीच पटना पुलिस का बमनिरोधक दस्ता, श्वान दस्ता एवं वरीय पदाधिकारी तत्काल सिविल कोर्ट पहुंचे और चप्पे-चप्पे की तलाशी लेनी शुरू कर दी। भोजनावकाश तक पूरा सिविल कोर्ट परिसर खाली करा लिया गया और जांच की गई।

# टीम भावना और भाईचारे का जीवन मंत्र है खेल : महाप्रबंधक

## एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने उत्साहपूर्वक मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**पटना।** भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उनकी असाधारण उपलब्धियों ने भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाई जिसके कारण उन्हें 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। उक्त बातें महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कोवूर ने अपने संबोधन में कही। शुक्रवार को केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 'फिट इंडिया' मुहिम को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी, पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के पटना स्थित कार्यालय सह आवासीय परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कोवूर द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'फिट-इंडिया' की शपथ दिलाकर किया गया। श्री कोवूर ने आगे कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें मेजर ध्यानचंद जैसी महान विभूतियों के आदर्शों को याद दिलाता है। खेल केवल फिटनेस का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे का जीवन मंत्र है। इस अवसर पर मुख्यालय परिसर में भाषण, शतरंज और तेज चाल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पवन कुमार पांडेय ने किया। मौके पर सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# एलआइसी राष्ट्रीय खेल दिवस मनाएगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एलआइसी हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस मनाएगा। इस दौरान देश भर के विभिन्न एलआइसी कार्यालय कर्मचारियों को अपनी दिनचर्या में शारीरिक फिटनेस को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों का आयोजन करेंगे। इस समारोह के अन्तर्गत सभी एलआइसी कर्मचारी 29 अगस्त को फिट इंडिया फिटनेस का शपथ लिया। मुंबई में एलआईसी शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को बढ़ावा देने के लिए 30 अगस्त को फिट इंडिया वॉकथॉन का भी आयोजन करेगा।

# सीबीआई ने 30 साल पुराना मुकदमा वापस लिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की एक विशेष अदालत में लगभग 30 साल से लंबित एक मुकदमे को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने वापस ले लिया जिसके बाद अदालत ने 90 वर्षीय एक अभियुक्त को दोष मुक्त कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी की अदालत में यह मुकदमा वर्ष 1995 से लंबित था। इस मुकदमे की प्राथमिकी आर सी 01/ 1995 के रूप में 6 जनवरी 1995 को सीबीआई ने दर्ज की थी। इस मामले में तीन लोगों को अभियुक्त बनाया गया था जिनमें ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के एक विकास पदाधिकारी, एक प्लाइवुड फैक्ट्री के पार्टनर मनोहर शर्मा और एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म के पार्टनर को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। आरोप के अनुसार अभियुक्त ने जाली वाउचर के आधार पर बिना खरीद की गई मशीनों का अग्नि बीमा करवा कर बीमा कंपनी को लगभग 8 लाख 50 हजार रूपए का धोखाधड़ी पूर्वक नुकसान करने का प्रयास किया था। जांच के बाद सीबीआई ने इस मामले में 24 जुलाई 1995 को आरोप पत्र दाखिल किया था और एकमात्र अभियुक्त मनोहर शर्मा के खिलाफ 09 मार्च 1998 को भारतीय दंड विधान की धारा 420, 511 और 471 के तहत आरोपों का गठन किया गया था। आरोप पत्र में कुल 18 गवाह बनाए गए थे। सीबीआई ने 17 मार्च 2018 तक 13 गवाहों का बयान अदालत में कलमबंद करवाया था और 12 दस्तावेज भी प्रस्तुत किए थे, लेकिन फिर उसके बाद न तो कोई गवाह अपने पते पर मिल रहा था और न ही अभिलेख पर 12 दस्तावेज ही उपलब्ध थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश से अभिलेख को पुनर्स्थापित करने का आदेश प्राप्त हुआ था, लेकिन दस्तावेज प्राप्त नहीं हो सके। इसके बाद सीबीआई के अधिकारियों एवं अन्य सक्षम पदाधिकारियों की अनुशंसा के बाद भारत सरकार ने न्यायहित में इस मुकदमे को वापस लिए जाने का निर्णय लिया। भारत सरकार के निर्णय के बाद सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक भावना बिज ने 25 जून 2025 को भारत सरकार के आदेश के आलोक में अदालत में आवेदन दाखिल कर मुकदमा वापस लेने की अनुमति मांगी थी।

# रानी कमलापति, जबलपुर एवं सोगरिया (कोटा) से गया के लिए चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जबलपुर, रानी कमलापति एवं सोगरिया से गया के मध्य पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी संख्या 01661/01662 रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति स्पेशल-गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-गया पितृपक्ष स्पेशल रानी कमलापति से 07, 12 और 17 सितंबर, 2025 को 13.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.10 बजे डीडीयू रुकते हुए 09.30 बजे गया पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01662 गया-रानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल 10, 15 एवं 20 सितंबर, 2025 को गया से 14.15 बजे प्रस्थान कर 17.20 बजे डीडीयू रुकते हुए अगले दिन 10.45 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। गया और रानी कमलापति स्टेशन के बीच यह ट्रेन अनुग्रह नारायण रोड, डिहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, मैहर, कटनी, दमोह, सागर, बीना, गंज बसोदा एवं भोपाल स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 13 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

# महिलाओं की मेहनत को मिलेगी नई उड़ान

# नीतीश सरकार ने खोला अवसरों का द्वार : राजीव रंजन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की बैठक में महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के माध्यम से हर परिवार की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाएगा जिससे वे न सिर्फ आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि बिहार की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने 2005 में सत्ता संभालने के बाद से ही महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समाज सेवा के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। अब मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और भी मजबूत होगी। इस योजना के तहत सभी परिवारों की एक महिला को रोजगार प्रारंभ करने के लिए पहले चरण में 10 हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। राज्य के करीब 2 करोड़ 70 लाख परिवारों की एक-एक महिला को इस राशि की पहली किश्त दी जाएगी। सितंबर 2025 से ही यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके अलावा रोजगार शुरू करने के छह माह बाद मूल्यांकन कर महिलाओं को दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से लेकर शहर तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे जिससे उन्हें बाजार और पहचान दोनों मिल सके।

# मॉरिशस सरकार में मंत्री डॉ ज्योति जीतुन ने की डॉ संजय मयूख से मुलाकात



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मॉरिशस सरकार में वित्तीय सेवा एवं आर्थिक योजना मंत्री माननीय डॉ ज्योति जीतुन ने 'भाजपा को जानें' कार्यक्रम के तहत भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में बिहार विधान परिषद् में भाजपा के मुख्य सचेतक, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संजय मयूख से मुलाकात की और समसामयिक राजनीति पर विस्तृत चर्चा की। डॉ ज्योति जीतुन ने डॉ मयूख से भाजपा के मीडिया विभाग की कार्यप्रणाली को समझा और नए वैश्विक परिदृश्य में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को सराहा। डॉ जीतुन ने भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रोथ को विश्व के आर्थिक विकास की धुरी बताया। डॉ ज्योति जीतुन भोजपुरी बोलती हैं और मॉरिशस में प्रमुख हिंदू नेता के तौर पर उनकी पहचान है। उन्होंने बिहार की संस्कृति से जुड़ाव पर भी चर्चा की और कहा कि भारत-मॉरिशस का संबंध प्रगाढ़ है और मॉरिशस के विकास में बिहारी प्रवासियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# ओवरलोड वाहनों से दुर्घटना होने पर मालिक और चालक दोनों पर होगा मुकदमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में ओवरलोड वाहनों खासकर ऑटो जैसे छोटे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर ऑटो, बस जैसे किसी वाहन से ओवरलोडिंग की वजह से दुर्घटना होती है तो वाहन मालिक के अलावा चालक समेत अन्य के खिलाफ बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 105 समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इस धारा में न्यूनतम 10 वर्ष के कारावास का प्रावधान है। यह जानकारी एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी ने हाल के महीनों में हुई बड़े ऑटो हादसों का जिक्र करते हुए कहा कि 23 फरवरी को मसौढ़ी में हुए ऑटो हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह 29 मई को डुमरिया में 4, 31 जुलाई को आदर्श नगर में 3 और 23 अगस्त को दनियावां से आगे शाहजहांपुर के पास ऑटो हादसे में 9 महिलाओं की मौत हो गई थी। ये सभी हादसे ओवरलोडिंग के कारण हुई है। इन मामलों की जांच करके बीएनएस की धारा 105 के तहत मामला दर्ज करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जहानाबाद में कुछ दिन पहले स्कूल बस में छेद से गिरकर बच्चे की मौत होने का मामला सामने आया है, इस मामले में भी सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय खेल दिवस की भव्य शुरुआत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'एक घंटा, खेल के मैदान में' थीम के अंतर्गत मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में पहली बार दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अनवारूल हक अंसारी और अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी मो. जाबिर अंसारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक और विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ निखिल आनंद गिरि ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधीन सभी कॉलेजों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं जिनमें दौड़, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, लूडो आदि खेल प्रतियोगिताओं में सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कल कुलपति द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। अपने संबोधन में कुलसचिव प्रो अनवारूल हक़ अंसारी ने कहा कि आगे भी खेल और अन्य गतिविधियों का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाएगा। उन्होंने सभी को खेल दिवस पर शपथ भी दिलवाई। झाझा, जमुई से पधारे अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी मो जाबिर अंसारी ने संबोधन के अलावा युवा खिलाड़ियों को सेल्फ डिफेंस के करतब भी दिखाए।धन्यवाद ज्ञापन फारसी विभाग के प्रमुख डॉ मो जमशेद आलम ने किया। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी और अलग अलग संस्थानों से आए सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर इएसआइसी क्षेत्रीय कार्यालय ने किया खेलों का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इएसआइसी क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल दिवस समारोह के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन समारोह के साथ हुई जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा की गई। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में इएसआइसी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में बिहार के दौरे पर आए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से भारत सरकार के उप सचिव मदन चौरसिया, डॉ हिमांशु भूषण तथा अन्य अधिकारीगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद की जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों और प्रतिभागियों में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना, स्वास्थ्य के प्रति सजगता को प्रोत्साहित करना तथा कार्यस्थल पर टीम भावना एवं सकारात्मक ऊर्जा को विकसित करना रहा।

# अहंकार पर विजय पाना ही मार्दव धर्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जैन दस दिवसीय दसलक्षण पर्व के दूसरे दिन आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर, काली बीबी कटरा, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम मार्दव धर्म की पूजा की गयी। सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक एवं शान्तिधारा की गयी। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व सम्पन्न कराने प्रतिष्ठाचार्य पंडित मनीष जैन शास्त्री आये हैं जिनके सानिध्य में दसलक्षण पर्व की पूजा प्रारम्भ हुई है। साथ ही इस पूजा को संगीतमय बनाने फिरोजाबाद से संगीतकार सेंकी जैन अपने ग्रुप के साथ पधारे हैं। मंत्री ज्ञान पाटनी ने बताया कि यहां पर आज की शांतिधारा का सौभाग्य निर्मल बड़जात्या एवं मनोज बड़जात्या को प्राप्त हुआ। सोनू जैन ने बताया कि कमलदह मंदिर में सुनील छाबड़ा एवं अन्य द्वारा पर्यूषण पर्व की पूजा की जा रही है। वहीं बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मंत्री पराग जैन ने बताया कि कमिटी के अंतर्गत आनेवाले सभी तेरह क्षेत्रों के मंदिरों में भक्ति भाव से पर्यूषण के दूसरे दिन की पूजा हुई। एम पी जैन ने बताया कि दसलक्षण पर्व में मनुष्य की आत्मा के दस गुणों की पूजा की जाती है-जैन पर्यूषण पर्व में आत्मा के दस स्वभाव पर कैसे विजय पाया जाए इसी को बताया जाता है।

# ऑरेलिया ने अनन्या पांडे को बनाया ब्रांड एंबेसडर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत के सबसे पसंदीदा वीमेंस एथनिक वेयर ब्रांड ऑरेलिया ने बॉलीवुड की अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही ब्रांड ने अपना हाई-एनर्जी फेस्टिव कैंपेन हैसटैग हमेशा ट्रेंडिंग भी लॉन्च किया है जो आधुनिक भारतीय महिला के लिए तैयार किए गए नए फेस्टिव कलेक्शन को दर्शाता है। यह कलेक्शन पारंपरिक एथनिक वेयर को समकालीन अंदाज और ट्रेंडी डिजाइनों के साथ नए रूप में पेश करता है। इस साझेदारी के साथ ऑरेलिया ने एक ऐसे ब्रांड के रूप में अपनी पहचान को मजबूत किया है जो महिलाओं को हमेशा ट्रेंड में, स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर बनाए रखता है। अनन्या पांडे ने कहा मेरे लिए फैशन का मतलब है कॉन्फिडेंस और अपने स्टाइल को एंजॉय करना और ऑरेलिया इसमें परफेक्ट फिट बैठता है। मुझे इसका एथनिक वेयर बहुत पसंद है क्योंकि ये हमेशा फ्रेश, वाइब्रेंट और ऑन-ट्रेंड लगता है। त्योहारों और शादी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऑरेलिया ने हैसटैग हमेशा ट्रेंडिंग कैंपेन को लॉन्च किया है। ऑरेलिया का नया फेस्टिव कलेक्शन हर मौके के लिए परफेक्ट है।

# राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने की हरित विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा माह जुलाई, 2025 में राज्य में स्थित विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना अभिवर्धित करने एवं संबंधित विद्यालयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक हरित विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यालयों के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न क्षेत्रों यथा- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, उर्जा संरक्षण, इको-क्लब का संचालन, वृक्षारोपण, ग्रीन कवर क्षेत्र, सामाजिक दायित्व के तहत नदी, झील, पोखर, पार्क, ट्रैफिक गोलम्बर आदि का रख-रखाव, सामान्य साफ-सफाई, प्लास्टिक मुक्त परिसर, कागज का जगह ई.डायरी, ई. फाइल का उपयोग, ई.वेस्ट प्रबंधन, सोलर लाइट का उपयोग आदि पर अंक निर्धारित किए गये थे। स्वमूल्यांकन के आधार पर विद्यालयों द्वारा विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन किया जाना था जिसकी अंतिम तिथि 31.07.2025 थी। राज्य के 22 विद्यालयों द्वारा इस प्रतियोगिता हेतु आवेदन किया गया। 01 अगस्त से स्वमूल्यांकन के प्राप्तांक के आधार पर शीर्ष 10 विद्यालयों का सत्यापन राज्य पर्षद् की दो सदस्यीय दल द्वारा किया गया। सत्यापन के पश्चात निम्नांकित 5 विद्यालयों को पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, कंकड़बाग, पटना- प्रथम, देलही पब्लिक स्कूल, चांदमारी, दानापुर कैंट, पटना- द्वितीय, आर्मी पब्लिक स्कूल, दानापुर कैंट, पटना- तृतीय, सेंट माइकल्स हाई स्कूल, दीघा घाट, पटना- चतुर्थ, नोट्रेडेम एकेडमी, पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना- पंचम। हरित विद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शीर्ष 10 विद्यालयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों की विवरणी संलग्न की गई है।

# समस्याओं के त्वरित समाधान का डीएम ने पदाधिकारियों को दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा जिला जनता दरबार का आयोजन शुक्रवार को स्थानीय डीआरडीए सभागार में किया गया जिसमें उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व प्रशाखा, निदेशक डीआरडीए, जिला विकास पदाधिकारी, निदेशक, एनइपी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में कुल 100 व्यक्ति उपस्थित हुए जिन्हें विषयवार/विभागवार यथा-



राजस्व, विकास, विद्युत, लोक स्वास्थ्य एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं / शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिला पदाधिकारी रोहतास एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुए उनके परिवादों / समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया। लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरान्त ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदकों के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुये नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निर्देश के साथ संबधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा-सासाराम, बिक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑन लाइन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजीयन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया। ताकि आवेदनकर्ताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ आवेदकों के आवेदन पत्रों यथा ललन दास, ग्राम- चोरही, थाना - चेनारी, रामसुरेश सिंह, पिता- स्वर्गीय रामआशीष सिंह, ग्राम- महुआरी, पोस्ट - एघारा थाना-बघैला, पंकज कुमार, ग्राम-बडुआं, पोस्ट - मलवार, अंचल शिवसागर, नीतु देवी, पति-छोटन रामराम, ग्राम-पेनार, पंचायत - उतरी नोखा, जितेन्द्र कुमार, पिता- शमहेन्द्र गुप्ता, अर्जुन कुमार, पिता- महेन्द्र गुप्ता, ग्राम पोस्ट- तिलोखर, सच्चिदानन्द सिंह, पिता- स्वर्गीय जगदीश सिंह, ग्राम- भंवपोखार, पाना देवी, पिता-भाईलाल, ग्राम- लालगंज, जितेन्द्र पासवान, सोनू कुमार पिता-रवीन्द्र यादव, थाना-कोचस, रामाशीष कुशवाहा, सासाराम, कंचन देवी, पति- प्रमोद मिश्रा, सासाराम वार्ड नंबर- 9 तथा अन्य सभी आवेदकों के आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अविलंब समुचित कार्रवाई करने के आदेशों के साथ पृष्टांकित करते हुये भेजा गया।

## हॉकी जादूगर ध्यानचंद के स्मृति दिवस पर तिलौथू में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद्र के जन्म दिवस के अवसर पर तिलौथू के स्थानीय विद्या निकेतन विद्यालय में शुक्रवार को विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के भैया बहनों द्वारा कबड्डी, गणित दौड़, मेहंदी, शारीरिक नियंत्रण, सूई-धागा, रस्सा कस्सी, बॉल थ्रो, ट्रॉफी दौड़, मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी खेलों का आयोजन 4 समूहों में आयोजित कराया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रही। विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाध्यापक प्रियेश कुमार ने बताया कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस के मौके पर विद्यालय परिवार प्रत्येक वर्ष खेल दिवस के रूप में मनाता है। विभिन्न खेलों में विजेता प्रतिभागियों को पदक से सम्मानित करते हुए विद्यालय के निदेशक ने कहा कि हम सभी को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी के जीवनी से काफी कुछ सिखना चाहिए कि देश की गरिमा और गौरव सबसे पहले होती है, उसके बाद व्यक्ति होता है।

## होमगार्ड जवानों को ड्यूटी देने के नाम पर उगाही बर्दाश्त नहीं : स्नेही सोनल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास व कैमूर जिले के गृह रक्षा वाहिनी के कमाडेंट व अग्निशमन पदाधिकारी स्नेही सोनल ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि होमगार्ड जवानों की नियुक्ति तय मानक के अनुसार हुआ है। इन्हें विशेष कमांडों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्हें हर परिस्थिति से निपटने को तैयार किया जायेगा। नवनियुक्त गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को कमांडों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। अग्नि से बचाव को रोहतास व कैमूर जिलों में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि ड्यूटी देने के नाम पर उगाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। शिकायत मिलने पर एफआईआर कर जेल भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले



में गृह रक्षकों की स्वच्छ नामांकन की प्रक्रिया में सफल 589 अभ्यर्थियों के डेढ़ गुना औपबंधिक मेधा सूची को जिला के एनआईसी वेव साइट पर प्रकाशित कर दी गई है। प्रकाशित औपबंधिक सूची के विरुद्ध दावा आपत्ति आगामी 5 सितंबर तक यहां जिला समादेष्टा के कार्यालय अवधि में हाथों हाथ या इमेल आइडी सीओ. एचजी.रोहतास.. बीआईएचअगोव इन पर ली जायेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय के अलावा अन्य कोई कार्यालय में दी गई आपत्ति मान्य नहीं होगी। साथ ही युक्त निर्धारित तिथि को प्राप्त दावा आपत्ति पर जिला चयन समिति द्वारा किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोहतास व कैमूर जिलों में अग्निशमन और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और अभियान चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को अग्नि सुरक्षा के महत्व और आपातकालीन स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया करनी है, इसके बारे में शिक्षित करना है। इसके तहत लोगों को अग्नि सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है जिसमें आग बुझाने के तरीके, अग्निशमन उपकरणों का उपयोग और आपातकालीन निकासी की प्रक्रिया शामिल है।

## अपहृत शिक्षक के विद्यालय कपसिया पहुंचने पर हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** मध्य विद्यालय कपसिया के अपहृत शिक्षक दिलीप कुमार की सकुशल विद्यालय वापसी पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके साथ ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच मिठाइयां बांटी गयी। बताते चलें कि विगत शुक्रवार को विद्यालय से घर लौटने के क्रम में शिक्षक का अपहरण कर लिया गया था जिन्हें रोहतास पुलिस कप्तान की तत्परता से चौबीस घंटे के भीतर ही उनको सकुशल बरामद कर लिया गया था। इससे शिक्षकों समेत इलाके के लोगों द्वारा राहत महसूस की गयी थी।

## केन्द्र सरकार किसानों के साथ नाइंसाफी कर रही : राजद सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारतमाला योजना में केंद्र सरकार किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा दिए बिना अधिग्रहण कर रही है। डिहरी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आए बक्सर के राजद सांसद सुधाकर सिंह ने राजद नेता अशोक भारद्वाज के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वाराणसी कोलकाता भारतमाला परियोजना व पटना सासाराम ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित भूमि पर बिना मुआवजा बनाई जा रही सड़क को ले किसान आंदोलन करेंगे। प्रभावित किसानो का पंचायत लगाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार



जुमलों की सरकार है। इनके शासन में किसानों की आमदनी दुगुना नहीं खर्चे दुगुना हो गए। किसानों की माली हालत और खराब हुई है। उनके बच्चे पलायन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास परियोजनाओं के नाम पर सरकार औने-पौने दामों पर किसानों की जमीन हड़प रही है जबकि भू-अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार चार गुना मुआवजे का प्रावधान है, लेकिन किसानों को 2010 की दर से मुआवजा देकर धोखा दिया जा रहा है। गत 25 अगस्त को पटना में प्रभावित शाहाबाद व मध्य बिहार के किसानों ने प्रदर्शन कर अपनी एकता का परिचय दिया है। मुख्य सचिव को किसानों की मांग से अवगत करा दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि जब तक किसानों की मांग पूरा नहीं होता है तब तक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। किसानों ने चेतावनी दी कि वे अपनी जमीन हर हाल में बचाएंगे जब तक उचित मुआवजा नहीं मिलेगा। हम अपनी जमीन नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण पर वर्तमान बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए। भारतमाला परियोजना व ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे में किसानों की जमीन का अधिग्रहण कानून सम्मत दर से हो। उन्होंने किसानों की खड़ी फसलों को उजाड़ने वाले अधिकारियों की गिरफ्तारी व मुआवजा की मांग किया है।

## खेलकूद से बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास : आनंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भिन्न-भिन्न खेलों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस भारत के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस का अवसर पर आयोजित होता है। कक्षा छठी से कक्षा 12वीं तक के करीब 150 बच्चों ने आज के इस खेल दिवस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें विभिन्न खेल जैसे कबड्डी, शतरंज, जूडो कराटे, गन शूटिंग का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागी बच्चों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया। इसके उपरांत खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के द्वारा मेडल से सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने खेल और शारीरिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यावश्यक बताया। उन्होंने आर एस के पब्लिक स्कूल के सह शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय में इनडोर आउटडोर गेम्स पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिससे विद्यार्थियों का चारित्रिक निर्माण होता है।

## खेल हमें टीम भावना, अनुशासन, मेहनत और संघर्ष का पाठ पढ़ाता है : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर फजलगंज स्टेडियम, सासाराम में खेल विभाग की ओर से भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप समाहर्ता नेहा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय, वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल तथा वरीय



उप समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा रोहतास विनय प्रताप भी मौजूद थे। खेल परिसर में पूरे वातावरण में खेल भावना और श्रद्धा का माहौल रहा। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ने कहा मेजर ध्यानचंद खेल जगत के सूर्य थे। उनके अनुशासन, मेहनत और समर्पण से हम सबको सीख लेनी चाहिए। खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। राष्ट्रीय खेल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि खेल केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन और चरित्र को भी मजबूत बनाते हैं। खेल हमें टीम भावना, अनुशासन, मेहनत और संघर्ष का पाठ पढ़ाते हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय में पारंपरिक खेलों के साथ आधुनिक खेलों को भी बच्चों को खेलाने का कार्य किया गया है तथा उन्हें बताया गया कि खेल हमारे मनोरंजन के लिए ही नहीं यह हमारे शारीरिक मानसिक और सामाजिक कौशलों का विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हैं। उन्हें यह भी बताया गया कि भारत में महान खिलाड़ियों को जन्म दिया उड़न परी के नाम से मशहूर पीटी उषा मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर मीराबाई चानू जैसे खिलाड़ियों ने भारत का नाम विश्व स्तर पर रोशन करने का कार्य किया। भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा खेल के सभी स्पर्धाओं के लिए प्रतिभाओं के चयन के लिए मशाल जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज खेलों को बढ़ावा देने हेतु सरकार के द्वारा नौकरियों में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए अवसर देने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिकाओं के द्वारा पारंपरिक खेलों को छात्राओं के साथ खेलने का कार्य किया गया। बच्चे अपनी शिक्षिका को खेलते हुए देखकर काफी खुश थे।

**कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code-822132
Email id:-nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1176/न0प0, दिनांक 28/08/2025

**प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना :–**

प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत चतुर्थ घटक अन्तर्गत आवेदकों के द्वारा ऑनलाईन फार्म विभिन्न प्रज्ञा केन्द्रों/इन्टरनेट कैफे आदि माध्यमों से समर्पित किया गया है।

उक्त के आलोक में संबंधित आवेदको को सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने के पश्चात सम्पूर्ण कागजातों की मूलप्रति/छायाप्रति संलग्न कर अब तक नगर परिषद कार्यालय में समर्पित नहीं किया गया है तो वे निश्चित रूप से दिनांक 31.08.2025 तक समर्पित कर दें अन्यथा उनके आवेदन को अपूर्ण मानते हुए अस्वीकृत करने की कार्रवाई किया जा सकता है, जिसके लिए वह स्वंय जिम्मेवार होंगे।

**विषय अति–महत्वपूर्ण।**

प्रशासक,
नगर परिषद्, विश्रामपुर

PR.NO.360758 District(25-26):D

## एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा, रफ्तार पकड़ चुका है विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड के अवखारा स्थित किसान कॉलेज परिसर में शुक्रवार को चैनपुर विधानसभा क्षेत्र का इंडिया कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। मंच का संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय तथा मंच का संचालन जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने किया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि गठबंधन के पांचों दलों की एकता की ताकत के आगे विपक्ष टिक नहीं सकता है। पूरे बिहार में एनडीए की आंधी चल रही है। आज जो युवा जिनका जन्म 2000 के बाद हुआ है, उन्होंने सिर्फ सड़क, सुविधाएं देखी हैं। उन्हें याद रखना



चाहिए कि इससे पहले जान की सुरक्षा नहीं थी। शाहाबाद का क्षेत्र नक्सलवाद की चपेट में था। सैकड़ों हत्याएं हो चुकी थीं। हाई कोर्ट ने उस शासन को जंगलराज की संज्ञा दी थी। नीतीश जी ने जब संभाला तब कानून का राज स्थापित हुआ। तब शांति हुई और विकास हुआ। आज फोर लेन, सिक्स लेन सड़कें बन रही हैं। पहले सड़कों में गड्ढा था या गड्ढे में सड़क थी, समझ में नहीं आता था। याद रखें कि 2012 में नीतीश जी ने कहा था कि बिजली की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वोट मांगने नहीं आएंगे। नीतीश जी के प्रयास से घर-घर बिजली जगमगा रही है और आज 125 यूनिट मुफ्त मिल रही है। देश में नीतीश जी अकेले नेता हैं, जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब देश के सर्वाधिक पढ़े-लिखे लोगों में से एक थे। इसलिए उन्हें संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी का अध्यक्ष बनाया गया। बाबा साहब का अनुसरण करते हुए तालीमी मरकज, टोला सेवक की नियुक्ति की गई ताकि दलित और अल्पसंख्यकों में शिक्षा का विस्तार और प्रगति हो। आज हर जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खुल गया है। मेडिकल कॉलेज भी खोले जा रहे हैं। हम बाबा साहब के सपने का समाज बना रहे हैं। याद कीजिए जब 2006 में पहली बार जब बिहार में पंचायत चुनाव में आरक्षण लागू हुआ तो बिहार के दलित और पिछड़े वर्गों के लोगों का सम्मान बढ़ा है।

**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी सेप्टिक टैंक मालिकों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, गढ़वा के क्षेत्रान्तर्गत उक्त टैंक से कार्य करने हेतु आपने सेप्टिक टैंकर का निबंधन नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय से कराना सुनिश्चित करें जिसका पंजीकरण शुल्क 25,000/– (पच्चीस हजार रुपये) है जिसका मान्य छः माह के लिए होगा। पुनः नवीकरण का शुल्क 25,000/– (पच्चीस हजार रुपये) होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 360704 (Urban Development)25-26*D

## हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड के केवढी आरआरएस इंटरनेशनल स्कूल शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाया गया जिसमें वक्ताओं ने मेजर ध्यानचंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रारंभ उनके तस्वीर पर फूल अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल के निदेशक धनंजय सिंह उर्फ नारद सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान देना चाहिए। इसके लिए स्कूल परिसर में प्रबंध भी किया गया है। इस अवसर पर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें खो-खो, रोलर कोस्टर रेस, बैटल ऑफ स्पीड, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी समेत कई खेल शामिल है। प्रतियोगिता में अव्वल स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के अन्नू सिंह, मुस्कान कुमारी, निशा कुमारी, ब्रजेश गुप्ता व रौनक कुमार ने सराहनीय भूमिका निभायी। मौके पर वीपी आनन्द समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

### मिडिल स्कूल जहानाबाद को मिला जिले में पहला स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत में अवस्थित मिडिल स्कूल जहानाबाद में राष्ट्रीय मेधा सह आय छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में सफल छात्रों तथा छात्राओं के बीच शुक्रवार को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। स्कूल के हेडमास्टर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष कुल 12 छात्रों व छात्राओं ने परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में कुल उत्तीर्ण 114 छात्रों में 58 छात्र कुदरा प्रखंड के हैं। मिडिल स्कूल जहानाबाद व सकरी के 12- 12 छात्रों ने सफलता हासिल की है। पिछले कई वर्षों से कुदरा प्रखंड के बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सफल छात्रों में प्रतिज्ञा सिंह, रोहित सिंह, आदित्य राज, ब्यूटी कुमारी, यूसुफु राइन, मोहम्मद जुनैद, सिद्दीकी मोहम्मद, हुसैन सिद्दीकी, कृष कुमार, अंगद कुमार, रितेश पाल, शुभम कुमार व ओमप्रकाश भारती शामिल है। उत्तीर्ण छात्रों को कक्षा नवमी से लेकर 12वीं तक प्रत्येक माह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जाती है। मौके पर शिक्षक मुमताज अली अंसारी, दीपक भारती, अलेंद्र तिवारी व संतोष पांडे समेत कई उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती हैं। (1) **ई.निविदा सं.:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–01–25–26, **कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के सभी सिविल, विद्युत, सिग्नल और दूरसंचार कार्यों के साथ–साथ पुनारख (सहित)–बाढ़ अथमलगोला, बख्तियारपुर (पूर्व) के बीच तीसरी लाइन और शेष चौथी लाइन का निर्माण और कमीशनिंग का कार्य, **अंकलित मूल्य (रू) :** 392,05,47,812.00, **निविदा प्रपत्र का लागत :** रूपये 0.00, **अग्रधन राशि (रू) :** 1,96,02,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 821 (आठ सौ इक्कीस दिन), **प्री–बीड कॉन्फ्रेंस के लिए तिथि एवं समय :** 03.09.2025 at 12:15 Hrs., **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 08.10.2025 at 12:15 hrs., सी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईटः **http://www.ireps.gov.in,** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:**– निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के जारी काई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे। **मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0849/सीओएन/एस/एमएचएक्स/पीएटीएनए/ईएनजीजी/टी/25–26/44

**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम जनता एवं प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का संग्रहण अपने निवास स्थान के आस पास न फैलाये एवं ना ही रखे, साथ ही प्रतिष्ठानों को भी सूचित किया जा रहा है कि संबंधित भवन निर्माण के सामग्रियों का सही ढंग से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह का भवन निर्माण के सामग्रियों का निस्तारण हेतु नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय को अनिवार्य रुप से सूचित करें।

भवन निर्माण साग्रियों के निष्तारण की दर निम्नवत् सुनिश्चित हैं :–

1. बड़ा ट्रैक्टर द्वारा प्रति ट्रिप –500/–
2. छोटा ट्रैक्टर द्वारा प्रति ट्रिप –400/–

सूचना के अवहेलना के आलोक में आपके विरुद्ध झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधि सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 360699 Urban Development (25-26)_D

## संक्षिप्त समाचार

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जाएगा जागरूक

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सहकारिता विभाग के विभागीय योजनाओं के प्रचार- प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसान सहकारी चौपाल का आयोजन किया जाना है। प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी राहुल रंजन ने बताया कि इसके लिए शिड्यूल जारी किया गया है। 30 अगस्त को पकरीबरावां प्रखण्ड की कोनन्दपुर एवं पोकसी पंचायत में नुक्कड़ नाटक का आयोजन होगा। 31 अगस्त को धेवधा, डुमरावां एवं पकरीबरावां उत्तरी, 1 सितंबर को पकरीबरावां दक्षिणी, उकौड़ा, बेलखुंडा, 2 सितंबर को ढोढा, धमौल एवं दत्तरौल, 3 सितंबर को गुलनी, एरुरी एवं बुधौली पंचायत में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया जाएगा। 4 सितंबर को कबला एवं जिउरी पंचायत में नुक्कड़ नाटक का आयोजन होगा।

### चार दिवसीय रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम आयोजित

**नारदीगंज,नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फाइलेरिया रोग की पहचान के लिए आयोजित चार दिवसीय रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम किया गया। यह आयोजित कार्यक्रम में पहली रात गुरुवार को फाइलेरिया रोग की पहचान हेतु पडरिया और सहजपुरा गांव में लोगों को रक्त संग्रह हुआ। इस कार्यक्रम में पड़रिया गांव में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार के अलावा लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार,विकास कुमार, अविनाश कुमार,सहजपुरा गांव में एलटी मुकुंद कुमार,एएनएम सुनीता कुमारी समेत अन्य की मौजदगी में हुआ। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया फाइलेरिया रोग की पहचान हेतू पड़रिया गांव के 110 लोगों का रक्त संग्रह किया गया। वही सहजपुरा गांव में 85 लोगों को रक्त संग्रह हुआ है। लोगों को फाइलेरिया रोग की पहचान के लिए रक्त का नमूना लिया गया है। यह कार्यक्रम आगामी 31 अगस्त तक चलेगा।



### पकरीबरावां में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 अगस्त को अधिक से अधिक कार्यकर्ता पटना के लिए रवाना होंगे। 1 सितंबर को वोटर अधिकार यात्रा में कार्यकताओं को शामिल होने का आह्वान किया गया है। बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष नवलेश कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह की उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, विजय सिंह, प्रमोद यादव, साधु यादव, रामाकांत सिंह, विशुनदेव यादव, शंभु सिंह, पंकज सिंह, विपिन कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### सीएचसी नारदीगंज में आशा के साथ बैठक

**नारदीगंज/नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शुक्रवार को आशा की बैठक हुई। यह बैठक दो चरण में आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने की। उन्होंने कहा आगामी परिवार नियोजन पखवाड़े शुरू होना है। परिवार नियोजन के लिए लोगों को जागरूक करना है। मासा सर्वे की समीक्षा, एफपीएलएमआईएस पर चर्चा, अश्विन पोर्टल पर प्रशिक्षण देने के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम भी होना है। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। आगामी 16 सितम्बर और 19 सितम्बर को होगा। मौके पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक कुमार ऋषभ,मंजीत कुमार,नरेन्द्र कुमार, के अलावा आशा फशीर्लेटर व आशा समेत अन्य चिकित्सक व कर्मी मौजूद रहे।



### खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवादा के हरिश्चंद्र स्टेडियम में जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता 2024-25 के तहत व-14 वर्ष के छात्रों के आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय,कौआकोल के छात्र उपविजेता का खिताब जीता। जिसके बाद राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर खिलाडि यों को सम्मानित किया गया। फुटबॉल खेल के जिला कोच एवं सीनियर रेफरी जवाहर पासवान ने इस अवसर पर मौजूद रहकर खिलाड़ियों को टिप्स दिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास एवं शारीरिक शिक्षक विजय कुमार सुमन ने खिलाड़ियों को मेडल एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक शीला कुमारी,रामजन्म पासवान,अभिषेक राज,राजकुमार साव,सूर्यकान्त प्रसार निराला,अशोक कुमार,सोनम कुमारी आदि मौजूद थे।



### बच्चे की नहर में डूबने से मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गिरियक थाना क्षेत्र के गुलजार बीघा गांव में गुरुवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां 6 वर्षीय कुणाल कुमार की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक धर्मेंद्र यादव का बेटा था। जानकारी के अनुसार, कुणाल शौच के लिए खेत गया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान ग्रामीणों को नहर में एक बच्चे का शव तैरता मिला। पहचान करने पर शव कुणाल का ही निकला। परिजन तुरंत उसे पावापुरी विम्स अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा विकास यादव ने बताया कि वह रोजाना की तरह खेत गया था, लेकिन हादसे का शिकार हो गया।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो जख्मी

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खुदागंज थाना क्षेत्र के पनहर पेट्रोल पंप के समय गुरुवार की देर रात अनियंत्रित होकर एक बाइक पानी भरे गड्ढे में जा गिरी । जिससे मौके पर ही एक किशोर सहित दो की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं सभी लोग एक ही बाइक पर सवार थे। मृतकों में खुदागंज थाना क्षेत्र के वरदाहा गांव निवासी नायक बिंद का 23 वर्षीय पुत्र मंटू बिंद और स्वर्गीय जोगिंदर बिंद का 15 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार है ।जबकि जख्मी राजबल्लभ बिंद का 18 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार और अरवल जिला के करपी थाना क्षेत्र निवासी लाल दास बिंद का 25 वर्षीय पुत्र मौकेंद्र कुमार है। जख्मी दोनों युवक का इलाज पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जख्मी मौकेंद्र ने बताया कि वह सूरत में कपड़ा का काम करता है । गुरुवार को सूरत से ससुराल आ रहा था इस्लामपुर स्टेशन पहुंचने पर उसने अपने साला को फोन कर बाइक लाने को कहा उसका साला अपने तीन अन्य साथियों के साथ बाइक पर आया । इसके बाद सभी इस पर बैठकर जा रहे थे इसी दौरान यह हादसा हुआ। थानाध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। एक ही बाइक पर सवार होने के कारण संतुलन खोने से यह हादसा हुआ है।

### खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को किया गया याद

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने उनकी तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने कहा कि हॉकी के जादूगर के नाम से मशहूर मेजर ध्यानचंद सिंह भारतीय हॉकी के शानदार खिलाड़ी व कप्तान रहे। भारत एवं विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में उनकी गिनती होती है। उन्हीं के याद में भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं का अलग अलग ग्रुप बनाकर खो-खो,कबड्डी,गोला फेंक एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक पवन सर,मिश्रा सर,सुमन सर आदि मौजूद रहे।



# पर्युषण महापर्व के दूसरे दिन जैनियों ने की 'मार्दव धर्म' की आराधना

**विनयशीलता के पथ पर अग्रसर करता है मार्दव धर्म : दीपक**

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दस दिवसीय आत्मशुद्धि का महापर्व पर्युषण के दूसरे दिन शुक्रवार को जैन धर्मावलंबियों ने दशलक्षण धर्म के द्वितीय स्वरूप 'उत्तम मार्दव धर्म' की विशेष आराधना की। इस अवसर पर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि नवादा स्थित श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर जैनियों ने प्रातःकालीन बेला में पंच परमेष्ठी स्वरूप जिनेंद्र प्रभु का श्रद्धापूर्वक पूरे विधि-विधान के अभिषेक एवं शांति धारा कर प्राणिमात्र के कल्याण की कामना की। विधिवत आयोजित आत्मशुद्धि के इस अनुष्ठान के दौरान जैनियों ने अष्टद्रव्य से दशलक्षण धर्म के द्वितीय स्वरूप 'उत्तम मार्दव धर्म' की विशेष आराधना की एवं अपने व्यवहारिक जीवन में विनयशीलता को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने 'उत्तम मार्दव धर्म' के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि 'मार्दव' का अर्थ विनम्रता है। अहंकार को तिलांजलि दे सहजता से हर परिस्थिति को स्वीकार करने की वृत्ति को ही 'उत्तम मार्दव धर्म' कहते हैं। उन्होंने कहा कि 'उत्तम मार्दव धर्म' दशलक्षण धर्म का दूसरा चरण है, जो आत्मा की कठोरता को पिघलाकर उसे कोमल बनाता है। यह धर्म आत्मा को 'मैं श्रेष्ठ' अथवा 'मैं ही सही' जैसी संकीर्णताओं से मुक्त करा कर विनयशीलता के पथ पर अग्रसर करता है। आत्मशुद्धि के आज के इस अनुष्ठान में लक्ष्मी जैन, श्रुति जैन, श्रेया जैन, खुशबू जैन, क्षेत्र प्रबंधक सहित जैन समाज के कई लोग शामिल थे। पंच परमेष्ठी भगवान की मंगल आरती के साथ दूसरे दिन के अनुष्ठान का समापन हुआ। उधर, नवादा स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भी शुक्रवार को जैनियों ने 'उत्तम मार्दव धर्म' की विशेष पूजा-अर्चना की।



# मजबूत बूथ संरचना व सतत जनसंवाद ही जीत की कुंजी : अजय कुमार

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सांगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के द्वारा किया गया। इस बैठक मे सभी कार्यकर्ताओ ने महागठबंधन के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता के प्रति अभद्र टिप्पणी करने पर काला बिल्ला लगाकर इसका विरोध जताया। इस बैठक के मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तराखंड के संगठन महामंत्री अजय कुमार क्षेत्रीय प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह,सह क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष सिंह,पूर्व विधायक अनिल सिंह, कन्हैया रजवार, नवादा जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह, नालंदा जिला प्रभारी संजय मुन्ना उपस्थित रहे। संगठनात्मक बैठक का संचालन जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। बैठक का शुभारंभ भारत माता,पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पं दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संगठन महामंत्री अजय कुमार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा बूथ स्तर पर पार्टी के पकड़ को और प्रभावी बनाना है । हम नवादा के पांच विधानसभा सीटों पर एनडीए का परचम लहराना है प्रभारी का काम का निगरानी करना है जिन मंडलों में पन्ना प्रमुख का कार्य नहीं हुआ है उन्हें पूरा करें हर बूथ पर जल्द से जल्द बना लेना है हर बूथ पर जो पांच प्रभावशाली व्यक्तियों का नाम चुना गया है उनका दायित्व की है कि बूथ मजबूती करने के लिए कार्य करें।

# मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर खेल महोत्सव का आयोजन



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हॉकी के जादूगर और महानतम खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर नारदीगंज प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सभड़ी में खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ। उत्सव की शुरूआत 9वीं और 10वीं कक्षा की छात्राओं के बीच कबड्डी के मुकाबले के साथ हुआ। तीन मैचों की श्रृंखला में 9वीं की छात्राओं ने 10वीं की छात्राओं को 3-0 से क्लीन स्वीप कर सबको हतप्रद कर दिया। विजेता 9वीं कक्षा की ओर से प्रीति कुमारी, रागिनी कुमारी और खुशबू ने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। कबड्डी के ही एक और मुकाबले में 9वीं कक्षा की छात्राओं ने सभड़ी मध्य विद्यालय की 8वीं कक्षा की छात्राओं के टीम को भी हरा दिया। इनडोर खेल के एक आयोजन में बालक - बालिकाओं के अलग-अलग टीमों के बीच कैरम प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जिसमें बालक वर्ग में नीतीश और राहुल और बालिका वर्ग में अंजली और मुस्कान की जोड़ी ने जीत का परचम लहराया। पूरे आयोजन में प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार के साथ शिक्षक संजय कुमार, श्रवण कुमार, आर्यन सागर, प्रदीप कुमार, शुभम पाठक, रजनीश चतुवेर्दी, प्रीति कुमारी और पूनम कुमारी भी सक्रिय रहे।

# जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं

**कई मामलों का ऑन स्पॉट हुआ समाधान**



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का ऑन स्पॉट समाधान किया। जनता दरबार में विद्युत, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड तथा राजस्व संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई का वहीं पर निपटारा कर दिया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई हेतु भेजा गया। आज की जनता दरबार में थाना-वारिसलीगंज, पंचायत-चकबाय, ग्राम-मीर विगहा के ग्रामीणों द्वारा पासवान टोला में विद्युत तार लगवाने के संबंध में, थाना-नवादा, पो0-ननौरा, ग्राम-खेमचन्द्र विगहा के मनोज कुमार यादव द्वारा जमाबंदी हटाने के संबंध में, प्रखंड-नारदीगंज, पंचायत-ननौरा, पो0-मसोढ़ा, ग्राम-वरियो के शैलेन्द्र कुमार द्वारा पशु शेड के संबंध में, अंचल-वारिसलीगंज, पो0-राजापुर सौर, ग्राम-राजापुर के बैजनाथ प्रसाद द्वारा भूमि विवाद के संबंध में तथा जिला-नवादा, थाना-रोह, पो0-मड़रा, ग्राम-रतोई के शिवेन्द्र कुमार द्वारा पदस्थापन में गड़बड़ी के संबंध में आवेदन दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कुछ आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन कराया तथा शेष को संबंधित पदाधिकारियों को निपटारा हेतु भेज दिया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और तत्परता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जन समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करना है। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लालबाग डुमरावां के चावल मिल परिसर में जीविका, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ समृद्धि जीविका महिला संकुल संघ की अध्यक्ष पिंकी देवी, सचिव आलोक देवी, पशु चिकित्सक, पशुधन प्रबंधक तथा विभिन्न प्रखंडों के जीविका प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। शिविर में जीविका एवं गैर-जीविका परिवारों द्वारा लाए गए पशुओं गाय, भैंस और बकरी का निःशुल्क इलाज किया गया। पशुओं के स्वास्थ्य की विस्तृत जाँच की गई, जिसमें गोबर की जाँच, खून की जाँच और अन्य प्राथमिक परीक्षण शामिल थे। साथ ही जरूरतमंद पशुओं को निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में पशु चिकित्सक डॉक्टर रौशन कुमार और डॉक्टर सुबोध कुमार ने पशुओं की जाँच की। वहीं जीविका जिला कार्यालय से पशुधन प्रबंधक राजीव कुमार, बिहार शरीफ प्रखंड प्रबंधक प्रकाश कुमार पासवान, जीविका स्वास्थ्य सहयोगी (एलएचएस) रजनीश कुमार , नीतू कुमारी और प्रेम कुमार इसके अलावा पशु सखी, सामुदायिक समन्वयक शंकर कुमार, विभा कुमारी, हेमंती कुमारी और धीरज कुमार ने भी शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई। जागरूकता शिविर किसानों और पशुपालकों के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं। पशुओं की समय-समय पर जाँच और उचित इलाज से उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ती है, जिससे दूध और मांस उत्पादन में सुधार होता है। साथ ही, बीमारियों की रोकथाम से पशुपालकों का आर्थिक नुकसान भी कम होता है। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित देखभाल और सही खानपान से पशुओं की सेहत बेहतर रहती है और इससे ग्रामीण परिवारों की आय में भी बढ़ोतरी होती है। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास किया गया। जीविका प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे आयोजन पशुपालकों को न केवल स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम भी हैं।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना सराहनीय कदम : मुकेश विद्यार्थी



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पारिवारिक आय बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना की घोषणा के बाद जदयू के जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए इसे महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2005 से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने ,उनके विकास के लिए कार्य करते आ रहे हैं।यह योजना बिहार की महिलाओं के विकास में मील का पत्थर साबित होगी मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की इस योजना के तहत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार प्रारंभ करने के लिए 10,000 रुपये की पहली किस्त आर्थिक सहायता के रूप में दी जाएगी। यह राशि सीधे लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि योजना के तहत इच्छुक महिलाओं से आवेदन प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी, और सितंबर 2025 से राशि का ट्रांसफर प्रारंभ कर दिया जाएगा। योजना का दूसरा चरण और भी महत्वाकांक्षी है, जिसमें रोजगार शुरू करने के 6 माह बाद मूल्यांकन कर महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता देने का प्रावधान किया गया है। जिलाध्यक्ष ने यह भी बताया कि योजना के अंतर्गत गाँवों से लेकर शहरों तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे, ताकि महिलाएं अपने उत्पादों को आसानी से बाजार में बेच सकें। इससे उन्हें व्यापार में स्थायित्व और प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि राज्य की महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि लोगों को रोजगार के लिए राज्य से बाहर पलायन करने की मजबूरी से भी छुटकारा मिलेगा।सरकार को उम्मीद है कि इस योजना से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार होगा और परिवार की कुल आय में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिलेगी।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलनी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलनी में शुक्रवार को मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं, युवतियों एवं महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउंडेशन मुम्बई द्वारा सीएसआर अंतर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखण्ड के 20 गांवों में संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील का कार्यान्वयन के लिए चयनित किया गया है। उसी के तहत यह कार्यक्रम कराया गया है। जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टर गौरव कुमार ने स्वच्छ सैनिटरी उत्पादों का उपयोग, उन्हें बार- बार बदलना, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने एवं निपटान के लिए उचित सुविधाओं तक पहुंच आदि की जानकारी दी। मासिक धर्म से संबंधित मिथकों एवं वर्जनाओं से दूर रहने की सलाह दी गई। मासिक धर्म को सम्मान और आत्मविश्वास के साथ प्रबंधित करने की सलाह दी गई। इस बीच सैनिटरी पैड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट गौतम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, प्रधानाध्यापक संजीव कुमार चौधरी, शिक्षक कुमार प्रशांत, कुमारी नीलम प्रभा, सिद्धांत शंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

## 24 घंटे के अंदर 49 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 28 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 03, साईबर अपराध में 02, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, मद्य निषेध में 03 एवं अन्य गिरफ्तारी 40 कुल 49 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 35 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-10 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 420 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 16 हजार 500 रूपया वसूला गया है।

# राघवेंद्र शर्मा के मामले में 31.12.1995 के बाद नियुक्त मूल कोटि के शिक्षकों हेतु संघ ने प्रमोशन की मांग की

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि विभागीय आदेश में रामाशीष तिवारी एवं अन्य बनाम बिहार सरकार एवं अन्य के संदर्भ में दिनांक 31.12.1995 के पूर्व नियुक्त उच्चतर योग्यताधारी अप्रशिक्षित शिक्षकों को वेतनमान (1200-2040) से वित्त विभाग ने वरीय वेतनमान देने से संबंधित है। नाहिद अंजर एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में वादीगण द्वारा उच्चतर योग्यताधारी अप्रशिक्षित शिक्षकों को रामाशीष तिवारी एवं अन्य बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा पारित आदेश के आलोक में नियुक्ति तिथि से मैट्रिक प्रशिक्षित वेतनमान की मांग की गई थी। माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में सुनवाई के पश्चात वादी के याचित बिंदु को निस्तारित किया गया है। विभाग द्वारा सुस्पष्ट निदेश दिया जा चुका है कि 05.09.1997 के उपरांत नियुक्त उच्च योग्यताधारी अप्रशिक्षित शिक्षक जिन्होंने शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा वर्ष 2004 में सम्मिलित होकर प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण हुए उन्हें दिनांक 05.09.1999 से दिनांक 30.09.2003 तक मैट्रिक प्रशिक्षित का वेतनमान वैचारिक तथा दिनांक 01.10.2003 से वित्तीय लाभ अनुमान होगी। बिहार प्रारंभिक विद्यालय नियुक्ति नियमावली 1991 के अंतर्गत उपरांत नियुक्त उच्चतर योग्यताधारी अप्रशिक्षित शिक्षक जिन्होंने शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा 2004 में सम्मिलित होकर प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण हुए उन्हें भी दिनांक 01.10.2003 से प्रशिक्षित वेतनमान अनुमान होगा।

## बिहारशरीफ में 5 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कार्यक्रम का उदघाटन डॉ. सुनील कुमार माननीय मंत्री, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, बिहार सरकार द्वारा किया जाएगा। साथ ही, सम्मानित अतिथि के रूप में श्रीमती रीना यादव, माननीय विधान पार्षद उपस्थित रहेंगी। बिहारशरीफ/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा श्रम कल्याण मैदान, बिहारशरीफ में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर दिनांक 30 अगस्त 25 से 03 सितम्बर 25 तक 5 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस चित्र प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य सरकार के 11 साल से चलाए जा रहे सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं को समाज के सभी तबकों से सम्बन्धित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

# आज राम बाबू हाई स्कूल, हिलसा में आयोजित होगा स्वर्वेद संदेश यात्रा का आध्यात्मिक कार्यक्रम






**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में संचालित राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा का भव्य आयोजन आज शहर के राम बाबू हाई स्कूल हिलसा मे होगी,यह यात्रा 29 जून को कश्मीर के श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा लहराकर शुभारम्भ हुई थी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की आत्मिक चेतना को जाग्रत करने के उद्देश्य से निकली यह यात्रा शनिवार को हिलसा शहर के राम बाबू हाई स्कूल से दिव्य संदेश के साथ शहर के खाखी चौक, डकबंगला, बरूणतल, सिनेमा मोड, बिहार रोड, सुर्य मंदिर समेत विभिन्न मार्गो से गुजरेगी.कार्यक्रम में सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज द्वारा जय स्वर्वेद कथा और ध्यान-साधना का अभ्यास कराया जाएगा।यह आयोजन आगामी 25 और 26 नवम्बर 2025 को वाराणसी में होने वाले 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त राष्ट्रव्यापी जनजागरण का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसका उद्देश्य है— जन-जन तक आत्मिक चेतना का संदेश पहुँचाना और स्वर्वेद जैसे दिव्य ज्ञानग्रंथ की अमृतधारा से जीवन को अभिसिंचित करना, कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं महाप्रसाद की भव्य व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

# मगध विश्वविद्यालय बनेगा उत्कृष्टता का केंद्र : शशि प्रताप शाही

## मगध विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सुधार और परीक्षा संचालन पर अहम फैसले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में शुक्रवार को शैक्षणिक सुधार और परीक्षा संचालन को सुदृढ़ बनाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने तय किया कि सभी परीक्षाएं और परिणाम अब समयबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाएंगे। इसके साथ ही कक्षाओं को आईसीटी-संपन्न बनाने और प्रज्ञा प्रयोगशालाओं के उन्नयन पर भी सहमति बनी। बैठक में आगामी सिंडिकेट बैठक के लिए प्रस्तावों पर चर्चा की गई और राजनीति शास्त्र विभाग में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार भी संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शैक्षणिक गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने कहा कि हमारा लक्ष्य मगध विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाना है। इस दिशा में हर स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं और सभी निर्णय समयबद्ध तरीके से लागू किए जाएंगे। इन निर्णयों के क्रियान्वयन के लिए एक समिति गठित की गई है। बैठक में मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. रहमत जहां, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. सिद्धनाथ प्रसाद यादव दीन, शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, विधि संकायाध्यक्ष डॉ. डी.एन. मिश्र, वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. सुरेश साह, प्रबंधन संकायाध्यक्ष डॉ. आनंद प्रकाश, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. रविशंकर जमुआर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पार्थ प्रतिम दास और आमंत्रित सदस्य डॉ. विनोद कुमार झा उपस्थित रहे।

# एमयू श्रम एवं समाज कल्याण विभाग की नई प्रभारी बनीं डॉ. वंदना कुमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ। 1984 के बाद पहली बार श्रम एवं समाज कल्याण विभाग को स्थायी प्रभारी विभागाध्यक्ष मिला है। इस जिम्मेदारी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉ. वंदना कुमारी को नियुक्त किया है। श्रम एवं समाज कल्याण विभाग औद्योगिक संबंध, श्रमिक अधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध और अध्ययन के लिए जाना जाता है। यह विभाग विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक समझ भी प्रदान करता है जिससे वे रोजगार और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकें। डॉ. वंदना कुमारी के नेतृत्व में विभाग से नई ऊर्जा और दिशा की उम्मीद की जा रही है। पदभार ग्रहण के अवसर पर निवर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो. आर.एस. जमुआर ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. भारत भूषण, अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. कुमारी दीपा रानी, डॉ. इमरान आलम, डॉ. अब्दुल हनान, मनोविज्ञान विभाग की डॉ. मीनाक्षी, संस्कृत विभाग की डॉ. ममता मेहरा और डॉ. एकता वर्मा, समाजशास्त्र विभाग की डॉ. प्रियम शर्मा और डॉ. कविता कुमारी तथा राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम खान भी मौजूद रहे और उन्होंने डॉ. वंदना कुमारी को शुभकामनाएं दीं।

# महिला से दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपित फरार

## बेटी ने खोला राज, पत्थर से चेहरा कुचल खेत में फेंका शव, गांव में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव में गुरुवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। गांव के ही एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने महिला को ओझा-गुनी के बहाने अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसकी निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया जिसके कारण पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान मीणा देवी (पति- उदय मिस्त्री) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी संजय चौधरी (उम्र लगभग 40 वर्ष) ने महिला को यह कहकर अपने घर बुलाया कि वह पैर का दर्द दूर कर देगा। शराब के नशे में धुत आरोपी ने पहले महिला के साथ दुष्कर्म किया और फिर घर से करीब 200 मीटर दूर झाड़ियों में ले जाकर पत्थर से चेहरा कुचलकर हत्या कर दी। घटना रात करीब 11:30 बजे की बताई जाती है। मृतका की बेटी ने साहस दिखाते हुए पूरे मामले का खुलासा किया। उसने बताया कि आरोपी ने पहले उसकी मां से दुष्कर्म कर मुंह बांध दिया और बाद में हत्या कर दी। इतना ही नहीं विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट और बदतमीजी की। साथ ही मृतका की सास को भी घर पर जाकर पीटकर घायल कर दिया। हंगामा होने पर ग्रामीण जुटे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, आंती प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी और मुखिया संजय यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की।

# मगध विश्वविद्यालय में 'संस्कार सृजन' मंच का शुभारंभ, कुलपति ने किया प्रतीक चिह्न का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक, नैतिक और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार को 'संस्कार सृजन' मंच की स्थापना की गई। कुलपति की प्रेरणा और सुझाव पर गठित इस मंच का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने का है। शुभारंभ अवसर पर कुलपति डॉ एस पी शाही ने 'संस्कार सृजन' के प्रतीक चिह्न का विमोचन किया। इस प्रतीक चिह्न को डॉ. ममता मेहरा ने डिजाइन किया है जिसमें डॉ. वंदना कुमारी का रचनात्मक सहयोग रहा। इस मौके पर प्रो. सुशील कुमार और प्रधानाचार्य डॉ. एस. के. मिश्रा भी मौजूद रहे जिन्होंने मंच की सफलता की शुभकामनाएं दीं। मंच के तत्वावधान में 30 अगस्त 2025 को पहली बार तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा– कार्ड निर्माण प्रतियोगिता (विषयः शिक्षक दिवस), सुगम संगीत एकल गायन प्रतियोगिता और वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता। अब तक विभिन्न विभागों के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। संस्कार सृजन की आयोजन समिति में विश्वविद्यालय के कई विभागों के प्राध्यापक शामिल हैं। संयोजक की जिम्मेदारी डॉ. मीनाक्षी (मनोविज्ञान) को सौंपी गई है जबकि सह-संयोजक डॉ. ममता मेहरा (संस्कृत) और कोषाध्यक्ष डॉ. कविता कुमारी (समाजशास्त्र) होंगी। समिति में डॉ. एकता वर्मा (संस्कृत), डॉ. श्वेता गोयल (वाणिज्य), डॉ. वंदना कुमारी (श्रम एवं समाज कार्य), डॉ. वंदना कुमारी (समाजशास्त्र), डॉ. राजेश कुमार (श्रम एवं समाज कार्य), डॉ. जियाउल्लाह अनवर (उर्दू), डॉ. अंकुरवा सिन्हा (भौतिकी), डॉ. जनमेजय कुमार (प्राचीन इतिहास), राकेश कुमार (भूगोल), डॉ. पूनम सिंह (प्राणि विज्ञान), डॉ. दीपशिखा पाण्डेय (गृह विज्ञान) और डॉ. सचिन मन्दिलवार (इतिहास) भी शामिल हैं। कुलपति ने कहा कि यह मंच वर्षभर कला, साहित्य और संगीत से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन करेगा जिससे छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने और प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

# हत्या के प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के कोतवाली थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान फतेहगंज निवासी आलोक प्रसाद के तौर पर हुई है। पिछले एक महीने से फरार चल रहा था। पीड़ित ने 7 जुलाई 2025 को एक शख्स ने शिकायत दर्ज कराई थी। थाने में दिए आवेदन में कहा था जब अपने घर का दरवाजा बंद कर रहा था, तब आलोक कुमार अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मना करने पर आरोपी और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से हमला कर पीड़ित को घायल कर दिया। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर गया कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गया कॉलेज, गया में शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र, बरसर डा. रशीद नईम, डॉ. मार्कंडेय पांडे (पीटी आई) एवं अंजनी कुमार, वोकेशनल कोर्स के ओएसडी डॉ विनोद कुमार सिंह, नीरज कुमार द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया। प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन संघर्ष और उपलब्धियों से प्रेरणा लेने योग्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि खेलों से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और संघर्षशीलता का भाव भी विकसित होता है। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कुणाल कुमार ने प्रथम, विशाल कुमार ने द्वितीय और मोनू कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर मेडल एवं कप हासिल किया। 50 मीटर धीमी साइकिल रेस में खुशी कुमारी प्रथम, सिद्धि गुप्ता द्वितीय तथा अनीसा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। रस्साकशी प्रतियोगिता में प्राचार्य रामदेव प्रसाद, अनूप प्रसाद, मार्कंडेय पांडे, मो. रसीद, डा. अरविंद कुमार, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, अमरजीत कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. कमलेश प्रसाद सिंह तथा पिरामल फाउंडेशन के नीरज कुमार, अरविंद कुमार, मनीष कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित कई प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्ववर्ती खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया जिनमें अंतर महाविद्यालय मैराथन विजेता मुरारी प्रसाद यादव एवं 1971, 72 और 73 की मैराथन के विजेता एथलीट सुनील कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के संकल्प के साथ स्वस्थ भारत निर्माण की शपथ ली। अंजनी कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर संध्या में कॉलेज छात्रों द्वारा कैंडल मार्च निकाला जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में पीटीआई अंजनी कुमार, सौरव कुमार, एनएसएस स्वयंसेवक, तथा पिरामल फाउंडेशन से नीरज कुमार, अरविंद कुमार, मनीष कुमार, जितेंद्र श्रीवास्तव, उदित कुर्मी, मजहर रजा आदि का विशेष योगदान रहा।

# महाबोधि मंदिर कार्यालय परिसर में ड्रोन गिरने से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

गयाजी। जिले के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर कार्यालय परिसर में बुधवार दोपहर ड्रोन गिरने से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों में कुछ देर के लिए हड़कंप मचा गया। कर्मचारियों ने ड्रोन गिरते ही पहले तो सुरक्षा चूक की आशंका जताई और सकते में आ गए। हालांकि कुछ देर बाद स्थिति साफ हुई जब मंदिर के पुजारी और एक बौद्ध भिक्षु मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ड्रोन उन्हीं का है। वे इसे परिसर में उड़ा रहे थे जो तकनीकी चूक की वजह से गिर गया। हालांकि यह नियमों का खुला उल्लंघन था। मंदिर परिसर और उसके आसपास का क्षेत्र नोफ्लाइंग जोन है। इसके बावजूद ड्रोन उड़ाने की कोशिश की गई।

# राजस्व महा अभियान में 41.2 जमाबंदी पंजी का वितरण



**नवबिहार संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी अंचल में राजस्व महा अभियान के तहत सभी मौजा में 41.2 जमाबंदी पंजी का वितरण कर दिया गया। वहीं अंचल प्रशासन द्वारा अब तक 14 शिविर का आयोजन किया गया है। अंचलाधिकारी मयंक शेखर ने जानकारी देते हुए बताया कि टिकारी अंचल में कुल 64 हजार 434 जमाबंदी है जिनमें से 26 हजार 546 रैयत को जमाबंदी पत्र का वितरण कर दिया गया। शुक्रवार से सरकार के निर्देश पर सीएससी ऑपरेटर को शिविर में नियुक्त किया गया है। अब तक नौ ऑपरेटर की नियुक्ति की गई है। शिविर में काम करने के इच्छुक ऑपरेटर को अंचल कार्यालय में सम्पर्क करने की बात कही गई है। जानकारी हो कि अभियान को सफल बनाने में अंचल के सात राजस्व कर्मियों व तीन अमीन लगे हैं। अंचल के 24 हल्का के 157 मौजा में जमाबंदी पत्र बांटी जा रही है। 16 अगस्त से शुरू हुई महा अभियान आगामी 20 सितंबर तक किया जाएगा। अंचलाधिकारी श्री शेखर ने भूमि के वैध स्वामी को जमाबंदी पत्रक के साथ सुधार के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ जमा करने की अपील की है। महा अभियान के तहत लोगों का डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण, छूटी हुई जमाबंदी का ऑनलाइन किया जाएगा। अब तक 14 जगहों पर शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी के अनुसार अंचल क्षेत्र के 14 जगहों पर निर्धारित तिथि को शिविर का आयोजन किया गया व लोगों से जमीन के सुधार को लेकर आवेदन प्राप्त किये गये।

# पीएम के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना देश की जनता का अपमान : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार की धरती पर देश के गौरव, भारत की आन-बान-शान प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के खिलाफ अशोभनीय और मर्यादाहीन भाषा का प्रयोग करना न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भी विरुद्ध है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के द्वारा प्रधानमंत्री पर किए गए अमर्यादित टिप्पणियों से देशवासियों का मन आहत हुआ है। प्रधानमंत्री केवल भारतीय जनता पार्टी के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के प्रतिनिधि हैं। उन पर व्यक्तिगत और अपमानजनक टिप्पणी करना लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाना है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने शुक्रवार को इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की ओछी राजनीति बिहार की परंपरा और संस्कृति के अनुरूप नहीं है।

# गुरारू थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी का स्थानांतरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** अभी हाल ही गुरारू थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले अमरजीत चौधरी का औरंगाबाद जिला में स्थानांतरण हो गया वहीं इनके पूर्व थानाध्यक्ष चाहत कुमार का भी औरंगाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया। गौरतलब है कि जिला स्थानांतरण कमिटी द्वारा मगध रेंज अंतर्गत 101पुलिस अवर निरीक्षकों को एक दूसरे जिले में स्थानांतरित किया गया है। इसके तहत गुरारू के तत्कालीन पूर्व एवं वर्तमान थानाध्यक्ष को औरंगाबाद जिला में स्थानांतरण किया गया है।

# 13 दिनों से बिजली गुल, करमडीह गांव परेशान

## 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत के करमडीह गांव में बिजली संकट से लोग परेशान हैं। पिछले 13 दिनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है। गांव में लगे 63 केवीए के ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक लोड के कारण यह बार-बार खराब हो जाता है। इससे घरों में पंखे और लाइट बंद हो जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छोटे दुकानदारों का व्यवसाय और किसानों की खेती का काम भी ठप पड़ा है। मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। उन्होंने विद्युत कनीय अभियंता संजय चौधरी को समस्या से अवगत कराया है। सांसद अभय कुशवाहा से भी तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया गया है। राजेश मांझी, अखिलेश मांझी, जट्टू मांझी, सुनैना देवी और पनवा देवी सहित ग्रामीणों का कहना है कि विभाग इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। उनका मानना है कि यदि जल्द ही अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो स्थिति और खराब हो सकती है। विद्युत कनीय अभियंता संजय चौधरी ने समस्या को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि विभाग जल्द ही 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

# खेल दिवस पर कांग्रेस नेताओं ने की राज्य सरकार से गयाजी में बेहतर स्टेडियम निर्माण की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार की राजधानी पटना के बाद सूबे के सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण शहर गयाजी में एक बेहतर स्टेडियम निर्माण की मांग खेल दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार से की है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, एन एस यू आई के जिलाध्यक्ष नवनीत कुमार सिंह, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष युगल किशोर सिंह, शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विद्या शर्मा, पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम सेवक कुशवाहा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, युवा इंटक अध्यक्ष टिंकू गिरी, मोहम्मद अजहरुद्दीन आदि ने कहा कि गया में सन 1972 में तत्कालीन जिला अधिकारी द्वारा गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान में हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम का निर्माण कराया गया था जो आज पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो गई है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

सं०–25 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रिलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** निविदा सं०–08–डीडीयू–व०मं०इंजी०–III–25–26 वरीय मंडल इंजीनियर/III/डी०डी०यू० के अधीन डीडीयू यार्ड में ब्रिज नंबर 454, 735, 736 और 738 का पुनर्वास।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत** : रूपये 22232746.41, **(iii) धरोहर राशिः** रुपये 261200, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 19.09.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in**, नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल**
**पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/0848/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/32



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–डी.डी.यू/ईएल/जी./ई. निविदा/25–26/13, दिनांक :27.08.2025

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत /जी./ डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : डी.डी.यू/ईएल/जी/टी एल/2024– 25/01 ए, विषय–डीडीयू डिवीजन में सएसई/ई/टीएल/ गया के तहत 03 वर्षों के लिए सभी पावर कारों के 500 केवीए डीजी सेटों के एस्कॉर्टिंग, डीए सेट का संचालन, 'ए' चेक और विद्युत उपकरण के रखरखाव का कार्य करने के संबंध में (OEM)। कार्य करने की कुल लागत : ₹2,95,32,820.22 , निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 22.09.2025 15:00 Hrs ई–निविदा वेब साइट का विवरण : www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0858/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25–26/36



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 09/2025–26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 06.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 09.09.2025 (अपराह्न 02:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि | :– | दिनांक 09.09.2025 (अपराह्न 03:00 बजे से) |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | जिला परिषद कार्यालय, पलामू। |
| 6 | निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान | :– | जिला परिषद कार्यालय, पलामू। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 8 | कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | छतरपुर | मुरूमदाग | चिल्होकला | उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिल्होकला स्कूल के पास चापाकल निर्माण। | 398727.00 | 8000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| | पाटन | पचकेड़िया | पचकेड़िया | स्वास्थ्य केन्द्र के पास चापाकल निर्माण। | | | | |
| | नौडीहा बाजार | ललगाड़ा | कुहकुह | आंगनबाड़ी के पास चापाकल निर्माण। | | | | |

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 360765 District(25-26)#D



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीसी3-ई-नीलामी (15.09.2025 को खुली) दिनांक: 27.08.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, द्वितीय तल, कमरा संख्या 44, नियंत्रण भवन, डीआरएम भवन, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014, अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार हैं:- **नीलामी सूची सं. : एसडीएएच-पार्सल-46; बोली प्रणाली:** सामान्य नीलामी (सिंगल स्टेज); **नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय (सभी लॉट) :** 15.09.2025, 12:00 बजे; **प्रशासनिक इकाई/क्षेत्र :** सियालदह मंडल-वाणिज्यिक/पूर्व रेलवे; **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड:** 30 मिनट; **क्रमिक लॉट का मध्यांतर समय :** 10 मिनट; **ऑटो एक्सटेंशन ज़ोन:** 120 सेकंड; **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन:** 10 बार; **ऑटो एक्सटेंशन मीयाद :** 120 सेकंड; **सूची प्रकाशित तिथि:** 27.08.2025 को14:59 बजे; **विवरण:** एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेंट) में पार्सल स्पेस; **दर इकाई :** प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क; **न्यूनतम वृद्धि (%) :** 0.2; **ईएमडी : 10%; अनुक्रम सं.; लॉट सं. श्रेणी; ट्रिपस/दिन और समापन तिथि/समय** क्रमानुसार : **एए/1;** 12517-एसएलआर-आर1-केओएए-जीएचवाई-25-2 (पार्सल-एसएलआर) ;104; 15.09. 2025 को 12.30 बजे। **एए/2;** 12377-एसएलआर-आर1-एसडीएएच-एनओक्यू-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 12.40 बजे। **एए/3;** 13167-एसएलआर -आर1-केओएए-एजीसी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 12.50 बजे। **एए/4;** 13145-एसएलआर-आर1-केओएए-आरडीपी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 13.00 बजे। **एए/5;** 12313-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एनडीएलएस-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 13.10 बजे। **एए/6;** 13137-एसएलआर-एफ1-केओएए-एएमएच-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 13.20 बजे। **एए/7;** 15047-एसएलआर-एफ1-केओएए-जीकेपी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 417; 15.09.2025 को 13.30 बजे। **एए/8;** 13167-एसएलआर-एफ1-केओएए-एजीसी-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 13.40 बजे। **एए/9;** 12377-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एनओक्यू-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 13.50 बजे। **एए/10;** 12343-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एचडीबी-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 730; 15.09.2025 को 14.00 बजे। **एए/11;** 12379-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एएसआर-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 14.10 बजे। **एए/12;** 22317-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-जेएटी-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 104; 15.09.2025 को 14.20 बजे। **एए/13;** 22197-एसएलआर-एफ1-केओएए-वीजीएलजे-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 105; 15.09.2025 को 14.30 बजे। **एए/14;** 19414-एसएलआर-एफ1-केओएए-एडीआई-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 105; 15.09.2025 को 14.40 बजे। **एए/15;** 13175-एसएलआर-एफ1-एसडीएएच-एससीएल-25-2 (पार्सल-एसएलआर); 313; 15.09.2025 14.50 बजे। **एए/16;** 13163-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-एसएचसी-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 522; 15.09.2025 15.00 बजे। **एए/17;** 13105-एसएलआर-एफ2-एसडीएएच-बीयूआई-25-1 (पार्सल-एसएलआर); 313; 15.09.2025 15.10 बजे।

(SDAH-187/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# टैरिफ बम का असर शुरू...

भारत सरकार कुछ भी दावे करे लेकिन हकीकत यही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के दुष्प्रभाव होने शुरू हो गए हैं। इसके जवाब में भारतीय रणनीति क्या है, वह बनी भी है या नहीं या कब बनेगी, कितनी कारगर होगी, इन सवालों के जवाब अभी मिलने हैं। कुछ आशावादी लोगों का मानना है कि बढ़े टैरिफ का भारत पर 'मामूली असर' होगा और हम इसे झेल जाएंगे, लेकिन वाणिज्यिक क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय अर्थ व्यवस्था पर ये असर दूरगामी और उसे पीछे धकेलने वाले सिद्ध हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था वृद्धि दर घटाना शुरू कर दी है। वोंटोबेल में ईएम इक्विटीज के सह-प्रमुख राफेल लुएशर का कहना है कि उच्च टैरिफ भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव में आने वाली भारतीय कंपनियां भी निवेश संबंधी फैसले टाल सकती हैं, जिसका नकारात्मक असर नौकरियों पर पड़ सकता है। गौरतलब है कि तमाम कोशिशों के बाद भी भारतीय उत्पादों पर बुधवार से 50 फीसदी उच्च अमेरिकी टैरिफ लागू हो गया है। इससे 48.2 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। ट्रंप टैरिफ की वजह से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजारों में काफी महंगे हो जाएंगे, जिससे घरेलू निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा। इस चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार को बड़े स्तर पर प्रयास करने होंगे, अन्यथा न सिर्फ देश की जीडीपी पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने का लक्ष्य भी प्रभावित होगा। कपड़ा, जूते, आभूषण और ऑटो पार्ट्स उद्योगों में अगले 12 महीनों में 10-15 लाख नौकरियां जा सकती हैं। अकेले कपड़ा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा रोजगार प्रभावित होने की आशंका है। सूरत और मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग में भी एक लाख से ज्यादा नौकरियां जाने का खतरा है। भारत 12 अरब डॉलर का रत्न-आभूषण अमेरिका को निर्यात करता है। देश में नोएडा, सूरत और तिरपुर गारमेंट एक्सपोर्ट के बड़े केन्द्र है। ताजा खबर यह है कि अमेरिकी ऑर्डर के अभाव में कई यूनिटें या तो बंद कर दी गई हैं या फिर बंद होने की कगार पर हैं। भारत अमेरिका को 10.3 अरब डॉलर का कपड़ा निर्यात करता है। उच्च टैरिफ की वजह से भारतीय परिधान अमेरिकी बाजार में बांग्लादेश और वियतनाम (इन पर 20 फीसद टैरिफ) के मुकाबले महंगे हो जाएंगे। इससे टेक्सटाइल/परिधान निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाएगा। सवाल यह है कि अमेरिका की बदले की भावना से की गई कार्रवाई पर भारत सरकार क्या करने जा रही है? विशेषज्ञों की राय में कुछ उपाय तुरंत किए जा सकते हैं। जैसे कि अमेरिकी आयात (ऊर्जा, रक्षा और कृषि सामान) बढ़ाने की कोशिश, ताकि व्यापार घाटा कम हो और कूटनीतिक रास्ता खुले, प्रभावित निर्यातकों के लिए प्रोत्साहन मिले, नए एफटीए के जरिये बाजार का विविधीकरण, अमेरिकी कृषि, व्हिस्की, मेडिकल डिवाइस और ऊर्जा पर जवाबी टैरिफ लगाना। लेकिन यह उपाय इसलिए कारगर नहीं है, क्योंकि अमेरिका का भारत को निर्यात केवल 45 अरब डॉलर का है। वैसे भारत चाहे तो टैरिफ को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में चुनौती दे सकता है, लेकिन वहां कुछ होना मुश्किल है। यह तय है कि भारत अमेरिका के दबाव के आगे नहीं झुकेगा। झुकना चाहिए भी नहीं। लेकिन हमे वैकल्पिक उपायों पर भी गंभीरता से और तुरंत सोचना और उस पर अमल शुरू कर देना चाहिए। केवल बड़ी बड़ी बातों से कुछ नहीं होगा। क्योंकि आर्थिक और रोजगार के संकट राजनीतिक असंतोष में बदल सकते हैं। सरकार को इसे पूरी संवेदनशीलता और विवेक के साथ निपटना होगा।

# प्रशंसा भाव में सहज है सामाजिकता का प्रसार

**यदि किसी से मिलते जुलते यदि मन में आनंद का भाव आयें तो उस आदमी की तारीफ प्रशंसा जरूर करनी चाहिए। आजकल बड़ा मुश्किल है कि किसी से मिलकर आपको खुशी हों अक्सर लोग एक दूसरे को देखकर चौंकते हैं, परेशान होते हैं, बहुत बार बिना किसी कारण के ही दु:खी भी हो जाते हैं। इस दुनिया में हर आदमी इस बात से परेशान होता है कि वह कैसे प्रसन्न है, कोई आदमी अपनी वजहों से सुखी है, अच्छे से रह रहा है तो यह उसके लिए चाहे जैसा हो पर बहुतों के लिए यहीं बात परेशानी का कारण हो जाती है। कोई किसी और को खुश नहीं देखना चाहता पर स्वयं को जरूर खुश देखना चाहता है। अब आप इस तरह के लोगों से पूछिए कि आप केवल खुद को खुश देखना चाहते हैं तो यह कैसे संभव होगा यह तो तभी हो सकता जब औरों को भी खुश देखने की आदत हमें डालनी चाहिए। यह तभी हो सकता है जब हमें औरों की खुशी में खुशी हो यदि हम ऐसा नहीं कर सकते तो हमारी खुशियां कहां और कितनी देर टिकेगी, इसे भला किस तरह से देखा जाए, समझ नहीं आता।**

विवेक कुमार मिश्र



प्रशंसा करना आसान नहीं होता न ही कोई किसी की यूं ही प्रशंसा करता है। प्रशंसा करने के पीछे मनुष्य का मनुष्य के साथ लगाव होता है, उसका होना, उसकी बातें और उसका विशेष जब अच्छा लगता है तभी जाकर कोई किसी की प्रशंसा करने के लिए मन से तैयार होता है। जब हम किसी को उसके पूरेपन में देखते हैं, जब उसके पूरे अस्तित्व को स्वीकार करते हैं और फिर जब उसका मूल्यांकन करते हैं तो सहज ही प्रशंसा के शब्द निकल पड़ते हैं। प्रशंसा आयु वृद्धि का कारक भी होती है और आपको अच्छे से कार्य करने की सीख भी देती है। यदि किसी ने प्रशंसा की है तो उसे मुक्त कंठ से स्वीकार भी करें और कुछ ऐसा करें जो कीर्ति को विस्तारित करने का कारण भी बने। बहुत बार ऐसा भी होता है कि कोई प्रशंसा करता है और आप इस तरह से कहना शुरू कर देते हैं कि अरे मैं तो कुछ हूं ही नहीं तो यह हो सकता है कि आप की विनम्रता हो पर इस तरह से आप अपने ही स्वरूप को अपने व्यक्तित्व को खारिज कर रहे होते हैं। प्रशंसा को लेना चाहिए और स्वयं भी किसी की प्रशंसा करनी चाहिए। जब हम किसी की प्रशंसा करते हैं तो साफ है कि किसी न किसी गुण की प्रशंसा करते हैं, प्रशंसा मन को आह्लादित करती है , उर्जा प्रदान करती है और जीवन को सही ढ़ंग से संचालित करने के लिए प्रशंसा का भाव जरूरी हो जाता है। प्रशंसा जब करते हैं तो हमारी सामाजिकता का प्रसार होता है और इस क्रम में हमारा का सामाजिक व्यक्तिव निर्मित होता है। जब हमारे भीतर सामाजिकता होती है तब हम अपने आसपास की दुनिया को न केवल स्वीकार करते हैं, बल्कि एक दूसरे की प्रशंसा भी करते चलते हैं। यह स्वीकार करना ही एक तरह से प्रशंसा होती है। अपने से बहुत दूर किसी अन्य की जब स्वाभाविक रूप से प्रशंसा करते हैं तो हम उस व्यक्ति के गुणों को स्वीकार करने के कारण ही करते हैं।

प्रशंसा का भाव हमारे व्यक्तित्व को बड़ा बनाते हैं जब हम किसी की प्रशंसा करते हैं तो सीधी सी बात है कि उसे हम स्वीकार करते हैं, उसके द्वारा किया गया कार्य अच्छा लगता है तभी तो हम किसी की प्रशंसा कर सकते हैं और यह भी सत्य है कि जब हम किसी की प्रशंसा करते हैं तो उसे एक ऐसी स्वीकृति दे देते हैं कि वह आगे भी अच्छा से अच्छा कार्य करता रहे । प्रशंसा का भाव मूल्य संरचना है। यह एक सद्गुण की श्रेणी में आता है जब आप किसी की प्रशंसा में दो शब्द कहते हैं तो वह उस व्यक्ति को और भी बहुत कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। प्रशंसा एक बड़ी मूल्य संरचना हो सकती थी पर जब कोई भी कहीं भी किसी की प्रशंसा करता था तो उसे लोग-बाग ठीक से नहीं लेते अन्यथा ही ले लेते हैं। ऐसा निंदा के साथ नहीं होता, निंदा को निंदा के रूप में ही सब लेते हैं। जब कोई किसी की निंदा करता है तो वह आदमी सतर्क हो जाता है, कुछ भी ग़लत करने से पहले सौं बार सोचता है और उसमें सुधार की गुंजाइश हो जाती है। निंदा करते हुए सब मगन हो जाते हैं और एक तरह की तटस्थता निंदा के भाव में देखी जा सकती है। यह भी सत्य है कि निंदा करने वाले का कोई उद्देश्य नहीं होता वह तो स्वाभाविक रूप से निंदा करता है और निंदा सुनने में जो मगन हो जाते हैं वे एकदम से दार्शनिक अंदाज में होते हैं। बस मगन होकर निंदा को सुनता रहता है। इस दशा में वह अलौकिक रूप से प्रसन्न होता है।

जब भी कोई किसी की निंदा करता है तो तल्लीन होकर करता है, निंदा में इतना मगन हो जाता है कि उसे कुछ दिखाई नहीं देता। निंदा का भाव उसे दार्शनिक कोटि की तटस्थता दे देता है पर यहीं बात जब वह किसी की प्रशंसा करता तो नहीं कहीं जा सकती। अक्सर यह देखने सुनने में आता है कि प्रशंसा में कुछ न कुछ ग्रहण करने का भाव आ जाता है। आदमी जब किसी की प्रशंसा करता है तो यह सहज रूप से मान लिया जाता है कि वह जरूर किसी न किसी लाभ के फेर में होगा, यद्यपि ऐसा न भी हो तो भी किसी की प्रशंसा करने से हर कोई घबराता है परिचित की तो प्रशंसा करने का विषय ही नहीं होता। परिचय और प्रिय की प्रशंसा करने के लिए बड़ा कलेजा चाहिए जो कि होते हुए सामाजिक भय और संकोच के कारण जल्दी कोई इस हेतु अपने आप को प्रस्तुत नहीं करता। यहीं पर यह कहा जाना भी ठीक लगता है कि यदि आप किसी की भी प्रशंसा करते हैं तो एक सामाजिक मूल्य का भाव विकसित करने में मदद करते हैं पर साथ में तुच्छ लाभ का जो पद प्रशंसा से जुड़ा होता है वह किसी भी भले मानुष को जल्दी किसी की प्रशंसा करने नहीं देता । अक्सर लोग प्रशंसा करने वाले से दूर ही भागते हैं। बड़े लोग बड़े पद पर जो लोग आसीन होते हैं वे तो किसी भी प्रशंसा करने वाले आदमी को अपने आसपास फटकने नहीं देते यद्यपि उनकों प्रशंसक की जरूरत ज्यादा होती है और सामान्य सीधे साधे लोगों की कोई प्रशंसा करता ही नहीं। यदि कोई ग़लती से प्रशंसा कर भी दे तो हजार दुश्मन मुफ्त में मिल जाते हैं। पर इन सबके बावजूद सज्जन लोग एक दूसरे की प्रशंसा करते हैं और एक दूसरे के साथ उठते बैठते मिलते प्रसन्न हो जाते हैं। यदि किसी से मिलते जुलते यदि मन में आनंद का भाव आयें तो उस आदमी की तारीफ प्रशंसा जरूर करनी चाहिए। आजकल बड़ा मुश्किल है कि किसी से मिलकर आपको खुशी हों अक्सर लोग एक दूसरे को देखकर चौंकते हैं, परेशान होते हैं, बहुत बार बिना किसी कारण के ही दु:खी भी हो जाते हैं। इस दुनिया में हर आदमी इस बात से परेशान होता है कि वह कैसे प्रसन्न है , कोई आदमी अपनी वजहों से सुखी है, अच्छे से रह रहा है तो यह उसके लिए चाहे जैसा हो पर बहुतों के लिए यहीं बात परेशानी का कारण हो जाती है। कोई किसी और को खुश नहीं देखना चाहता पर स्वयं को जरूर खुश देखना चाहता है। अब आप इस तरह के लोगों से पूछिए कि आप केवल खुद को खुश देखना चाहते हैं तो यह कैसे संभव होगा यह तो तभी हो सकता जब औरों को भी खुश देखने की आदत हमें डालनी चाहिए। यह तभी हो सकता है जब हमें औरों की खुशी में खुशी हो यदि हम ऐसा नहीं कर सकते तो हमारी खुशियां कहां और कितनी देर टिकेगी, इसे भला किस तरह से देखा जाए, समझ नहीं आता।

अध्यात्म

## एक सत्संग ऐसी भी



एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के एक घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। सेठजी संत की हालत देख कर चुप-चाप वहाँ से निकल जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है कि तेरे किस्मत ही खराब है जो तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। तोता कहता है कोई बात नही सेठजी में सब समझ गया।

दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है।

सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया।

तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया। इस कहानी से तात्पर्य ये है कि हम सत्संग में तो जाते हैं ज्ञान की बाते करते हैं या सुनते भी हैं, पर हमारा मन हमेशा सांसारिक बातों में हीं उलझा रहता हैं। सत्संग में भी हम सिर्फ उन बातों को पसंद करते है जिसमे हमारा स्वार्थ सिद्ध होता हैं। जबकि सत्संग जाकर हमें सत्य को स्वीकार कर सभी बातों को महत्व देना चाहिये और जिस असत्य, झूठ और अहंकार को हम धारण किये हुए हैं उसे साहस के साथ मन से उतार कर सत्य को स्वीकार करना चाहिए।

# बिहार चुनाव में फिर शराब की गूंज

**तस्करों के नेटवर्क का विस्तार यूपी के ग्रामीण इलाकों से लेकर बड़े शहरों तक फैला हुआ है। वे अक्सर रेलवे लाइन, हाईवे और नदी तंत्र का इस्तेमाल करते हैं, जिससे ट्रांसपोर्ट आसान हो जाता है। हाल के महीनों में कोपागंज पुलिस और एसओजी टीम ने मऊ में 9 लाख की शराब जब्त की। वहीं, प्रतापगढ़-मथुरा के रास्ते हरियाणा से भी अवैध शराब बिहार भेजी जा रही थी, जिसमें लाखों की खेप पकड़ी गई। यूपी और बिहार की सीमाएँ लगभग 1,060 किलोमीटर लंबी हैं, जिसकी निगरानी बड़ी चुनौती है। यही वजह है मद्य निषेध इकाई को चुनावी सीजन में सक्रियता बढ़ानी पड़ गई है। जिसके चलते शराब की तस्करी के मामले तो पकड़े जा रहे हैं, लेकिन अभी भी बड़ी मात्रा में शराब बिहार पहुंच रही है।**

अजय कुमार



बिहार विधान सभा चुनाव की आहट जैसे-जैसे तेज होती जा रही है, वैसे-वैसे यूपी से बिहार के लिये अवैध शराब की तस्करी भी बढ़ने लगी है। इसी के साथ पक्की दारू पक्का वोट की पुरानी कहावत एक बार फिर बिहार में सुनाई देने लगी है। दरअसल, राज्य में लागू शराबबंदी के बावजूद शराब के प्रति लोगों की ललक और नेताओं की सियासी जरूरत दोनों ही शराब तस्करी को बढ़ावा देते हैं। खासकर चुनाव के वक्त, जब वोटों को साधने के लिए दारू एक बड़ा हथियार बन जाती है, तब तस्करी नेटवर्क और ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। इसी लिये उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल जैसी राज्यों से शराब की खेप बिहार पहुंचाई जाती है, जिसमें सबसे बड़ा योगदान यूपी का है। इस बार तो चुनावी मौसम की तैयारी में तस्करी नेटवर्क कुछ और ज्यादा रणनीतिक हो गया है। चंदौली, वाराणसी, बलिया, गाजीपुर, देवरिया, सोनभद्र, कुशीनगर समेत यूपी के सीमावर्ती जिलों से हर रोज शराब की खेप चोरी-छिपे बिहार पहुंच रही है। पुलिस की सख्ती और चेकिंग के बावजूद तस्कर नए-नए तरीके अपना रहे हैं। हाल ही में चंदौली पुलिस ने ट्रक की तलाशी में व्हाइट सीमेंट की बोरियों के पीछे छुपाकर रखी 720 पेटियां विदेशी शराब जब्त की, जिसकी कीमत 1.12 करोड़ रुपए थी। यह खेप पंजाब से तस्करी कर बिहार भेजी जा रही थी और चुनावी तैयारियों के लिहाज से इसे बांटा जाने वाला था।

तस्करों के नेटवर्क का विस्तार यूपी के ग्रामीण इलाकों से लेकर बड़े शहरों तक फैला हुआ है। वे अक्सर रेलवे लाइन, हाईवे और नदी तंत्र का इस्तेमाल करते हैं, जिससे ट्रांसपोर्ट आसान हो जाता है। हाल के महीनों में कोपागंज पुलिस और एसओजी टीम ने मऊ में 9 लाख की शराब जब्त की। वहीं, प्रतापगढ़-मथुरा के रास्ते हरियाणा से भी अवैध शराब बिहार भेजी जा रही थी, जिसमें लाखों की खेप पकड़ी गई। यूपी और बिहार की सीमाएँ लगभग 1,060 किलोमीटर लंबी हैं, जिसकी निगरानी बड़ी चुनौती है। यही वजह है मद्य निषेध इकाई को चुनावी सीजन में सक्रियता बढ़ानी पड़ गई है। जिसके चलते शराब की तस्करी के मामले तो पकड़े जा रहे हैं, लेकिन अभी भी बड़ी मात्रा में शराब बिहार पहुंच रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से मई 2025 तक बिहार में शराब तस्करी के 64 मामले सामने आए, जिनमें से 25 प्रतिशत खेप यूपी निर्मित विदेशी शराब की थी। प्रशासन ने यूपी-पंजाब समेत 8 राज्यों से सहयोग मांगा है और सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट बढ़ाने का फैसला किया है। आगामी चुनाव में बिहार के 23 सीमावर्ती जिलों में 390 से ज्यादा चेकपोस्ट बनाने की योजना है और ड्रोन, सीसीटीवी, हैंडहेल्ड स्कैनर से निगरानी कड़ी की जा रही है।

शराब की तस्करी के पीछे सिर्फ मुनाफा ही नहीं, बल्कि बड़े सियासी समीकरण भी काम करते हैं। चुनाव के समय नेताओं और बड़ी पार्टियों के लिए अवैध दारू का नेटवर्क वोटर जुटाने का सबसे आसान जरिया बन जाता है। हर बार की तरह पक्की दारू, पक्का वोट की ताकत इस बार भी बिहार में देखी जा सकती है, जिसमें तस्कर, कारोबारी और नेताओं की सांठगांठ से शराब की बोतलें मतदाताओं तक पहुंचती हैं। इसके बदले वोट का वादा लिया जाता है जो बिहार की सियासत का ध्यानाकर्षण बिंदु बना हुआ है। प्रशासन ने क्यूआर कोड, बैच नंबर जैसी तकनीकों से अवैध शराब की पहचान-पता करना शुरू कर दिया है ताकि तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश हो सके। कुल मिलाकर, बिहार के चुनाव में फिर दारू के साथ वोट का समीकरण चर्चा में है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद तस्करी के गिरोह तेजी से पैठ बना रहे हैं, जिससे राज्य सरकार को अपनी मद्य निषेध नीति सख्ती से लागू करनी होगी। चुनाव का मौसम जैसे-जैसे करीब आ रहा है, वैसे-वैसे शराब तस्करी का दौर और तेज होता जा रहा है और इस बार भी पक्की दारू पक्का वोट का ट्रेंड बिहार सियासत का बड़ा सच बन गया है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी के साथ विमर्श करने से आपकी कई समस्याओं का समाधान हो जायेगा। अनावश्यक बातों को तूल देने से बचें। आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में थोड़ी सावधानी रखें। आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमन्त्रण दे सकती है।

**मिथुन**
नयी कार्ययोजना बनाने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ सकता है। रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचे।

**कर्क**
आपके सामने करियर के अनेक विकल्प आयेंगे। आपकी जीवनशैली अत्यधिक अनुशासित रहेगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
नयी स्किल सीखने के लिये तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। आपका खोया हुआ आत्मविश्वास जागृत होगा।

**कन्या**
दिन की शुरुआत में काम की अधिकता रहेगी। कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा।

**तुला**
आज बिना माँगी सलाह देने के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। अपने जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। अनावश्यक विवादों से दूर रहें।

**वृश्चिक**
आज अपने काम को काफी परफेक्शन के साथ अन्जाम देंगे। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे। घर की साज-सजावट का अत्यधिक ध्यान रखेंगे।

**धनु**
व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ मिलेगा। निजी सम्बन्धों में रिश्तों के बीच बढ़ रही दूरियाँ दूर होंगी। अपनी योग्यता के अनुरूप काम करके आत्मसन्तुष्टि का अनुभव करेंगे।

**मकर**
परिजनों के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं। अपने क्रोध पर नियन्त्रण रखें। छोटी-छोटी बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया आपकी छवि के लिये नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है।

**कुंभ**
आज कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर लादने का प्रयास न करें। इसके कारण आपका मन खराब हो सकता है।

**मीन**
आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर की साज-सजावट में आप काफी ध्यान देंगे। प्रबन्धन सम्बन्धी कार्यों से जुड़े लोगों को बेहतरीन लाभ मिलेगा। पारिवारिक तनाव दूर होगा।

# अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने किया प्रदर्शन

## झंडा-बैनर के साथ निकाला गया जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला शाखा ने शुक्रवार को समाहरणालय के समक्ष प्रतिरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों झंडा बैनर के साथ शहर में जुलूस निकाला। जो समाहरणालय गेट पर सभा में तब्दील हो गई। अध्यक्षता उपाध्यक्ष रामदास ठाकुर ने किया। प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय ने घोषणा के सात महीने बाद भी आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी न करने पर गहरी नाराजगी जताई। राज्य कर्मियों के बढ़ते दबाव के चलते केन्द्र सरकार ने 16 जनवरी को आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी जिसकी अभी तक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। लेकिन केन्द्र सरकार ने ओपीएस की बजाय यूपीएस लागू करने का फैसला किया। जिसको केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों ने सिरे से नकारते हुए पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की है। कारपोरेट घरानों के लाखों करोड़ो रुपए के कर्ज और टैक्सों को माफ किया जा रहा है। जिसके चलते आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश के केवल एक प्रतिशत सबसे धनी व्यक्तियों के पास देश की कुल धन-दौलत का 40 प्रतिशत हिस्सा है और सबसे गरीब 50 प्रतिशत आबादी के पास करीब तीन प्रतिशत हिस्सा है। 29 सितंबर को आहूत आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रदर्शन सभा को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय, जिला मंत्री मोहन मुरारी के अतिरिक्त जिला उपाध्यक्ष शंकर मोची, अनिल कुमार गुप्ता, रामानंद सागर सुनील कुमार, अनुराग कुमार, सिकंदर कुमार, दिलीप मल्लिक, बिन्दु कुमारी, पल्लवी कुमारी, जितेन्द्र कुमार, कमल कुमार, विकास कुमार, गौतम कुमार, रिमझिम कुमारी, कामिनी कुमारी, किरण कुमारी, मनोज कुमार, मंजू कुमारी सहित दर्जनों कर्मियों ने किया। अंत में अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात प्रदर्शन सभा की कार्रवाई समाप्त की गई।

# नाबालिग छात्र की गला रेतकर हत्या

## मकई के खेत में मिला किशोर का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के खरहट गांव में शुक्रवार को गांव के पास ही एक 12 वर्षीय बच्चे का शव मकई के खेत में पड़ा मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी श्यामलाल यादव के पुत्र मनसुख के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मनसुख गुरुवार की शाम से ही रहस्यमय तरीके से लापता था। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार की सुबह परिजनों ने इसकी सूचना साहेबपुर कमाल थाना पुलिस को दी। मृतक के घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर एक मकई के खेत में छात्र मनसुख का शव पड़ा मिला। शव देखकर यह साफ हुआ कि उसकी गला रेतकर हत्या की गई है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि मनसुख का पहले अपहरण किया गया और फिर उसकी हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर

**डॉग स्कवॉड की मदद से पुलिस कर रही जांच**

एसपी मनीष, बलिया डीएसपी और साहेबपुर कमाल थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरूकर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।घटना के संबंध में एसपी मनीष ने फोन पर बातचीत में कहा कि आज सुबह परिजनों ने थाने में बच्चे के लापता होने की सूचना दी थी। कुछ ही देर बाद शव बरामद हुआ है। घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा करने के लिए फॉरेंसिक टीम और डग स्क्वायड को बुलाया गया है। अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैराथन दौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को खेल विभाग की ओर से खातोपुर से गांधी स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा श्याम सहनी कर रहे थे। इस मैराथन दौड़ में खेल विभाग के सभी प्रतिनियुक्त शिक्षक, विभिन्न विद्यालयों के बच्चे, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट, तायकांडों के खिलाड़ी, शहर के संभ्रांत लोग, खेलो इंडिया स्मल केन्द्र खो-खो, कबड्डी के खिलाड़ी और जागरूक नागरिक शामिल हुए। यह मैराथन दौड़ गांधी स्टेडियम बेगूसराय में आ कर समाप्त हुआ। गांधी स्टेडियम में मैराथन दौड़ में शामिल सभी लोगों ने हकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्याम सहनी ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। हम सब खेल के महत्व को समझें और लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। मैराथन दौड़ में शामिल खिलाड़ियों को खेल अधिकारी ने मेडल देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक अरविंद कुमार, ब्रजेश कुमार, मणिकांत कुमार, शशिकांत, अंशु कुमार, खेलो इंडिया स्मल केन्द्र के प्रशिक्षक रीति कुमारी, सीमा कुमारी आदि मौजूद रहें।

# मेजर ध्यानचंद की मनी जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के अपग्रेडेड स्कूल अकहा ररिऔना में मेजर ध्यान चंद की जयंती का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सरोज कुमार ने की। इनकी जयंती को यादगार बनाने हेतु विद्यालय प्रांगण में 51 पौधा शिक्षक और बच्चों ने मिलकर लगाया। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद को हाँकी का जादूगर कहा जाता है। जब वे हाँकी खेलने मैदान पर उतरते थे

**शिक्षक व छात्रों ने किया पौधारोपण**

तो बॉल हाँकी स्टीक में चिपक जाता था। ऐसा देखने से लगता था कि उनके स्टीक में चुम्बक लगा हो। बच्चों के बीच म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन कर उनकी जयंती को खेल दिवस के रूप में यादगार बनाया गया स यूथ क्लब के विद्यालय बालक वर्ग अनुशासन समिति के नामित शिक्षकों ने बच्चो को अनुशासित जीवन जीने के लिए मेजर ध्यान चंद की जीवन को अनुकरणीय बताया। विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने पर बल दिया स चेतना सत्र में व्यायाम,खेल के महत्व और स्वस्थ जीवन पर प्रेरक बाते बच्चों को सीखने के लिए गतिविधि करके सिखाया गया। इस आयोजन में सहायक शिक्षक अभिमन्यु कुमार पासवान, समर शिरीन, मनीष कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# अधिकारों की लड़ाई के लिए आएं आगे : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं, नेताओं, समर्थकों और मतदाताओं से अपील की है कि वे 30 अगस्त को आरा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हों। यह यात्रा जगदीशपुर नगर स्थित सवारथ साहू उच्च विद्यालय खेल मैदान से प्रातः 8:30 बजे विभिन्न छोटे-बड़े वाहनों के साथ प्रस्थान करेगी। विधायक ने कहा कि यह यात्रा हमारे अधिकारों की लड़ाई और जनजागरण का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम एवं सभा में देश एवं प्रदेश के कई दिग्गज नेता भाग लेंगे और आपसे संवाद करेंगे। उन्होंने सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नागरिकों से आग्रह किया है कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

# सभी विषयों में पीजी की पढ़ाई एबीवीपी की जीत : आलोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** एपीएसएम कलेज बरौनी में पीजी की पढ़ाई प्रारंभ करवाने के लिए एलएनएमयू छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार को कलेज के शिक्षकों ने सम्मानित किया। शुक्रवार को एपीएसएम कॉलेज में संस.त, दर्शनशास्त्र और प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, विषय में पीजी की पढ़ाई शुरूकरने के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने महाविद्यालय में पीजी की पढ़ाई



प्रारंभ करवाने की भूमिका निभाने के लिए आलोक कुमार को एवं कुलपति का आभार व्यक्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष और वरीय शिक्षक डां सुशील कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के इस निर्णय से इस क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों का पीजी करने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि इसमें विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष आलोक कुमार का विशेष योगदान रहा है। इस सम्मान समारोह के अवसर पर कलेज प्रशासन को धन्यवाद करते हुए छात्र संघ अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश हमेशा छात्र हित में कार्य करने की रही है। जब 2021 में महाविद्यालय में 11 विषयों की पढ़ाई प्रारंभ हुई थी। उस समय भी विद्यार्थी परिषद और छात्र संघ की पुरजोर कोशिश के बाद ही संभव हो सका था। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षक के उत्तर कर्मचारी सहित विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री प्रियांशु कुमार कलेज मंत्री अंकित कुमार कॉलेज उपाध्यक्ष अमन कुमार कोषाध्यक्ष स्वराज कुमार सौरभ कुमार जिला सोशल मीडिया प्रभारी विकास कुमार झा अनिकेत कुमार प्रिंस कुमार सहित दर्जनों छात्र एवं छात्र उपस्थित रहे।

# वोटर अधिकार यात्रा बिहार की राजनीति को देगी नई दिशा : मनीष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** कांग्रेस नेता मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में सत्ता जाने के डर से भाजपा गुंडागर्दी पर उतर आई है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में घुसकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार 'वोटर अधिकार यात्रा' से डरी हुई है। जनता अब राज्य के मंत्री और विधायक को हर जगह घेर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्षों के शासन में इन दलों ने

**30 को वोटर अधिकार यात्रा, राहुल तेजस्वी होंगे शामिल**

बिहार की जनता को दीमक की तरह खोखला कर दिया है। अब जनता 2025 में इन्हें सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह वोटर अधिकार यात्रा जनता के हक और अधिकार की लड़ाई है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा, तभी बिहार से भाजपा और एनडीए सरकार को उखाड़ फेंका जा सकेगा। उन्होंने आम जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं और इंडिया गठबंधन के नेताओं से आज शनिवार, 30 अगस्त को आरा में आयोजित यात्रा और सभा में शामिल होने का आग्रह किया। मनीष कुमार सिंह ने कहा कि इस यात्रा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित इंडिया गठबंधन के कई प्रमुख नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा बिहार की राजनीति में नई दिशा तय करेगी और लोगों को वास्तविक अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बिहार के पहले अंतरराष्ट्रीय अंपायर बने अरविंद अचल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** स्विट्जरलैंड में रहने वाले दरभंगा के अरविंद अचल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर बनकर एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपने मिथिला क्षेत्र और राज्य का नाम अंतरराष्ट्रीय अंपायरिंग के पटल पर अंकित कर दिया है। अभी हाल ही में यूरोप के उत्तर में बाल्टिक सागर के किनारे और रूस से सटे हुए एक सुंदर से देश एस्टोनिया की राजधानी टालिन में एस्टोनिया और स्विट्जरलैंड के बीच खेले गए तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अंपायरिंग करने के साथ ही अरविंद अचल बिहार में जन्मे पहले अंतरराष्ट्रीय अंपायर बन गए हैं। अरविंद दरभंगा के मिथिला विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के अवकाश प्राप्त विभाग अध्यक्ष डॉक्टर टुनटुन झा अचल के सुपुत्र हैं। दरभंगा में और फिर पटना के सायंस कॉलेज से अपने प्रारंभिक अध्ययन के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग और एमबीए किया और अभी वह स्विट्जरलैंड में कार्यरत हैं। अरविंद ने बताया कि बचपन से ही उनकी क्रिकेट में गहरी अभिरुचि रही है और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान 90 के दशक के उत्तरार्ध में उन्होंने अपने विश्वविद्यालय के लिए क्रिकेट भी खेला है। लगभग दो दशक पहले जब वह दिल्ली में कुछ वर्षों के लिए कार्यरत थे, उस दौरान वह ऑल इंडिया रेडियो पर क्रिकेट और अन्य खेलों से संबंधित कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया करते थे। क्रिकेट के प्रति इसी शौक के कारण उन्होंने कुछ समय पहले क्रिकेट स्विट्जरलैंड से संपर्क किया और जल्द ही क्रिकेट स्विट्जरलैंड और आईसीसी से संबद्ध अंपायरिंग की सभी योग्यताएं हासिल की। अपनी कड़ी मेहनत और अच्छे प्रदर्शन के कारण कुछ ही समय में उनकी गिनती स्विट्जरलैंड के सबसे अच्छे अंपायरों में होने लगी जिसके बाद क्रिकेट स्विट्जरलैंड ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अंपायरिंग करने के लिए चुना। अरविंद की यह उपलब्धि उनके परिवार और मिथिला क्षेत्र के साथ-साथ बिहार के लिए भी एक गौरव का विषय है।

## एक नजर

### नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर पंचायत के बेगमपुर से पुलिस ने एक नशेड़ी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी नीमाचांदपुरा थाने के चांदपुरा चितरंजन टोला का विजय सहनी का पुत्र मो बादल कुमार है। वह नशे की हालत में बेगमपुर में उत्पात कर रहा था। इसकी सूचना ग्रामीण ने पुलिस पदाधिकारी को दी। रात्रि गश्ती पदाधिकारी पुअनि पुनम कुमारी साहु सशस्त्र बल के साथ सूचना स्थल पर पहुंच कर हिरासत में ले लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया।

### मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जीडी कॉलेज में शुक्रवार को हॉकी के जादूगर कहलाने वाले मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेज परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके अद्वितीय योगदान को याद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेज के प्राचार्य ड चंद्रभूषण सिन्हा ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का नाम आते ही भारतीय हकी की स्वर्णिम गाथा स्मरण हो आती है। उन्होंने कहा कि ध्यानचंद केवल खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम के प्रतीक थे। जिस समय भारत गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। उस समय उनके हकी खेल ने पूरी दुनिया में भारत का परचम लहराया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल अफिसर ड सहर अफरोज ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ध्यानचंद के आदर्शों को आत्मसात कर खेल और शिक्षा दोनों में उत.ष्टता हासिल करें।उन्होंने कहा कि हकी को भारत में लोकप्रिय बनाने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान दिलाने का श्रेय मेजर ध्यानचंद को ही जाता है।इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज, खेल विभाग के प्रभारी डा. जिकरूल्ला, बर्सर डा. शशिकान्त पांडेय, डा. भूपेंद्र, डा. केतन, डा. राकेश रौशन, डा. कुंदन, डा. अरमान आनंद, डा. अभिषेक कुंदन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस उम्मीदवार से मिली स्क्रीनिंग कमिटी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में स्क्रीनिंग कमिटि के सदस्यों ने विधान सभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवारों से मुलाकत की। स्क्रीनिंग कमिटी में कुणाल चौधरी, प्रभारी शाहनवाज आलम, प्रयवेक्षक अमन सिद्दीकी शामिल थे। इस अवसर पर भारी संख्या में टिकटार्थियों और उनके समर्थकों की भीड़ कांग्रेस भवन में जुटी रही। इस दौरान एकमत से समर्थकों ने कहा कि टिकट माँगना हर किसी का लोकतांत्रिक अधिकार है। पर एक बार पार्टी जिसे सिंबल देगी हम सब मिलकर उस प्रत्याशी को जिताएँगे। महागठबंधन इस बार जिले की सातों सीट पर एनडीए का सुफरा साफ करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन, उपाध्यक्ष रामविलास सिंह, सुनील सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, धर्मराज सहनी, जिलापरिषद अमित कुमार,कमल किशोर पोद्दार, शशि शेखर राय, ब्रजेश प्रिंस, संजीव सिंह, संजीव कुमार, डा. गीता सिंह, राममूर्ति सिंह, आनंद कुमार, चंदन कुमार, राम पदारथ यादव, कुमार रत्नेश टुल्लू, सावर कुमार, सचिन कुमार, वीरू सिंह, कन्हैया सिंह, पप्पू सिंह, बोकु सिंह, नंदकिशोर सिंह, मोहित सिंह, रामानन्द सिंह, जयप्रकाश गुप्ता सहित सैकड़ो नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वोटर अधिकार यात्रा की तैयारी पूरी

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र वोटर अधिकार यात्रा की तैयारी में जुटा हुआ हुआ। राजद नेत्री सोनाली सिंह ने वोटर अधिकार यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी करने बात कही हैं। इस यात्रा के तहत 30 अगस्त को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी आरा पहुंचेंगे। बबुरा से लेकर आरा रमना मैदान स्थित वीर कुंवर सिंह स्टेडियम तक भव्य स्वागत किया जाएगा। सोनाली सिंह ने बताया कि स्वागत के लिए जगह-जगह तोरण द्वार, बैनर-पोस्टर और झंडे लगाए गए हैं। वहीं नेताओं का अभिनंदन जेसीबी से पुष्पवर्षा व फूल मालाओं से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी और तेजस्वी यादव जी वोट चोर गद्दी छोड़ो के नारे के साथ यात्रा निकाल रहे हैं और मौजूदा केंद्र सरकार की गलत नीतियों से जनता को अवगत करा रहे हैं। यह यात्रा 17 अगस्त से शुरू हुई है जो अब तक 1,300 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है और 1 सितंबर को पटना पहुंचेगी। सोनाली सिंह ने बताया कि बड़हरा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और युवा बबुरा होते हुए आरा पहुंचकर नेताओं का स्वागत करेंगे। इसके लिए बबुरा पुल, मखदुमपुर बाजार, जमालपुर बाजार, चंदा, कायमनगर और सकड्डी में स्वागत स्टॉल लगाए गए हैं।

### आवास सहायक पर बीडीओ की सख्ती

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना की धीमी प्रगति को लेकर जगदीशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) क्रांति कुमार ने सख्ती दिखाई है। बीडीओ ने हरिगांव, हेतमपुर एवं पूर्वी आयर पंचायतों के आवास सहायक राकेश कुमार पासवान को पत्र जारी कर जवाब-तलब किया है। बीडीओ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि स्वीकृत लाभुकों की तुलना में बहुत कम आवास पूरे हुए हैं। बार-बार निर्देश के बावजूद प्रगति संतोषजनक नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, हरिगांव पंचायत में स्वीकृत 6 आवासों में से मात्र 4 पूरे हुए हैं, जबकि दूसरी और तीसरी किस्त कई लाभुकों को नहीं मिल पाई है। हेतमपुर पंचायत में 32 में से 26 आवास पूरे हुए हैं, वहीं पूर्वी आयर पंचायत की स्थिति सबसे खराब है, जहां 10 स्वीकृत आवासों में से एक भी पूरा नहीं हो सका है। बीडीओ ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण नहीं दिया गया तो इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए वरीय अधिकारियों को अनुशंसा भेज दिया गया है।

# संस्कृत विश्वविद्यालय को मिले तीन प्रिंसिपल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के तीन अंगीभूत संस्कृत कालेजों में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित प्रिंसिपल की नियुक्ति कर दी गयी। शुक्रवार को कुलसचिव प्रो0 ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा जारी कार्यालय आदेश में सभी को कालेज भी आवंटित कर दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ निशिकांत ने बताया कि नियुक्त सभी प्रिंसिपल को कुलसचिव कार्यालय में पत्र जारी होने से तीन माह के भीतर अपना योगदान देने कहा गया है। इसी अवधि में उन्हें अपने अपने कालेजों का कार्यभार भी सम्भाल लेना है।

**सभी प्राचार्यों को कॉलेज किया गया आवंटित**

पत्र में स्पष्ट कर दिया गया है कि इनका कार्यकाल पांच वर्षों का होगा और इन्हें वेतन सुरक्षा का लाभ भी प्रदेय होगा। बता दें कि नवनियुक्त प्रिंसिपल प्रो0 नवीन कुमार अग्रवाल को महंत केशव संस्कृत कालेज, फतुहा, पटना, प्रो0 मिहिर प्रताप को नि0 के0 म0 संस्कृत कालेज, धानामठ, पटना एवं प्रो0 श्याम शंकर प्रसाद को वैजनाथ पांडेय आर्य संस्कृत कालेज, सीवान आवंटित किया गया है।

# बाढ़ सतर्कता हेतु तटबंधों की सतत निगरानी करें अधिकारी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता मेंउनके कार्यालय कक्ष में बाढ़ सतर्कता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बाढ़ से संबंधित गश्ती कार्य, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक उपायों को लेकर गठित समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संभावित बाढ़ स्थितियों से पूर्व-सतर्कता एवं समुचित तैयारी सुनिश्चित करना जिससे आपदा की स्थिति में न्यूनतम क्षति हो और आमजन को त्वरित राहत मिल सके। बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित विभागों



के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्ती करें, तटबंधों की स्थिति की सतत निगरानी करें तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता,बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल दरभंगा द्वारा बताया गया कि एकमी सिरनिया तटबंध पर भारी वाहनों का परिचालन रोकने हेतु बैरियर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल दरभंगा के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि बाँध के पक्कीकरण से सम्बंधित विस्तृत प्रस्ताव उपलब्ध करावें ताकि विभाग को प्रस्ताव भेजा जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी प्रणव राज, कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल दरभंगा आदि संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# स्नान के दौरान नदी में डूबे किशोर की मौत

## इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर अनुमंडल के तियर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवराढ़ गांव स्थित गोवर्धन पर्वत स्थान के पास छेर नदी में स्नान करने के दौरान गुरुवार को लापता हुए दसवीं कक्षा के छात्र का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक छात्र 15 वर्षीय अमित कुमार तिवारी, देवराढ़ गांव के वार्ड संख्या-5 निवासी आनंद तिवारी का इकलौता पुत्र था। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे वह अपने दोस्तों के साथ नदी में स्नान करने गया था, इसी दौरान गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही तियर थाना पुलिस ने

**जेसीबी और जाल की मदद से निकाला गया शव**

एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर खोज अभियान शुरू कराया, लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण सफलता नहीं मिल पाई।शुक्रवार को ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन और जाल की मदद से शव को स्नान स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर से खोज निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, आरा भेजा। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद उसी दिन छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दर्दनाक हादसे से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की मां अमिता देवी और दो छोटी बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया महेश ठाकुर और पैक्स अध्यक्ष सरोज यादव मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की। वहीं स्थानीय विधायक रामविशुन सिंह उर्फ लोहिया व युवा राजद नेता किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव ने भी शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### खिलाड़ियों को बीडीओ एवं मुखिया ने किया सम्मानित

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)** शुक्रवार को श्रीपुर पंचायत के स्थानीय मुखिया उदय सोनम जायसवाल के द्वारा खेल दिवस के मौके पर पंचायत के खिलाड़ियों को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में पंचायत के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया.। उक्त समारोह का आयोजन श्रीपुर स्थित सुधा डेयरी पर किया गया। मुख्य अथिति के रूप में अंचलाधिकारी आंनद कुमार ने सभी खिलाड़ियों को अंगवस्त्र (ड्रेस) देकर सम्मनित किया। अयोजकर्ता द्वारा सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य कामना की गयी। मौके पर उप मुखिया उदेश यादव,बबलू यादव, प्रमोद यादव,मदन शाह,सन्नी कुमार,पंचायत सचिव जय प्रकाश राम आदि गण्यमान लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता मधुरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में यात्रा का किया गया भव्य स्वागत।



**राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सहित महागठबंधन के नेताओं का काफिला गुरुवार की देर शाम शहर के छतौनी चौक पहुंचा। जहां कांग्रेस नेता मधुरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने काफिले में शामिल नेताओं का भव्य स्वागत किया। बताया गया कि उक्त स्थान पर जिन दूसरे नेताओं को स्वागत की जिम्मेदारी दी गई थी, वे सभी मौके से नदारद थे। वही उनके समर्थक भी गायब थे। जबकि मधुरेंद्र कुमार सिंह के हजारों समर्थक शीर्ष नेता के काफिले के इंतजार में स्वागत के लिए घंटों सड़क किनारे खड़े रहे। मौके पर आलोक चंद्र रंजन, शिव कुमार जायसवाल, रामशीष यादव, जनार्दन सहनी, रविंद्र गिरी, पप्पू सिंह, दुर्गा सहनी, विनोद कुमार सिंह, अरशद अंसारी, प्रमोद गिरी आदि उपस्थित थे।

### जनता के दरबार में 50 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 50 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता मोतिहारी मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा ' भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।जनता के दरबार कार्यक्रम मे अपर समाहर्ता के साथ यशवंत कुमार, सुश्री मंगला कुमारी, सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।



### लड़की के साथ रेप,आरोपी गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से शौच को निकली लड़की के साथ रेप के मामले में एफआईआर दर्ज की कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर लड़की के पिता ने शिकारपुर थाना के रूपवलिया गांव के एक लड़का पर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है।

### सम्मान समारोह का आयोजन आज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा के देवीगंज के खेल के मैदान में आज 30 अगस्त को सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरी के नेतृत्व में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी कर लु गई है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि ने बताया कि पूर्व मंत्री खुर्शीद आलम को रसगुल्ले से तौला जाएगा। उन्होने बताया कि सभा में बैठने की जगह उतम पेयजल विकलांग को सभा तक पुंचने के लिए व्हीलचेयर, चिकित्सा आदि की व्यवस्था भी की गई है। ताकि जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इस दौरान मनोज गिरी ने लोगों से सभा में पहुंचने की अपील भी की।

### पचरौता जंगल से 80 हजार का गांजा जब्त

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भांगहा पुलिस और 44 बटालियन के एसएसबी जवानों की संयुक्त कार्रवाई में पचरौता जंगल से पीलर संख्या 428/2 के समिप साइकिल से लेकर आ रहे 2 किलो गांजा को जब्त किया गया है। मौके से तस्कर फरार बताया जाता है। भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गांजा को जब्त कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

### अपहृता बरामद आरोपित गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड़ पुलिस ने प्रेम प्रसंग अपहत लड़की को उसके प्रेमी के साथ बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी नितिश दास को भी गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि मैनाटांड थाना के एक गांव से लड़की अपहरण के मामले में लड़की की मां ने नीतीश दास एंव इनके पिता जीउत दास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था।

### घर मे घुसे युवक को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के बैतापुर में गुरुवार की रात्रि एक घर मे गलत नियत से घुसे युवक को घरवालों ने पकड़कर पिटाई कर दी और उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया है। धराए युवक की पहचान बैतापुर गांव निवासी तबरेज आलम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवक रात्रि में एक घर मे घुसा हुआ था तभी घरवालों की नींद खुल गई और उसे पकड़ लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि युवक एक घर मे गलत नियत से घुसने का आरोप है। वह रात्रि में एक घर मे घुसा था इसी क्रम में घरवालों की नींद खुल गयी और उन्होने अन्य लोगो के सहयोग से उसे पकड़ लिया। बाद में युवक की पिटाई की है। उसके बाद उसे पुलिस को सौप दिया गया। उन्होने बताया कि मामले में एक महिला के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया गया है। महिला ने युवक पर गलत नियत से घर मे घुसने औऱ गलत हरकत करने का भी आरोप लगाई है।

### छठे दिन परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में टी.डी.सी. तृतीय खंड (पार्ट -3) की परीक्षा 21/08/2025 से आरंभ है । 29/08/2025 को परीक्षा के छठे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय,मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 933 परीक्षार्थियों ने और दूसरी पाली में 1223 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । प्रथम पाली में ग्रुप-सी, ऑनर्स विषय के अंतर्गत इतिहास, रसायन शास्त्र, संस्कृत और प्राचीन भारतीय इतिहास विषयों की परीक्षा हुई और दूसरी पाली में ग्रुप-डी, ऑनर्स विषय के अंतर्गत बॉटनी, गणित, राजनीति विज्ञान और उर्दू विषयों की परीक्षा हुई । परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।

### डीएम के जनता दरबार में कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार के निदेर्शानुसार आज समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में आमजन अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुँचे। वरीय पदाधिकारियों ने लोगों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आज आयोजित जनता दरबार में 70 मामले सामने आए। इनमें से कई मामलों का समाधान अधिकारियों की पहल पर मौके पर ही कर दिया गया। वहीं, जिन मामलों का तत्काल निपटारा संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया और स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी लंबित मामलों का समाधान शीघ्र नियमानुसार किया जाए।जनता दरबार में लोगों ने राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य सहित कई विभागों से जुड़ी अपनी शिकायतें रखीं। वरीय पदाधिकरियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया और कुछ मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उन्हें पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से हल करना है।

# वोटर अधिकार यात्रा में विपक्षी एकजुटता का बड़ा शो






**गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशिर्वाद ले शुरू की यात्रा**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बेतिया में वोटर अधिकार यात्रा की। कार्यकताओं ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। राहुल गांधी ने शहर के हरिवाटिका चौक पर स्थित महात्मा गांधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आर्शिवाद लिया। इसके बाद उनके साथ आये बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य समेत अन्य लोगो ने माल्यार्पण कर यात्रा की शुरूआत की। वोटर अधिकार यात्रा एक तरह से विपक्षी एकजुटता का बड़ा शो साबित हुआ। चनपटिया विधानसभा क्षेत्र के कुड़िया में बनाये गये टेंट सीटी में रात्रि विश्राम के बाद राहुल का काफिला हरिवाटिका चौक के लिए निकला। यहां टेट सीटी के समीप हीं स्थित होटल यमुना इनक के पास एमएलसी सौरभ कुमार ने राहुल एवं तेजस्वी को चांदी का मुकूट भेंट किया। इसके बाद काफिला हरिवाटिका चौक पहुचा। जहां पहले से हीं राजद कांग्रेस भाकपा माले समेत इंडी गठबंधन के नेता इंतजार कर रहे थे।यहां माल्यार्पण के बाद यात्रा की शुरूआत हुयी। यात्रा की शुरूआत सुबह के करीब 8.30 मीनट पर हुयी। हालाकि वोटर अधिकार यात्रा के तहत कांग्रेस नेता व लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के आगमन ने बेतिया शहर को जनसैलाब में बदल दिया। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के तमाम दिग्गज नेता मौजूद रहे। सुबह से ही टेंट सिटी और आसपास के इलाकों में हजारों की संख्या में लोग अपने नेताओं की एक झलक पाने को बेताब दिखाई दिए। वहीं यात्रा के दौरान हरिवाटिका से बसवरिया तक यात्रा रुट में सड़क किनारे जलसैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल बाजे हाथी घोड़ा के साथ सभी लोग सड़क किनारे नेता का इंतजार एवं एक झलक पाने के लिए बेताब थे। तेज धूप की परवाह किये बिना महिलाएं एवं नौजवान डटे रहे। पुरा इलाका राहुल तेजस्वी जिंदाबाद के नारे से गुंजायमान हो रहा था। तो एसआईआर को लेकर वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे भी लगते रहे। भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल और पदाधिकारी मुस्तैद थे। युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष इरशाद हुसैन अपने समर्थकों के साथ पूरे जोश में मोहर्रम चौक पर नजर आए। उनके हजारों की संख्या में समर्थक हाथों में पार्टी के झंडे लहराते हुए नारेबाजी कर रहे थे। हरिवाटिका चौक से जनता सिनेमा चौक तक जगह जगह विभिन्न दलों के नेता अपने सर्मथकों के साथ खड़े होकर अपने नेता का स्वागत अपने तरिके से कर रहे थे।यात्रा का काफिला जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे भीड़ का उत्साह भी बढ़ता गया। वाहनों की इतनी लंबी कतार थी कि इन सड़कों पर घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।बेतिया शहर में करीब तीन घंटे के यात्रा के बाद राहुल तेजस्वी नौतन की सीमा में प्रवेश कर गये। और वहां से गोपालगंज के लिए निकले।

## पीड़ितों को मिले त्वरित न्याय एवं सहायता : डीएम

**जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत गठित जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को पिछली बैठक से संबंधित अनुपालन से अवगत कराया गया तथा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।बैठक के दौरान प्राप्त आवंटन एवं व्यय, संगीन अपराध से प्रभावित पीड़ितों को भुगतान, पेंशन भुगतान, नियुक्ति की कार्रवाई तथा विशेष लोक अभियोजक के कार्यों की समीक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में हत्या के 04 मामलों में पीड़ित परिवारों को प्रथम किस्त का भुगतान कर दिया गया है। इसके अलावा कुल 43 पेंशनधारियों का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है। विगत बैठक से अब तक कुल 229 लाभुकों को प्रथम एवं द्वितीय किस्त के रूप में 1 करोड़ 59 लाख 47 हजार 800 रुपये का भुगतान किया गया है। नियम 15 (1) (घ) के तहत अब तक 06 मामलों में लाभुकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है, जबकि अन्य मामलों में नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शेष मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने विशेष लोक अभियोजक से लंबित केसों की प्रगति और अब तक की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में समिति के सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को रखा। इस पर जिला पदाधिकारी ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिवस पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है। इस अवसर पर खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में 29 अगस्त 2025 को पूर्वी चम्पारण जिले में पुरूष एवं महिला वर्ग में 03 कि.मी. मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसे माननीय सांसद पूर्वी चंपारण राधा मोहन सिंह एवं जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाया गया। मैराथन दौड़ गाँधी मूर्ति, समाहरणालय मोतिहारी के पास से शुरू किया गया एवं बलुआ ओभर ब्रिज के निचे से वापस होते हुए पुनः गाँधी मूर्ति समाहरणालय के पास समाप्त किया गया। मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों / विजेता को नगद पुरस्कार राशि दिया गया। साथ ही 01 से 10 तक के विजेता को प्रमाण पत्र के साथ मेडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर डॉ. लाल बाबु प्रासद, नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर सुश्री श्वेता भारती,जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा नित्यम गौरव,जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर सासंद राधामोहन सिंह ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का हौसला बुलंद करते हुए कहा कि हॉकी के जादुगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी का आज 120 वीं जयंति है।इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण, भारत सरकार के दिशा - निर्देश के आलोक में आज पूरे भारत वर्ष में हॉकी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगा।जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने खिलाड़ियों को को शुभकामना देते हुए कहा खिलाड़ियों को पूरी इच्छा शक्ति एवं ईमानदारी से नियमित अभ्यास करना चाहिए जिससे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला एवं राज्य का नाम रौशन हो सकें। इस मौके पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव, अरविन्द कुमार, जिला साईक्लिंग संघ के सचिव, सिदार्थ वर्मा, जिला तलवारबाजी संघ के सचिव अप्पु कुमार, तकनीकी पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार प्रसाद, भानुप्रकाश, अरूण गुप्ता, संजय कुमार वर्मा, ऋषि राज, विकास कुमार, रवि रंजन कुमार, रवि कुमार, मो0 मोबश्शिर रमेश कुमार, आशिफ आलम आदि मौजूद थे। इस प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार हैः- बालक वर्ग में विवके कुमार सुगौली - प्रथम संदीप पासवान ढ़ाका- द्वितीय, चांदसी कुमार सुगौली -तृतीय दिपलाल कुमार केसरिया- चतुर्थ मुखन कुमार चिरैया- पंचम, श्याम कुमार केसरिया- षष्ठम मोनु कुमार सिंह केसरिया- सप्तम, राकेश कुमार ठाकुर केसरिया- अष्ठम कृष्णा कुमार सुगौली- नवम मिथलेश कुमार सुगौली -दसम - बालिका वर्ग में कृति सिंह केसरिया -प्रथम काजल सिंह केसरिया- द्वितीय - पिहु कुमारी केसिरया -तृतीय खुशी कुमारी केसरिया- चतुर्थ सुहानी कुमारी केसरिया- पंचम सौम्या बढ़ई टोला - षष्ठम राधा कुमारी मोतिहारी - सप्तम - पल्लवी कुमारी केसरिया-अष्ठम जुही कुमारी रघुनाथपुर- नवम एवं अनु कुमारी मोतिहारी ने - दशम स्थान प्राप्त किया ।

## महात्मा गांधी केंद्रीय विवि ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शून्य-सहनशीलता नीति को सुदृढ़ किया

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो




**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम एवं सुरक्षित वातावरण निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करते हुए 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का समाधान' विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन चाणक्य परिसर में किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) एवं लैंगिक संवेदनशीलता प्रकोष्ठ (जीएससी) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसीसी की अध्यक्ष प्रो. शहाना मजूमदार के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित, सहयोगपूर्ण एवं समावेशी वातावरण उपलब्ध कराने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालय में सक्रिय आईसीसी एवं जीएससी की कार्यप्रणाली और गतिविधियों का परिचय कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लआपकी जागरूकता, संवेदनशीलता और साहस ही ऐसा भविष्य गढ़ेंगे जो भय और असमानता से मुक्त होगा। इसके उपरांत प्रबंधन अध्ययन विभागाध्यक्ष एवं लैंगिक संवेदनशीलता प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सपना सुगंधा ने लगभग 65 नवप्रवेशित स्नातकोत्तर छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने भारत में महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए छात्रों को निडर, आत्मनिर्भर और सजग बने रहने के लिए प्रेरित किया। वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न की घटना को नजरअंदाज करना या चुप रहना अन्याय को बढ़ावा देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सहपाठियों में होने वाले अनुचित व्यवहार की रिपोर्ट करने में भी जिम्मेदारी निभाएँ और सहानुभूति का वातावरण बनाएँ। कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रीति बजपाई, एसोसिएट प्रोफेसर, प्राणीशास्त्र विभाग एवं आईसीसी सदस्य के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ऐसे प्रयासों से भविष्य में महिलाएँ भय और असमानता से मुक्त होकर शिक्षा और करियर का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगी।

## विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के खिलाफ कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा के खिलाफ अब धीरे-धीरे कार्यकर्ता जहर उगलना शुरू कर दिया है वैसे तो कयी कार्यकर्ता हैं जो विरोध की भाषा एक दुसरे लोगो को शेयर करते हैं किन्तु सामने विरोध नहीं करते, स्थिति आज ऐसी हो गई है कि कुछ कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर बाहबाही लूट रहे है, पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने एक पोस्ट कर विधायक पर राजपूत विरोधी होने का दावा किया कि उनको बुथ अध्यक्ष पद से मुक्त कर दिया गया, पुराने भाजपा के कार्यकर्ता मूर्तियां निवासी पवन कुमार सिंह, बांका सिंह ने विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा पर आरोप लगाते हुए बताया है कि इनके कुछ लोगों के द्वारा आफिसों में पैसा वसूल करवाया जाता है, हालांकि विधायक पर राजपूत विरोधी होने का दावा संदेहपूर्ण है राजपूत विरादरी के लोगों पर पिछले चुनाव में पूर्व विधायक डाक्टर अजय कुमार सिंह को मदद करने का आरोप लगा, इसी आरोप प्रत्यारोप के मझधार में कुछ लोग राजनीति चमकाना चाहते हैं।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित यह तीन दिवसीय खेल उत्सव विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए खेलों के महत्व को रेखांकित करता है।कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे न केवल भारतीय हॉकी के प्रतीक थे, बल्कि उन्होंने खेलों के माध्यम से राष्ट्र को एकजुट करने का कार्य भी किया। उन्होंने कहा, ह्लराष्ट्रीय खेल दिवस हमें यह सिखाता है कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का प्रतीक है।ह्वप्रो. श्रीवास्तव ने छात्रों और शिक्षकों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शपथ भी दिलाई और युवाओं से शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। खेल महोत्सव में पीटो, रस्साकशी, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस और दौड़ सहित कई प्रतिस्पर्धात्मक खेलों का आयोजन किया गया है। सभी खेलों में विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं और प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमेश पात्र ने किया।



समारोह में विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त, स्पोर्ट्स बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. शिरीष मिश्रा, डॉ. सुनील दीपक घोडके, डॉ. अनुपम सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे। डॉ. शिरीष मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि यह आयोजन मेजर ध्यानचंद के योगदान को सम्मान देने के साथ-साथ विद्यार्थियों में खेलों के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाने का एक विशेष प्रयास है।

## कोषांगों के वरीय एवं नोडल अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल संचालन को लेकर जिला स्तर पर कुल 24 कोषांगों का गठन किया गया है। सभी कोषांगों के लिए वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी को नामित कर दिया गया है। इसके साथ-साथ नोडल पदाधिकारी के सहयोग के लिए अन्य अधिकारी एवं कर्मियों को भी चिन्हित कर दिया गया है। अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा को कार्मिक प्रबंधन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मतपत्र / पोस्टल बैलट कोषांग, बज्रगृह सह मतगणना कोषांग,सिंगल विंडो सेल एवं केंद्रीय पुलिस बल (सीपीएमफ) कोषांग का वरीय पदाधिकारी बनाया गया है। अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण (अउद्द पीजीआरओ)शैलेंद्र कुमार भारती को प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री सह मतदाता सूची विखंडन कोषांग, वाहन प्रबंधन कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, विधि व्यवस्था प्रबंधन कोषांग, कार्मिक कल्याण कोषांग, दिव्यांगजन मतदाता सुविधा (पी डब्लू डी वोटर्स)कोषांग, शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाइन कोषांग का वरीय पदाधिकारी नामित किया गया है। नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव को ईवीएम/ वीवीपैट प्रबंधन को कोषांग, अभ्यर्थी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, प्रेक्षक प्रबंधन कोषांग, कम्युनिकेशन प्लान एवं नियंत्रण कक्ष कोषांग तथा निर्वाचन कोषांग का वरीय पदाधिकारी बनाया गया है। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार को स्वीप कोषांग, मीडिया एवं सोशल मीडिया कोषांग, लाइव वेबकास्टिंग / वीडियोग्राफी/ एसएमएस डैशबोर्ड, ऑनलाइन मॉनिटरिंग डैशबोर्ड, कंप्यूटराइजेशन/ साइबर सिक्योरिटी और आईटी सेल तथा (डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान) सेल का वरीय पदाधिकारी बनाया गया है। सभी कोषांगों में अलग - अलग नोडल पदाधिकारी, उनके सहयोग के लिए अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को रखा गया है ताकि कार्यो को सुगमता पूर्वक सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके।

## पीएम की मां को गाली गलौज से कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं : सचिन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली देने की घटना की जितनी निंदा की जाय कम है। हालाकि इस घटनाक्रम से पार्टी का कोई लेना देना नही है। वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में बेतिया पहुंचे श्री पायलट ने पत्रकारों से बातचीत में उक्त बातें कही। कहा कि यात्रा निकालने के बाद किसी ने मंच पर चढ़कर यह हरकत की है। दरभंगा में हुयी घटना के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। सचिन पायलट ने कहा कि यात्रा के दौरान हजारों लोग रहते है।

# निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद : जिलाधिकारी




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ निष्पक्ष एवं भय रहित संपन्न कराने को लेकर आज मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में 455 सेक्टर पदाधिकारी एवं 455 पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने कार्य और दायित्वों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे। निर्वाचन के समय सेक्टर पदाधिकारी जिला प्रशासन की आंख एवं कान होते हैं।इस अवसर पर सेक्टर पदाधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सेक्टर पदाधिकारियों का कार्य केवल मतदान केंद्रों के भ्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें उन गांव, टोला और सेगमेंट की पहचान भी करनी है जहां मतदाताओं को मतदान से रोकने, डराने-धमकाने अथवा प्रलोभन देने का प्रयास किया जाता है। ऐसे संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए इसकी जानकारी तत्काल वरीय पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता को अनुचित दबाव डालकर मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जाता है तो इसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। ऐसे मामलों में सेक्टर पदाधिकारी को तुरंत रिपोर्ट करनी होगी ताकि विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी को ईवीएम एवं वीवीपैट का तकनीकी जानकारी रखनी होगी।इसके लिए सभी सेक्टर पदाधिकारियों को ईवीएम एवं वीवीपैट की हैंडस आन प्रशिक्षण दी जाएगी जिसमें। तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा मशीनों की कार्यप्रणाली, तकनीकी बारीकियों, संचालन विधि तथा संभावित समस्याओं के समाधान की जानकारी दीजाएगी। सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान की पूरी प्रक्रिया बीयू, सीयू, से लेकर मशीन का संचालन और वोटिंग की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा ' जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा विकसित सी - विजिल मोबाइल एप का प्रभावी उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस एप के माध्यम से आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन, धनबल अथवा बाहुबल के दुरुपयोग, अवैध बैनर - पोस्टर, शराब या अन्य प्रलोभन सामग्री वितरण जैसी गतिविधियों की सूचना तुरंत दर्ज करा सकते हैं। सेक्टर पदाधिकारी इन शिकायतों का भौतिक सत्यापन करेंगे तथा निर्धारित समय सीमा में रिपोर्टिंग सुनिश्चित करेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वी चंपारण जिला के सभी 12 विधानसभाओं के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सेक्टर पदाधिकारी के कार्यों एवं सभी छः अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान नगर आयुक्त के द्वारा भी सेक्टर पदाधिकारी को संबोधित किया गया।

# अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. आनंद कुमार

## जिला विधिज्ञ संघ परिसर में संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जदयू विधि प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद परिसर में अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पटना हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता डॉ. आनंद कुमार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष अमर कुमार, देवनारायण, संगीता कुमारी, महासचिव राजीव रंजन सिंह तथा रोहतास विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष उपेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीपी वृजा प्रसाद ने की और संचालन अधिवक्ता अमित कुमार ने किया। स्वागत समारोह में सभी अतिथियों को साल, बुके और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रबंधक अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव नागेंद्र सिंह, एपीपी इंद्रदेव यादव, अधिवक्ता इरशाद आलम, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता और एपीपी रामनरेश प्रसाद ने अधिवक्ताओं की समस्याओं और मांगों को अतिथियों के समक्ष रखा। अपने संबोधन में डॉ. आनंद कुमार ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के हित से जुड़ी मांगों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्पेशल पीपी और एपीपी की नियुक्ति की मांग जल्द ही पूरी होगी। उन्होंने जानकारी दी कि औरंगाबाद जिले के विधि प्रकोष्ठ की नई कार्यसमिति की घोषणा शीघ्र की जाएगी। डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि हमारे विकास पुरुष नीतीश कुमार अधिवक्ताओं के हित में लगातार काम कर रहे हैं। न्यायमित्रों की नियुक्ति और बड़ी संख्या में नोटरी पब्लिक की नियुक्ति इसका प्रमाण है। पटना वेलफ़ेयर कमेटी से अधिवक्ताओं के लिए दी जाने वाली राशि को महंगाई के अनुरूप बढ़ाने की मांग की गई है। महिला अधिवक्ताओं के लिए ई-लाइब्रेरी की सुविधा होगी और युवा अधिवक्ताओं के लिए विशेष कल्याणकारी योजनाएं लाई जाएंगी। अधिवक्ताओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ मजबूत करें और एनडीए सरकार की वापसी के लिए संकल्प लें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सत्ता में वापसी के बाद अधिवक्ताओं की सभी जायज़ मांगें पूरी की जाएंगी। इस अवसर पर औरंगाबाद के अधिकांश अधिवक्ता मौजूद थे। साथ ही सासाराम और डिहरी से भी बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन ने किया अलर्ट

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 29 अगस्त से 03 सितम्बर 2025 तक फल्गु नदी के कैचमेंट एरिया चतरा एवं हजारीबाग क्षेत्र में वर्षा की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। इसके आलोक में जिला प्रशासन ने जिलेवासियों को सतर्क करते हुए कहा है कि फल्गु नदी में तेजी से जलस्तर में वृद्धि की सम्भावना के मद्देनजर उदेरास्थान बराज का गेट खोला जा सकता है जिससे डाउन स्ट्रीम क्षेत्र में जल प्रवाह बहुत अधिक हो सकता है। इसके कारण फल्गु, भुतही तथा लोकाईन नदी के किनारे बहने वाले क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए अलर्ट में फल्गु नदी के किनारे या निचले इलाकों में रहने वाले सभी नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। जिला प्रशासन की ओर से यह भी निर्देश दिया गया है कि इस दौरान नदी के समीप अनावश्यक आवाजाही से बचें, बाढ़ की संभावना को देखते हुए पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करें तथा किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संपर्क करें।

## एक नजर

### पूर्व मुखिया के पुत्र का निधन

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद हसपुरा क्षेत्र के पंचायत ईटवां के भूतपूर्व मुखिया राजेन्द्र सिंह कुशवाहा के 36 वर्षीय सुपुत्र जितेंद्र कुमार वर्मा का अकास्मिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार जितेंद्र कुमार बिल्कुल स्वस्थ थे। सुबह नास्ता करके खेती का काम करने जा ही रहे थे कि अचानक दर्द शुरू हुआ परिजन इलाज के लिए बाहर जा रहे थे कि रास्ते मे मौत हो गई। मौत की सूचना ग्रामीणों को जैसे ही मिला गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मौत की सूचना मिलते ही गोह विधानसभा पूर्व विधायक डॉ रणविजय कुमार के बड़ा लड़का डॉ श्री कृष्णा सिंह, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह इटवां गांव पहुंचे और दाह संस्कार में शामिल हुए और परिजन को दुख की घड़ी में धैर्य रखने की ढांढस बंधाया। इनके साथ नारायणन शर्मा, संजीत कुशवाहा, श्रीकांत प्रसाद, शैलेश कुमार, विनोद शर्मा, व्यंकटेश शर्मा, सहित दर्जनों समाजसेवी उपस्थित हुए और मृतक के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### वार्ड पार्षद ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्द्धन

**देव (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देव में वॉलीबॉल खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेडल देकर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देव नगर पंचायत के वार्ड पार्षद पंकज कुमार यादव ने कार्यक्रम का उद्घाटन बॉल को किक मारकर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि युवाओं के खेल प्रदर्शन को निरंतर सुधारने के के साथ-साथ उन्हें शारीरिक फिटनेस, सही पोषण और मानसिक दृढ़ता पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर विक्रम कुमार यादव, रवि रंजन कुमार, राहुल कुमार, ऋषि कुमार, विक्की कुमार, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, अभिषेक चौहान, विजय पासवान, अजय, ऋषि राज, पंजाबी राज मंकी राज, सोनू कुमार, ममता यादव, कामता यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास सहित अन्य आपराधिक मामले में 43 गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चुनाव के मद्देनजर अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। कार्रवाई के फलस्वरूप विभिन्न कांडों के 43 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या प्रयास में 4, शराब के शीर्ष कांडों में 1 एवं अन्य शीर्ष कांड में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 733 वाहनों की जांच की गई जिसमें 60500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 53 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या 5 है। 20 लीटर देसी शराब एवं 3 ट्रैक्टर तथा 300 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में निरंतर कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें।

## ओबरा में डिग्री कॉलेज और एनएच-139 चौड़ीकरण की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव में ओबरा से प्रत्याशी संजय कुमार ने सरकार पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए दो अहम माँगों को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने कहा कि ओबरा की जनता दशकों से बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों की राह देख रही है, लेकिन सरकार ने वादे करने के बाद भी उन्हें पूरा नहीं किया। संजय कुमार ने सबसे पहले ओबरा में डिग्री कॉलेज की स्थापना की माँग की। उन्होंने कहा कि आज भी हज़ारों युवा उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज़ के शहरों में जाने को मजबूर हैं। इस कारण शिक्षा के क्षेत्र में ओबरा लगातार पिछड़ रहा है। ल्लयदि डिग्री कॉलेज की स्थापना हो जाती है, तो यहां के छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे और शिक्षा का स्तर ऊँचा उठेगा,ङ्क उन्होंने कहा। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से वर्षों से लंबित राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को मंज़ूरी और निर्माण कार्य में तेजी लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से ओबरा और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी सुधरेगी, व्यापार बढ़ेगा और रोज़गार के नए अवसर खुलेंगे। संजय कुमार ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर जनता की अपेक्षाओं को नजरअंदाज किया गया, तो जनता चुनाव में इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से जीतने के बाद वे इन दोनों माँगों को पूरा कराने के लिए हर संभव संघर्ष करेंग।

## शौच के लिए निकली बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से काटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** घर से शौच के लिए निकली बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से काटकर हत्या का मामला सामने आया है। शव आहर से बरामद किया गया है। घटना अंबा थाना क्षेत्र के सिमरहुआ गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी नरसिंह महतो की 71 वर्षीय पत्नी प्यारी देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि महिला अपने घर से अहले सुबह शौच के लिए निकली थी, लेकिन काफी देर तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने जब उसे घर में नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की। इस क्रम में गांव के पश्चिम दिशा की ओर घर से 200 मीटर की दूरी पर



स्थित आहार के पिंड पर उसका चप्पल मिला। परिजनों को आशंका हुई की वह आहर में डूब गई है। परिजनों ने उसे ढूंढने के लिए आहर में छलांग लगा दिया। काफी खोजबीन के बाद उसका शव आहर से बरामद किया गया। महिला के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान पाए गए। सिर पर भी धारदार हथियार से कटे होने के निशान मिले हैं। वहां मौजूद लोगों के द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अंबा थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि आवश्यक प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरा होने के उपरांत शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है।

**घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस**

फिलहाल घटना के स्पष्ट कारणों की जानकारी पुलिस को नहीं मिली है। पुलिस घटना के असली कारणों का पता लगाने में जुटी है। मृतक के पुत्र अरविंद मेहता ने बताया कि वह झारखंड के किसी ईंट भट्ठे पर मुंशी का काम करता है। उसे उसकी मां के गायब होने तथा कुछ देर के बाद आहर से शव बरामद होने की जानकारी मिली। उसने बताया कि पूर्व से गांव के कुछ लोगों के साथ उसका भी बातें चल रहा था। उस विवाद के कारण ही उसने वृद्ध महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताया है। हालांकि पुलिस वृद्ध महिला की हत्या से जुड़ी सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है।

## मेजर ध्यानचंद को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा।** सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल, सांडा के प्रांगण में शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों ने मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के शिक्षकों ने उनके जीवन की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को बताया कि मेजर ध्यानचंद नेतृत्वक्षमता के धनी व्यक्ति थे। उनकी गिनती दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में की जाती है। उनका जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था। उन्होंने ओलंपिक में हॉकी खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 1928, 1932, और 1936 में लगातार तीन वर्ल्ड कप जीत कर इतिहास रच दिया था। तब से हॉकी को हमारे देश का राष्ट्रीय खेल का दर्ज़ा दिया गया। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद सिंह ने अपने शुरुआती दौर में आर्थिक हालातों को मात देकर जो कीर्तिमान स्थापित किया वह आज तक किसी भी खिलाड़ी के द्वारा दोहराया नहीं गया। भारत सरकार द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। मेजर ध्यानचंद सिंह के प्रतिनिधित्व से आज के बच्चों और खिलाड़ियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद बोस, प्रिंसिपल गुड्डू कुमार, सहायक शिक्षक रंजीत कुमार सिंह, शिवदयाल ठाकुर, गजल साजिया, अल्तमश, सना ज़माल, चांदनी परवीन, तनु शर्मा, शाहीन, जूली परवीन, कुमकुम कुमारी, फूल कुमारी एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहें।

## राजस्व महाअभियान के अंतर्गत कैम्पों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महा-अभियान जो 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत जहानाबाद जिले में आयोजित कैम्पों का जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय के निर्देशानुसार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने रैयतों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवेदनों की जानकारी ली तथा उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।अपर समाहर्ता जहानाबाद श्री अनिल कुमार सिन्हा के द्वारा आज रतनी फरीदपुर अंचल के कसवाँ एवं नोआवाँ में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। श्री सिन्हा शिविर में उपस्थित रैयतों से संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही साथ सभी अंचलों में जमाबंदी तथा प्रपत्र वितरण का कार्य भी जिले में तीव्र गति से जारी है।बड़ी संख्या में रैयत शिविर में उपस्थित हो रहे हैं तथा अपनी समस्याओं एवं आवेदन को जमा किया जा रहा है। बताया जाता है कि जिले में अब तक 73.89% रैयतों को जमाबंदी पंजी की प्रति उपलब्ध कराई जा चुकी है। बताते चलें कि राजस्व महाअभियान के दौरान न केवल जमाबंदी पंजी की प्रतियां उपलब्ध कराई जा रही हैं, बल्कि जमाबंदी की त्रुटियों का सुधार, छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन करना, उत्तराधिकार नामांतरण एवं बंटवारा नामांतरण जैसे कार्य भी हल्का स्तर पर आयोजित शिविरों में किए जा रहे हैं।

## स्वच्छता से ही गांव बनेगा सुंदर : मनौरा मध्य विद्यालय में छात्रों ने लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मनोरा में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता को लेकर एक विशेष चेतना सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मणिभूषण कुमार ने की। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साफ-सफाई जीवन का अनमोल रत्न है। इसके प्रति सजग रहना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि न केवल स्वयं को, बल्कि अपने आस-पास के माहौल को स्वच्छ रखना जरूरी है ताकि सभी लोग स्वस्थ और निरोग रह सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि घरों का कचरा दरवाजे या सड़क पर न फेंकें, बल्कि निर्धारित स्थान पर ही डालें। ल्लजहां-तहां गंदगी फैलने से रोगों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। स्वच्छता से ही गांव सुंदर और स्वस्थ बन सकता है उन्होंने कहा। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को संकल्प दिलाया कि वे अपने मोहल्ले और गांव को साफ-सुथरा रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार भी स्वच्छता अभियान को लेकर लगातार जनजागरूकता फैला रही है और विद्यालय स्तर पर भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षक मिहिर कुमार, समुदा प्रवीण, नेहा कुमारी, प्रेमलता कुमारी, सबनम प्रवीण, नसीरुद्दीन प्रवीण, मधु कुमारी सहित अन्य विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## जहानाबाद जिले में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेल भवन में 29 तारीख से राजगीर खेल विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित हो रहे हीरो एशिया मेंस हॉकी चैंपियनशिप 2025 का सीधा प्रसारण भी खिलाड़ियों के बीच किया गया । यह प्रसारण लगातार 7 सितंबर तक बच्चों एवं युवाओं को दिखाया जाएगा जिससे कि स्कूली बच्चे एवं युवा खेल के प्रति प्रेरित हो सकें। खेल भवन सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक, विनीत कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खेल भावना की शपथ भी बच्चों एवं युवा खिलाड़ियों को दिलाई गई। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, युवा खिलाड़ियों तथा खेल से जुड़े शारीरिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे के द्वारा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जारी किए गए थीम 'एक घंटा, खेल के मैदान में' से सभी को जुड़ने का आह्वान किया। युवाओं को विशेष कर संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य को जितना ऊंचा रखेंगे, उतने ही ऊंचे लक्ष्य को आप प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बस आप उस पर अडिग रहें एवं सही दिशा में लगातार प्रयास करें। पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार के द्वारा बच्चों से खेल के विषयों पर बातचीत की गई एवं बच्चों के राय को जाना गया। इस अवसर पर बोलते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा कहा गया कि हॉकी के महान खिलाड़ी श्री ध्यानचंद जी की अगुवाई में भारतीय टीम दशकों तक विश्व मंच पर हॉकी के क्षेत्र में पुरोधा रही। अभाव में भी संघर्षों के परिणाम स्वरूप श्री ध्यानचंद जी के द्वारा भारत को गौरवान्वित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं एवं खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पण की भावना से अभ्यास करने का आह्वान किया। 29 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित होने वाले खेल पखवाड़े में बच्चे, युवा से लेकर सीनियर सिटीजन की श्रेणी में भी खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। उसी क्रम में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के थीम एवं ओलंपिक में भारत की तैयारी विषय पर बच्चों के द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया गया एवं जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए गए। शनिवार को खेल भवन तथा गांधी मैदान में विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर गेम्स आयोजित किए जायेंगे। योगा, टग का वार, वॉलीबॉल, सीनियर सिटीजन के लिए वॉक एवं अन्य खेल कार्यक्रम आयोजित होंगे। 31 अगस्त को साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

## शिक्षक संघ की बैठक में समस्याओं पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मध्य विद्यालय काको के प्रांगण में जिला कमिटी के निर्णय अनुसार, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) मूल शाखा काको का बैठक प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षक नेताओं ने शिक्षकों की समस्या, संगठन के सुदृढ़ीकरण एवं आंदोलनात्मक कार्य पर विस्तार से बातें रखी।बैठक में शिक्षक नेताओं ने शिक्षकों की समस्या निदान हेतु पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा संघ से वार्ता के लिए तिथि एवं समय का निर्धारण नहीं करने की कड़ी आलोचना करते हुए बैठक में इनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही उनके इस तानाशाही रवैया के खिलाफ सतत आंदोलन चलाने की बात कही गई। पूर्व में पदाधिकारी के साथ संघ की समझौते यथा- शिक्षकों का अनुपस्थित विवरण शून्य मानकर बनाया जाए, जो प्रधान शिक्षक बनकर दूसरे जिलों में गए हैं उनका वेतन 1 से 2 दिन तक कटौती किया गया है। उसे अविलंब भुगतान किया जाए, भविष्य निधि अद्यतन करने के लिए जिला कार्यालय में जमा प्रपत्र को जल्द से जल्द भविष्य निधि कार्यालय को भेजा जाए, कालवद्ध प्रोन्नति हेतु वेतन निर्धारण में व्यापक धांधली, सेवा संपुष्टि जिला कार्यालय में कई महीनो से जमा है, उसका निष्पादन करने, सभी प्रकार के बकाया का वेतन भुगतान करने, विशिष्ट -2 उर्तीण शिक्षकों का प्रमाण पत्र वितरण करने, 34540 शिक्षकों का कालवद्ध प्रोन्नति एवं एमएएसपी का बकाया वेतन, शेष शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति देने, टीआरई- 3 में नियुक्त शिक्षकों को वेतन भुगतान करने तथा उच्च न्यायालय एवं विभागीय आदेश का अनुपालन नहीं करने, कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप शिक्षक नेताओं ने लगाई। वहीं, सरकार द्वारा पुरानी पेंशन लागू नहीं करने के खिलाफ एनएमओपीएस के बैनर तले 1 सितंबर को काला पट्टी लगाकर कार्य करना, 5 सितंबर को जिला कार्यालय के समीप धरना/उपवास करने, 12 सितंबर को जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकालने एवं 14 सितंबर को पटना में पेंशन महारैली में 2000 शिक्षक/कर्मचारियों को ले चलने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में संघर्ष समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार राकेश, जिला सचिव सत्येंद्र कुमार के अलावे मुकेश कुमार भारती ,शाजिद जमा अंसारी आदि थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला प्रशासन के पहल पर स्थानीय एस.एस.कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच मतदान को लेकर जागरूकता बढ़ाने एवं नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के संचालन के क्रम में महाविद्यालय के वित्तेक्षक एवं आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ0 विनोद कुमार रॉय ने छात्र-छात्राओं के उत्साहित समूह को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। लोकतांत्रिक महत्व के इस कार्यक्रम में अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने मतदान के बहुआयामी व दूरगामी महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आपके द्वारा दिया गया एक -एक बेशकीमती वोट शासन की दशा और दिशा तय करने में सफल सिद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को मतदान की जिम्मेदारी समझते हुए मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि हमारा युवा व मजबूत लोकतंत्र चिर-स्थायित्व को प्राप्त कर सके। उन्होंने आगे कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान 'आम आदमी' की अहमियत को बखूबी रेखांकित करता है, क्यों कि मतदान के माध्यम से हम अपने नीति नियंताओं को चुनने के साथ ही उनकी नीतियों को भी प्रभावित करने में सक्षम होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुनपुन पितृपक्ष पिंड दान स्थल का डीएम ने लिया जायजा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 06 सितम्बर से 21 सितम्बर, 2025 तक आयोजित होने वाले पुनपुन अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की तैयारियों का स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने किया, तथा मानकों के अनुरूप त्रुटिहीन व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ



ही उन्होंने कहा की इस बार श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को लक्ष्मण झूला की सुविधा प्राप्त होगी। इससे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आवागमन में काफी सहायता मिलेगी। पितृपक्ष मेला के दरम्यान उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात व्यवस्था तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण हेतु सभी पदाधिकारियों को सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त समीर सौरभ, एसडीएम मसौढ़ी अभिषेक कुमार, डीएसपी -2 कन्हैया कुमार, बीडीओ मानेनद्र कुमार सिंह के साथ कई पदाधिकारी शामिल रहे।

### मोरहर नदी मे डूबा मजदूर, एसडीआरएफ शव की तलाश में जुटा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के भखरा गांव



के समीप मोरहर नदी मे शौच के लिए गये एक ब्यक्ति की डुबने से मौत हो गई है।मृतक की पहचान धनेश्वर चौधरी (50वर्ष) पिता स्व लक्षमण चौधरी भखरा निवासी के रूप मे हुई है।स्थानीय लोगों ने बताया की मृतक सुबह मे शौच के लिए गया था,उसी मे पैर फिसलने से गहरे पानी मे चला गया जहाँ डुबने से उसकी मौत हो गई है मृतक मजदूरी कर अपना परीवार चलाता था,पिछ्ले पांच दिनो से घर पर ही था मजदूरी करने नही था।बहरहाल घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, वहीं एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया जहाँ देर शाम तक शव की खोजबीन की गई लेकिन शव नही मिला परीजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### रामप्रवेश बिंद हत्याकांड में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के रामजानी चक गांव में रामप्रवेश बिंद हत्याकांड में फरार नामजद अभियुक्त बृजेश कुमार को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। दरअसल थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 481/25 के तहत दिनांक 1 अगस्त को रामजानी चक गांव में शाम को सडक के किनारे मवेशी हटाने की विवाद पर ईट पत्थर से कुच कर रामप्रवेश बिंद को गंभीर रूप मे जख्मी कर दी गई थी, जिसमें गांव के ही साथ लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। वही इलाज के दौरान 2 अगस्त को पीएमसीएच में रामप्रवेश बिंद की मौत हो गई थी। इस मामले में रामप्रवेश बिंद के बेटे मिथिलेश कुमार के बयान पर सात लोगों पर केस दर्ज की गई थी। जिसमें अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो गई है अन्य फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### पेट में गोली लगने के बाद अस्पताल में हुआ इलाज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल में गुरुवार की रात्रि 12:00 बजे के आसपास 25 वर्षीय युवक रोशन कुमार पिता चंद्रमौली यादव नामक व्यक्ति जो अपना पता सकसोहरा थाना क्षेत्र बताते हुए इलाज करने के कुछ देर के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना चला गया। मामले पर जब पुलिस से बात की गई तो उन्होंने घटना से इनकार करते हुए इस तरह की कोई जानकारी नहीं होने की बात कही। अस्पताल में इलाज करने वाले चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी ने इलाज करने की बात स्वीकार की है कयास लगाया जा रहा है की खुद से गोली लगने के चलते या फिर मामला को छुपाने के लिए गलत नाम और पता लिखवा कर पहचान छुपाने का प्रयास किया गया है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है।

### मोटरसाइकिल से गिरकर किशोर जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के ढीवर गांव निवास 10 वर्षीय अंशु कुमार मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे उठाकर बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भारतीय करवाया गया। जहां किशोर के पैर में 10 टांका लगाया गया परिजनों ने बताया कि किशोर मोटरसाइकिल के पीछे बैठकर जा रहा था तभी पर फस जाने के चलते घटना घटी।

### कोसी एक्सप्रेस एक्सप्रेस की जंजीर खींचकर करीब 10 मिनट तक रोका गया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह पूर्णिया हटिया कोसी एक्सप्रेस ट्रेन खुलने के बाद ट्रेन की जंजीर खींच कर ट्रेन को रोक दिया गया। हालांकि बार अनुमंडल में चल रहे एग्जाम को लेकर छात्र-छात्राओं की अत्यधिक भीड़ होने के चलते ट्रेनों में काफी भीड़ भार देखी गई। जंजीर खींचे जाने के बाद ट्रेन करीब 9 से 10 मिनट तक बाहर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर खड़ी रही इस दौरान पश्चिमी रेलवे फाटक भी प्रभावित हुआ ड्राइवर के द्वारा सिस्टम को ठीक किया गया। फिर ट्रेन को रवाना कराया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल बख्तियारपुर के भी जवान मौके पर पहुंचकर असामाजिक तत्व की खोजबीन की लेकिन जंजीर खींचने के बाद बदमाश उतरकर भाग गए।

# मुख्यमंत्री करेंगे पुनपुन में बिहार का पहला संस्पेशन ब्रीज का उदघाटन

## सितबंर के पहले वीक में उदघाटन, डीएम, डीडीसी ने किया निरीक्षण



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऋषिकेश के तर्ज पर बिहार मे पुनपुन नदी पर लक्ष्मण झूला बन रहा है जिसका काम फाइनल होने के कगार पर है और सितबंर के पहले हफ्ते मे इसका उद्घाटन होना है,जो मुख्यमंत्री नितिश कुमार करेंगे, ऐसे मे शुक्रवार को डीएम डॉ त्यागराजन, डीडीसी समीर सौरभ के अलावा पुल निगम के एमडी,मसौढी एसडीएम अभिषेक कुमार आदी ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए कहा की संस्पेशन ब्रीज का कार्य लगभग फाईनल हो चुका है कुछ काम बचा वो एक दो दिन मे फाईनल हो जायेगा।और सितबंर के पहले हफ्ते मे इसका उदघाटन होना है। गौरतलब है कि अंतराष्ट्रीय पुनपुन पिंडदान स्थल पर लक्ष्मण झूला की तरह बिहार का पहला केबल सस्पेंशन ब्रिज की सौगात बिहार को मिलने जा रहा है। इसके निर्माण के लिए कैबिनेट ने 82 करोड़ 90 लाख 48 हजार रुपये की मंजूरी दी है। बता दे की पुनपुन पिंडदान स्थल पर लक्ष्मण झूला के समकक्ष रेलवे पुल के बगल में पुनपुन नदी पर केबल सस्पेंशन पुल के निर्माण के लिए 8,299.48 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। पुल की कुल लंबाई 320 मीटर और चौड़ाई 11.50 मीटर है। जबकि दोनों ओर के पहुंच पथ की लंबाई 115 मीटर तय की गई है। इस पुल के बन जाने से पैदल यात्रियों के साथ-साथ चार पहिया वाहनों का आवागमन भी संभव होगा,दरअसल आगामी 6 से 21 सितंबर तक पुनपुन में होने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले में श्रद्धालु और पर्यटक पहली बार इस ब्रिज से होकर तर्पण और पिंडदान के लिए घाट तक पहुंच सकेंगे। यह प्रदेश का पहला लाइट व्हीकल केबल सस्पेंशन ब्रिज है, जिसकी लंबाई 325 मीटर और चौड़ाई 11.5 मीटर है. इसमें 18 केबल और 100 फीट ऊंचा पायलन बनाया गया है. इस पर हल्के वाहन और दोपहिया चल सकेंगे, जबकि ओवरलोडेड वाहन और ट्रैक्टरों का प्रवेश नहीं होगा। बता दें इसके निर्माण की घोषणा 26 जनवरी 2019 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की थी।

# दानापुर में सुशासन का सार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत किया जनसंपर्क

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुशासन का सार अपके द्वार कार्यक्रम के तहत जदयू पटना महानगर महासचिव जैलेंद्र कुमार उर्फ मंटू सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर के विभिन्न मोहल्लों में घुम-घुम नगरवासियों के दरवाजे के बाहर पोस्टर लगाया. पोस्टर लगाने के बाद कार्यकर्ता गृह स्वामी और घर की महिलाओं से बात करते हुए नीतीश सरकार द्वारा चालए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया.

जदयू के पटना जिलाध्यक्ष आसिफ कमाल, विधानसभा प्रभारी धीरज कुशवाहा , महानगर उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह , वरिष्ठ नेता जय प्रकाश सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार ने अपराध पर लगाम लगाई है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, जल-जीवन-हरियाली जैसी योजनाओं से गांव-गांव को जोड़ा है. सरकार की प्राथमिकता हर गरीब और वंचित तक विकास की रोशनी पहुंचाना है. कार्यकताओं के द्वारा 2005 के बाद बदला बिहार, न्याय के साथ विकास के 20 साल बेमिसाल नाम का जदयू द्वारा किताब का वितरण किया गया. मौके पर जदयू नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार, जितेंद्र पटेल, किशोर कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सिंह, प्रमोद सिंह, अजय सिंह, इंद्रजीत कुमार , मासूम अली, इमामुद्दीन राईन, उपेंद्र कुमार , मनोज, छोटू, मन्नू व जीतू समेत कार्यकर्ता मौजूद थे.

# सिविल कोर्ट मसौढी में बम होने की सूचना पर अफरा - तफरी का माहौल, कोर्ट कैंपस हुआ खाली

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी सिविल कोर्ट में शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे उस वक्त अफरा तफरी माहौल हो गया, जब मसौढी थाने के पुलिस पदाधिकारी ने मसौढी कोर्ट कैंपस में बम होने की सूचना दी, उसके बाद क्या था फिर वकील मुवक्किल पेशकार अन्य कर्मचारी यहां तक जज साहब हर कोई भागते दिखे, आनन फानन में सभी कोर्ट कैंपस से बाहर निकाला गया, दरअसल बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर 1 बजे मसौढी पुलिस को खबर आई की कोर्ट कैंपस खाली करवाईये बम होने सूचना है। ऐसे में उस वक्त पुरा कोर्ट कैंपस भरा हुआ था,जहाँ हर कोई अपने केस की पैरवी, कोई बेल के लिए तो कई अन्य काम के लिए लगे पडे थे। खबर मिलते ही सबो को आनन फानन में तत्काल हटाया गया है, मौके पर पहुंची पुलिस पूरे कोर्ट कैंपस की सघन तलाशी ली जा रही है,थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व मे पुरे कोर्ट कैंपस मे छानबीन की गई, अभी तक फिलहाल कुछ मिला नहीं है, लेकिन सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरा



कोर्ट कैंपस को खाली करवा दिया गया है,।न्यायिक कार्य एक बजे के बाद ठप्प पड गये कुछ देर के लिए मानो हर किसी के आंखों मे खौफ दिखा।फिलहाल पुरे मसौढी मे चर्चा का बाजार गर्म है। की कोर्ट कैंपस मे बम की सूचना मिली है।प्रशासन क्या हर कोई कुछ देर के लिए हलकान दिखा। तरह तरह की चचाएं होते रही किसी ने कहा आंतकवादी की करतुत होगी तो किसी ने अफवाह बताया।फिलहाल पुलिस सघन तलाशी अभियान मे जुटी है।

# मसौढी में रोजगार कैंप का आयोजन

## 215 युवाओं ने दिये आवेदन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को रोजगार कैंप का आयोजन किया गया जहां टाटा मोटर्स अहमदाबाद, हिरो साईन और आमदनी कंपनी बैंगलोर के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए जॉब कैंप लगाकर सबो का डॉक्यूमेंट जमा करवाया। दरअसल बिहार सरकार द्वारा श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना के तत्वाधान में मसौढ़ी में जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।जहाँ कुल 215 युवाओं ने अपने मन पसंद कंपनी मे ज्वाइन के लिए फार्म जमा किये।जॉब कैंप मे जिविका कर्मचारी



कांति कुमारी, धनी कुमार आदी ने सभी युवाओं का डाक्यूमेंट्स जमा करवाये। बहरहाल अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र कि छाया प्रति, बायोडाटा, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ निर्धारित स्थल पर ससमय उपस्थित होकर निःशुल्क जॉब कैंप का लाभ उठाने की अपील की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में शिव शक्ति एग्रीटेक प्राइवेट कंपनी के अलावा टाटा मोटर्स, आमदनी कंपनी समेत तिन कंपनियों ने रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं जो बारवीं एवं बीए पास अभ्यर्थियों के लिए होगी।

# गांव की सड़क नहीं बनने से नाराज ग्रामीणों ने की नारेबाजी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा थाना क्षेत्र के सकसोहरा पूर्वी पंचायत के गोपाइ चक गांव के ग्रामीणों ग्रामीण सड़क नहीं बनने से नाराज होकर बैठक करते हुए यह ठान लिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान वोट का बहिष्कार करेंगे। करीब 5 हजार की आबादी वाले गाांव गोपाई चक गांव में लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए वर्तमान सांसद और विधायक के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि एक साल पहले गांव में सड़क बनाने की सांसद के द्वारा घोषणा की गई थी लेकिन वह अभी तक धरातल पर नहीं उतरी। सड़क बनाने को लेकर कई मकान को भी तोड़ने की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि सड़क बनाने के लिए दर्जनों घर को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

# घर बेच दो नहीं तो जान से हाथ बैठोगे हत्या की नियत से जानलेवा हमला

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मामला मसौढी थाना क्षेत्र के न्यू मणीचक मोहल्ले की है, जहां बीते रात को एक घर में घुसकर एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी, विरोध करने पर उसे मारपीट की और छेड़खानी की, उसके अगले सुबह फिर उसके घर पर चार लोग पहुंचे जहां उसके बेटे को उठाकर तालाब के पीछे ले जाकर हत्या करने की नीयत से जमकर मारपीट की। इस पूरे मामले में पीड़ित रेखा देवी पति स्व रामजन्म चौधरी ने मसौढी थाने में चार लोग के खिलाफ थाने में हत्या करने की साजिश छेड़खानी और छिनतई का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा है की बीते 29 अगस्त के रात्रि को हमारे घर पर चार लोग आए और कहां की घर बेच दो नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे, हमने मना किया, तो हमारे साथ अभद्र व्यवहार किया कपड़े फाड़ दिए और मारपीट किया, फिर अगले सुबह घर पर आया जब हमारा बेटा रवि शंकर कुमार ब्रश कर रहा था तो उसे पड़कर खींचकर मणिचक तालाब के पीछे ले गया और जान मारने की नीयत से उसे बेरहमी से मारपीट की, आसपास के लोग किसी तरह से हो हल्ला बचाए और पुलिस आई, तब जान बची हैं। जिसमें छोटका भोला यादव पिता पप्पू यादव उर्फ कुक्कू, बबलू यादव पिता प्रताप यादव, रवि उर्फ बादशाह यादव, मनीष कुमार पिता पप्पू यादव शामिल हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# अर्णव बोस के नेतृत्व में बोकारो मिनी मैराथन के लिए जर्सी स्पांसर बना सरबानी वेलफेयर फाउंडेशन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरबानी वेलफेयर फाउंडेशन ने गर्व के साथ बोकारो मिनी मैराथन का समर्थन किया। यह शानदार सामुदायिक कार्यक्रम अंजेला आचेर्री सेंटर द्वारा पूर्व फुटबॉल कप्तान अजय सिंह के सहयोग से आयोजित



किया गया। इस मैराथन में लगभग 2000 धावकों ने अलग-अलग आयु वर्ग से उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम ने फिटनेस, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का जश्न मनाया। समाज की भलाई और युवाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, फाउंडेशन ने 2,000 मैराथन जर्सी को स्पांसर किया, जिन्हें प्रतिभागियों के बीच वितरित किया गया। इन जर्सियों पर तीन सहयोगी संस्थाओं, आस्क फाइनेंशियल हब, सरबानी वेलफेयर फाउंडेशन और आस्की एंटरटेनमेंट के लोगो थे। यह इस बात का प्रतीक था कि समान सोच वाली संस्थाएं मिलकर स्वस्थ जीवनशैली और सामूहिक प्रगति को बढ़ावा दे रही हैं। मैराथन ने न सिर्फ शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा दिया, बल्कि बोकारो के लोगों में एकता, दृढ़ संकल्प और हिम्मत की भावना भी जगाई। यह खेलों की ताकत की याद दिलाता है, जो लोगों को प्रेरित करते हैं, समुदायों के बीच जुड़ाव बढ़ाते हैं और युवाओं को एक स्वस्थ व अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस पहल के महत्व को बताते हुए सरबानी वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक डॉ. अरनब बोस ने कहा, "सरबानी वेलफेयर फाउंडेशन में हमारा मानना है कि खेल लोगों को एकजुट करने, अनुशासन लाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की ताकत रखते हैं।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खेल दिवस पर मसौढ़ी के सभी विद्यालय मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर के आदेशानुसार खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, हाकी के जादुगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर प्राथमिक विद्यालय मिरचक बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।100 मीटर दौड, कब्बडी, खो खो



का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने बाले छात्रों को मेडल देकर प्रधान शिक्षिका श्रीमती सोनी कुमारी ने पुरस्कृत किया। दिपक शर्मा ने बताया की साल 2025 का राष्ट्रीय खेल दिवस कुछ खास है, क्योंकि इस बार इसकी थीम है- 'एक घंटा, खेल के मैदान में' जिसका जरिया शांतिपूर्ण समाज की ओर है। खेल अब सिर्फ जीतने का जरिया नहीं रहा, बल्कि समाज को एकजुट करने का साधन बन रहा है।खेल हमें सिखाता है कि भले ही हमारी भाषा, धर्म, रंग या विचार अलग हो, लेकिन मैदान में हम सब एक जैसे हैं और इसी संदेश के साथ तीन दिवसीय जन आंदोलन, जो 29 अगस्त से 31 अगस्त तक देशभर में चलाया जाएगा। इसका खास अभियान है- हर दिन, सिर्फ एक घंटा अपने शरीर और स्वास्थ्य को दीजिए।

# हिमालय कॉलेज ऑफ फार्मेसी में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिमालय कॉलेज ऑफ फामेर्सी, चिकसी, पालीगंज में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की थीम "खेलः शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को बढ़ावा देने का माध्यम" रही, जिसके अनुरूप कॉलेज परिसर में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने इनडोर और आउटडोर खेलों जैसे वॉलीबॉल, बैडमिंटन, दौड़ प्रतियोगिता आदि में सक्रिय रूप से भाग लिया। खेलकूद के दौरान छात्रों ने टीम भावना, अनुशासन और खेलभावना का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हिमालय ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के निदेशक डॉ. राम चन्द्र शॉ ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेलकूद न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि आपसी भाईचारा, एकता और अनुशासन को भी प्रोत्साहित करते हैं। इस कार्यक्रम का सफल




संचालन कार्यक्रम संयोजक सुश्री मशीराह रहमान एवं सुश्री श्रुति कुमारी द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष और सफल आयोजन सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य इंचार्ज श्री हिमांशु रंजन, विभागाध्यक्ष कु. सिंधु, सहायक प्राध्यापक गगन कुमार एवं अमित कुमार, अर्चना कुमारी तथा समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रों, शिक्षकों एवं आयोजन टीम का विशेष योगदान रहा। अंत में, सभी छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ ने संकल्प लिया कि वे सदैव खेल-कूद को प्रोत्साहित करेंगे और अपने जीवन में इसे अपनाएंगे।

# 4 करोड़ की अफीम के साथ चार गिरफ्तार

## पटना पुलिस की बड़ी कार्रवाई





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए गोपालपुर थाना क्षेत्र के कछुआरा गांव से 4 करोड़ रुपये की अफीम समेत भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है. इस दौरान पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुकेश कुमार (नालंदा), अजीत कुमार (39 वर्ष, बोकारो, झारखंड), श्रवण कुमार (22 वर्ष, चतरा, झारखंड) और जयराम भारती (26 वर्ष, चतरा, झारखंड) के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक ये सभी लंबे समय से अफीम और डोडा की तस्करी कर पटना, पंजाब और अन्य राज्यों में सप्लाई करते थे. एसटीएफ के नारकोटिक सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि हरे रंग के डाला ऑटो से कछुआरा में मादक पदार्थ की बड़ी खेप लाई जा रही है. इस सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया. पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसमें सवार चारों तस्कर भागने लगे. पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया. तलाशी के दौरान अफीम और नगद बरामद हुआ. इसके बाद पुलिस ने एक ट्रक और गोदाम की छानबीन कर भारी मात्रा में डोडा, पॉपी हस्क और प्रोसेसिंग मशीन भी जब्त की. इस छापेमारी में पुलिस ने 40.178 किलो अफीम, 2.270 किलो पॉपी हस्क, 88.81 किलो डोडा पति चूर्ण, 6 लाख 62 हजार 900 रुपये नगद, 14 बैंक अकाउंट, लगभग 1.5 करोड़ रुपये के जमीन के कागजात, 40 लाख रुपये का फिक्स डिपॉजिट, दो बाइक, एक ऑटो और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं. इसके अलावा मुकेश कुमार के घर से इलेक्ट्रॉनिक तराजू और अफीम सुखाने के लिए उपयोग की जाने वाली 4 हॉर्स पावर की मिक्सिंग मशीन भी जब्त की गई है. एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 4 करोड़ रुपये है. उन्होंने बताया कि यह गिरोह झारखंड से अफीम और डोडा मंगाकर पटना के गोदामों में प्रोसेस करता था और फिर इसे पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भेजता था. जांच में यह भी सामने आया है कि तस्कर फलों की आड़ में मारूफगंज मंडी से खेप लाते और आगे सप्लाई करते थे. पूछताछ में आरोपी मुकेश कुमार ने स्वीकार किया कि वह पिछ्ले 10 वर्षों से अफीम की तस्करी कर रहा है. पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि गिरोह का एक ट्रक अफीम लेकर पंजाब के लिए रवाना हुआ था, जिसकी घेराबंदी की जा रही है. पटना पुलिस की इस कार्रवाई ने अफीम तस्करी के बड़े नेटवर्क को करारा झटका दिया है. पुलिस अब गिरोह से जुड़े बाकी लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई नशे के कारोबार के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूती देगी और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा.

# डीएम ने 24 परिवादियों की सुनी समस्याएं

## प्राप्त आवेदनों के अनुसार समाधान का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 24 परिवादियों की समस्याएं सुनी। प्रस्तुत आवेदनों में अतिक्रमण हटाने, दाखिल-खारिज, भूमि कब्जा, नल-जल योजना, अनुकंपा बहाली, आंगनबाड़ी सेविका बहाली में अनियमितता, सड़क, नाली एवं गली निर्माण, भूमि रैयतीकरण तथा शस्त्र अनुज्ञप्ति जैसी जनहित की अनेक महत्वपूर्ण समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। जनता दरबार में नवीनगर के रजवरिया कलां निवासी संतोष तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई कि जमाबंदी रद्द होने के बावजूद विपक्षी के नाम से जमाबंदी चलाई जा रही है और सरकारी रसीद निर्गत की जा रही है। इसी प्रकार दाउदनगर प्रखंड के अंकोढ़ा निवासी ब्रजभान प्रसाद सिंह ने बताया कि उनके गांव में प्लॉट संख्या 514, 389 तथा 2131 पर दोहरी जमाबंदी कायम कर दी गई है जिससे गंभीर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कुटुंबा प्रखंड के डुमरा निवासी राम प्रसाद पाल ने भूमि का रैयतीकरण कराने की मांग रखते हुए बताया कि बिना रैयतीकरण के वे अपने वैध अधिकार से वंचित हो रहे हैं। बारूण प्रखंड के भोपतपुर सिरिस निवासी नंद किशोर मिश्र ने पितृपक्ष पुनपुन घाट पर अनधिकृत लोगों द्वारा दखलंदाजी किए जाने की समस्या उठाई और इसे रोकने की मांग की।हसपुरा प्रखंड के देवकुंड निवासी जयराम शर्मा ने देवकुंड उच्च विद्यालय के साथ विवादित भूमि पर चल रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। ओबरा प्रखंड के हसनपुरा निवासी हिमांशु रंजन एवं अन्य ग्रामीणों ने विद्यालय भवन निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद की शिकायत की। इसी क्रम में दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 14 के निवासी नसीम अख्तर ने कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण और भूमि माफियाओं की गतिविधियों से शहर का साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना पर चिंता व्यक्त की। देव प्रखंड के सिलाड़ कलां निवासी मो. रेलाहुद्धीन ने ग्राम कुरका के डीलर के पुत्र द्वारा लाभुकों से जबरन अंगूठा लगवाकर राशन न देने और योजनाओं का लाभ रोकने की शिकायत दर्ज कराई। गोह प्रखंड के सागरपुर निवासी अवधेश शर्मा ने अपने गांव में हो रहे अतिक्रमण के मामले को रखा। वहीं देव प्रखंड के भलुहारा निवासी बुधन यादव ने बताया कि मुखिया द्वारा नली-गली निर्माण कार्य में फ़ेबर ब्लॉक का उपयोग नहीं किया गया है जिससे गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इसके अतिरिक्त कई अन्य परिवादियों ने भी अपने आवेदन में गांव और कस्बों की सड़क, नाली, पुल तथा नल-जल आपूर्ति व्यवस्था की मरम्मत और सुधार की मांग रखी। जिलाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष जांच की जाएगी तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक समस्या का निराकरण पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

# सरकार की सुविधाओं से पीएमश्री अनुग्रह मध्य विद्यालय नित्य हो रहा सशक्त

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में झारखंड बिहार के विख्यात स्टूडेंट काउंसलर विकास कुमार ने बतौर अतिथि विद्यालय के बच्चों को बिहार सरकार द्वारा प्राप्त बैग प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्कूल के प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार सरकार नित्य विद्यालय को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है। निःशुल्क पुस्तक, नोट बुक, एफएलएन कीट आदि प्राप्त होने से बच्चों में आत्मविश्वास लौटा है और उनकी लर्निंग बेहतर हो रही है। काउंसलर विकास कुमार ने विद्यालय के प्रांगण में सभी छात्रों के मनोबल को मजबूत किए एवं कहा कि प्राचार्य उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में पीएम श्री अनुग्रह स्कूल के दर्जनों बच्चे उनके सहयोग से चालू वर्ष में ही राष्ट्रीय स्तर पर ओलिंपियाड के लिए तैयार किए जाएंगे। सरकारी स्कूल के बच्चों के द्वारा नया कीर्तिमान गढ़ा जाएगा। काउंसलर विकास कुमार ने पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा एवं अनुशासन की भी सराहना की। बैग प्राप्त कर विद्यालय के बच्चों में हर्ष व्याप्त हो गया। बैग वितरण कार्यक्रम को शानदार बनाने के लिए हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

# विकास कोई वादा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है : प्रमोद कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह द्वारा मिशन 2025 के तहत एक भव्य जनसंपर्क रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री सिंह ने रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के बनियां पंचायत के बनिया, नगमतिया, रानी कुआं, सैलवां, कोईरी बिगहा, मंगरावां, अटल बिगहा, गौरा, पड़रावां, सोन्डीह, सोनपुर, हाजीपुर एवं कुशहा में रैली के माध्यम से ग्रामीण जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उनके सुझाव एवं अपेक्षाओं को जाना। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हमारा सपना हर गांव समृद्ध, हर परिवार सुरक्षित, हर युवा सशक्त बनानें का है। विकास कोई वादा नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारी है और यह ज़िम्मेदारी हम सबकी साझा है। उन्होंने कहा कि यह सपना तभी साकार हो सकता है जब जनसहयोग होगा।विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस योजनाएं तैयार की जा रही है। पंचायत स्तर पर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए व्यापक पहल की जाएगी। प्रमोद कुमार सिंह ने ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया। रैली में बढ़-चढ़कर लोग भाग लिया और पार्टी पर अपना भरोसा जताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता के विश्वास को मजबूत करने के लिए दिन-रात कार्य किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में प्रो. संतोष कुमार सिंह, पूर्व ज़िप सदस्य अजय पासवान, विनय कुमार सिंह, कुमार विपिन, रणधीर सिंह, प्रताप सिंह, ज्ञानदत्त पांडेय, शंभु सिंह, संजीव सिंह, कुमार निखिल, नीतू सिंह मौजूद रहे।


**Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur**

**Short E-Procurement Notice**

**NIT No:- NPC-NIT-16/2023-24 (8th Call )**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Chhatarpur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,38,31,558.00 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,26,22,393.00 Total: ₹ 3,64,53,951.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 3,64,540/- (Rupees Three Lakhs Sixty-Four Thousand Five Hundred Forty Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 02-09-2025 |
| 7 | Document downloading start Date | 02-09-2025 |
| 11 | Bid submission end date | 18-09-2025 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 18-09-2025 |
| 13 | Bid opening date (online | 19-09-2025 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9471125404 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

PR 360690 (District) 25-26 (D)

**Executive Officer**
**Nagar Panchayat Chhatarpur**


# मुख्य सचिव के आश्वासन के बाद भी रौंदी जा रही किसानों की फसल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा के आश्वासन के बावजूद भारत माला परियोजना के तहत प्रभावित किसानों को मुआवजा मिलना तो दूर उनके उपर किए जा रहे अत्याचार भी कम नहीं हो पाया। विदित हो कि भारतीय किसान यूनियन के शिष्टमंडल ने विगत सोमवार को पटना में मुख्य सचिव से मुलाकात की थी। मुख्य सचिव ने उन्हें आश्वासन दिया था कि किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा और खड़ी फसल रौंदने वाले पदाधिकारीयों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। मुख्य सचिव की बात से आश्वस्त किसानों की खुशी उस समय काफूर हो गई जब गुरुवार को पीएनसी कंपनी ने ट्रैक्टर एवं जेसीबी द्वारा खड़ी फसल को रौंदना शुरू कर दिया। हालांकि किसानों के विरोध जताने के बाद काम बंद कर दिया गया। इस घटना से क्षुब्ध किसानों ने शुक्रवार को हरदत्ता के एक निजी होटल में बैठक रखी थी। बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद ही उन्हें नरेंद्र खाप, मनोरथा और मथुरापुर गांव में फसल को रौंदे जाने की सूचना प्राप्त हुई। भारतीय किसान यूनियन के नेता व किसान घटनास्थल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन कर फसल को नष्ट होने से बचाया। इस घटना से भारतीय किसान यूनियन और किसानों में काफी आक्रोश है।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)**
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक–2285/म0नि0, दिनांक–12.08.2025 के द्वारा उत्पाद वादों में राजसात किये गये वाहनों की सार्वजनिक नीलामी हेतु अल्पकालिन सूचना का प्रकाशन दिनांक–26.08.2025 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी जिसका पी0आर0 संख्या–012214 (Excise) 2025–26 है।

अपरिहार्य कारणों से उक्त प्रकाशित अति अल्पकालिन सार्वजनिक नीलामी सूचना में अंकित नीलामी की तिथि एवं आवेदन प्राप्त करने की तिथि को संशोधित किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| वाहनों की नीलामी का क्रम | पूर्व में प्रकाशित तिथि | | संशोधित तिथि | |
|---|---|---|---|---|
| | नीलामी की तिथि | आवेदन प्राप्त करने की तिथि | नीलामी की तिथि | आवेदन प्राप्त करने की तिथि |
| प्रथम वाहनों की नीलामी | 27.08.2025 | 25.08.2025 | 13.09.2025 | 10.09.2025 एवं 11.09.2025 |
| शेष बचे वाहनों की दूसरी नीलामी | 03.09.2025 | 01.09.2025 | 20.09.2025 | 18.09.2025 |
| शेष बचे वाहनों की तीसरी नीलामी | 10.09.2025 | 08.09.2025 | 27.09.2025 | 25.09.2025 |

अतः उक्त नीलामी में भाग लेने आवेदकों से अनुरोध है कि संशोधित तिथि के अनुसार कार्यालय अधीक्षक मद्यनिशेध, पड़रावां, औरंगाबाद में अपना आवेदन जमा करेंगे एवं तदनुसार नीलामी में भाग लेंगे।
शेश सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

PR. No. 013182 (Excise) 25-26

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


**नाबालिग बालक लापता**

**जहानाबाद।** जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरी गांव से एक 15 वर्षीय बालक के लापता होने की सूचना मिली है। परिजनों ने थाने में लिखित आवेदन देकर बच्चे को खोजने की गुहार लगाई है। लापता बच्चे का नाम आलोक पांडे एवं पिता का नाम टोनी पांडे है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN – U40108JH2013-SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Garhwa,E-mail: esegarhwa@yahoo.in**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 174/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance of control room building and allied civil works of 33/11 KV P/S/S Farathiya under Electric Supply Circle, Garhwa | 394600/– | (03) Three Months | 7900.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 25/09/2025 upto 03:00 PM | 25/09/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**Electrical Superintending Engineer**
**Electric Supply Circle, Garhwa**

PR 360709 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D


**50 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार :** गोह( औरंगाबाद)। शुक्रवार को उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के डड़वा गांव से 50 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते उक्त गांव निवासी संतोष साव के घर पर छापेमारी की गई, छापेमारी के दौरान 5- 5 लीटर के प्लास्टिक में बंधा हुआ कुल 50 लीटर देसी शराब बरामद किया गया, साथ ही मौके से कारोबारी को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**
**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 10/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 06.09.2025 (पूर्वाहन 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 06.09.2025 (पूर्वाहन 10:00 बजे) से दिनांक 13.09.2025 (अपराहन 5:00 बजे तक)
निविदा शुल्क (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति आदि दस्तावेज मूल रूप में जमा करने की तिथि/स्थान। :– दिनांक 15.09.2025 (अपराहन 3:00 बजे तक) कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.09.2025 (पूर्वाहन 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | छतरपुर | चेराई –1 | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चेराई का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | छतरपुर | सिलदाग | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिलदाग का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-02 |
| 3 | छतरपुर | रूदवा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, तेलाड़ी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-03 |
| 4 | छतरपुर | बगैया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, उदयगढ़ का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-04 |
| 5 | हरिहरगंज | कटैया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, कटैया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-05 |
| 6 | हरिहरगंज | कुलहिया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, शिकारपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-06 |
| 7 | हुसैनाबाद | दंगवार | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नदीयाईन बरवाडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-07 |
| 8 | हुसैनाबाद | उर्दवार मंजुराहा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, उर्दवार का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-08 |
| 9 | तरहसी | नवगढ़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बलीयारी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-09 |
| 10 | तरहसी | पाठकपगार | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पाठकपगार का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-10 |
| 11 | तरहसी | तरहसी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, तरहसी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-11 |
| 12 | मनातू | पदमा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पदमा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-12 |
| 13 | डालटनगंज | – | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बैरिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-13 |
| 14 | डालटनगंज | चियाँकी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चियाँकी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-14 |
| 15 | लेस्लीगंज | ओरिया कला | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, ओरिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-15 |
| 16 | पाँकी | केल्हवा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बोरोदिरी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-16 |
| 17 | नौडीहा बाजार | नौडीहा बाजार | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, नौडीहा बाजार का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-17 |
| 18 | डालटनगंज | झाबर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, झाबर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-18 |
| 19 | डालटनगंज | लहलहे | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिन्दुरिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-19 |
| 20 | डालटनगंज | सुआ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र,सुआ कौड़िया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-20 |
| 21 | लेस्लीगंज (सतबरवा) | धावाडीह | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, धावाडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-21 |
| 22 | पाटन | पाटन (केल्हार) | CHC पाटन अन्तर्गत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण। | 50.142 | 1.05 | 10000 | 06 माह | NIT-010/ 2025-26/ Gr-22 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (**District Engineer, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 360762 District (25-26)D



बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला प्रोग्राम शाखा)**
E-mail- dpoicdsaurangabad@gmail.com Mobile No :- 9431005027

**आम सूचना**

पालनाघर समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद का संविदा आधारित एकल क्रेच वर्कर एंव सहायक क्रेच वर्कर पदों पर नियोजन हेतु प्रकाशित **विज्ञापन सं0– 01/2025** के अंतर्गत अंतिम रूप से प्राप्त अंको के उपरांत अभ्यर्थियों का अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन जिले के NIC पोर्टल पर किया गया है।

PR. No. 013188 (SWD) 25-26

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
ICDS औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR**

**SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-09/2025-26**

| SL. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|
| | नागरिक सुविधा मद/शहरी परिवहन मद | | | | |
| 1 | Construction of Drain from middle school madanpur to Naya pool in ward no. 01 | 999653 | 19993 | 5000/- | 30 Days |
| 2 | Construction of PCC road From H/o Mohan paswan to pani tanki in ward no. 02 | 951579 | 19032 | 5000/- | 30 Days |
| 3 | Construction of PCC Road from NH98 to near +2 high school chhattarpur in ward no. 03 | 995900 | 19918 | 5000/- | 30 Days |
| 4 | Construction of Drain from H/O Shivnath Ram Via bara School to pcc in ward no. 04 | 998478 | 19970 | 5000/- | 30 Days |
| 5 | Construction of PCC Road from bypass to towards shiv mandir in ward no. 05 | 999824 | 19996 | 5000/- | 30 Days |
| 6 | Construction of Drain from H/o Ganesh yadav to School in ward no. 06 | 995321 | 19906 | 5000/- | 30 Days |
| 7 | Construction of PCC Road H/o Vinod Ram to Khusmuniya bibi in ward no. 07 | 951579 | 19032 | 5000/- | 30 Days |
| 8 | Construction of PCC Road from H/o Sikander Urawn to Vishwanath Choudhary in ward no. 08 | 994407 | 19888 | 5000/- | 30 Days |
| 9 | Construction of PCC Road from H/o Bagaiya main road to H/o Ranjit Choudhary in ward no. 08 | 988001 | 19760 | 5000/- | 30 Days |
| 10 | Construction of PCC Road from old primary school to the land of Mahmud khan towards middle school Mandeya in ward no-9. | 996434 | 19929 | 5000/- | 30 Days |
| 11 | Construction of PCC Road from Old PCC road in mid of Dom Aahar to H/O Jitu goshwami near Main market in ward no-10. | 995784 | 19916 | 5000/- | 30 Days |
| 12 | Construction of PCC Road and Drain from H/O Mathura saw to H/O Bigan saw in ward no. 11 | 996219 | 19924 | 5000/- | 30 Days |
| 13 | Construction of PCC Road from Pawariya patti pwd main road to land of Kamta saw in ward no-12. | 995618 | 19912 | 5000/- | 30 Days |
| 14 | Construction of Drain From H/O Mahendra chaudhary via H/O Murari yadav Towards nala in ward no-12. | 992522 | 19850 | 5000/- | 30 Days |
| 15 | Construction of PCC Road from Devi mandap via Anganwadi to the H/O Binod barai in khatin ward no-13. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 16 | Construction of PCC Road from Pandu main road to H/O Ramchandra yadav in ward no-14. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 17 | Construction of PCC Road from H/O santosh chandravanshi via Bagaihiya bandh towards H/O vinay yadav in ward no-14. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 18 | Construction of PCC Road from Sadma college main road to H/O Arun saw in ward no-15. | 997336 | 19947 | 5000/- | 30 Days |
| 19 | Construction of PCC Road from old pcc road via nahar towards H/O-janeshwar yadav in Tadiyahi ward no. 16 | 995984 | 19920 | 5000/- | 30 Days |
| 20 | Construction of PCC from Purana Nagar Panchayat to near Jitendra Gupta House in Ward No. 03 | 961537 | 19231 | 5000/- | 30 Days |
| | विभाग का नामः– | नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉंची। | | | |
| | विज्ञापनदाता का नामः– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थानः– | दिनांक–12.09.2025 को समय– 5:00 अपराहन तक। स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थानः– | दिनांक–15.09.2025, समय– 2:00 बजे अपराहन तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– | दिनांक–15.09.2025, समय– 2:30 बजे अपराहन तक, स्थान– कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर। | | | |
| | हेल्प लाईन नं0– | | | | |

नोटः–
1. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस के कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन नहीं किया जायेगा।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जप्त कर ली जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर

PR 360685 District (25-26)_D

# खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : जिलाधिकारी

## खेल महोत्सव का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती इनडोर स्टेडियम में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की तथा अखंड ज्योति प्रज्वलित कर खेल महोत्सव-2025 का औपचारिक उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ की शुरुआत की, जिसमें जिलेभर से आए खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, शारीरिक शिक्षा शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा वरिष्ठ खिलाड़ी मौजूद रहे। खेल महोत्सव 29 से 31 अगस्त तक आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कराटे, योग, मलखम, रस्साकशी, पिट्ठो, बास्केटबॉल, शतरंज समेत पारंपरिक और आधुनिक खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें जिले के नामचीन खिलाड़ियों के साथ सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान इनडोर स्टेडियम में हीरो एशिया पुरुष हॉकी चैंपियनशिप-2025 का लाइव प्रसारण देखने के लिए फैन पार्क की भी व्यवस्था की गई है, जिससे दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता का अनुभव मिल सके। जिलाधिकारी श्रीकांत ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती ही नहीं बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने, टीम भावना बनाए रखने और खेल भावना को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने सरकार की "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" योजना की जानकारी दी और खिलाड़ियों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई कि वे सदैव अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन की राह पर अग्रसर रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य जिले में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

# जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक : वर्षापात व उर्वरक की उपलब्धता पर विस्तृत समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सबसे पहले वर्षापात की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि जुलाई माह में सामान्य वर्षापात 323.4 मि.मी. के मुकाबले 297.7 मि.मी. वर्षा हुई, जो 7.95 प्रतिशत कम है। वहीं अगस्त में सामान्य वर्षापात 364.88 मि.मी. के विरुद्ध 28 अगस्त तक 267.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई, जो 18.68 प्रतिशत कम है।

**धान रोपनी लक्ष्य पूरा**

कृषि पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिहान ऐप के माध्यम से पंचायत स्तरीय कृषि समन्वयकों द्वारा लक्ष्य तय किया गया था। धान का आच्छादन लक्ष्य 1,74,497 हेक्टेयर था, जिसके विरुद्ध 1,74,541 हेक्टेयर में धान की रोपनी की गई है। यानी लक्ष्य का 100.03 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है।

**खरीफ में उर्वरक की कमी नहीं**

बैठक में उर्वरक की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ 2025 के लिए जिले में उर्वरक का पर्याप्त भंडार है। अभी तक लक्ष्य के विरुद्ध यूरिया 97 प्रतिशत, डीएपी 85 प्रतिशत, एनपीके 86 प्रतिशत और एसएसपी 139 प्रतिशत उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में उर्वरक की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक पर नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होगी। बैठक में प्रखंडवार उपलब्धता की समीक्षा की गई। वर्तमान में जिले में कुल यूरिया 3852.27 मीट्रिक टन, डीएपी 516.60 मीट्रिक टन, एमओपी 296.56 मीट्रिक टन, एनपीके 2083.91 मीट्रिक टन और एसएसपी 3708.83 मीट्रिक टन उपलब्ध है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत 2025-26 में अब तक 18,125 किसानों के बीच 2428.10 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य और उद्यान पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र किसानों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। पशुपालन पदाधिकारी को सभी पशु चिकित्सकों की क्षेत्र में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में नवीनगर और मदनपुर के प्रखंड कृषि पदाधिकारियों की अनुपस्थिति पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्टीकरण मांगा। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि तय लक्ष्यों के विरुद्ध शीघ्र उपलब्धि सुनिश्चित करें।

# सांसद सुशील कुमार सिंह ने कांग्रेस-राजद पर बोला हमला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** दरभंगा में कांग्रेस और राजद की वोट अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता के खिलाफ अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल पर राजनीति गरमा गई है। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए महागठबंधन पर तीखा हमला बोला है। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को सार्वजनिक मंच से गालियां देना न केवल निंदनीय है, बल्कि लोकतंत्र को कलंकित करने वाला कृत्य है। उन्होंने इसे "संगीन अपराध" करार देते हुए कहा कि राजनीति में इस स्तर की नीचता पहले कभी नहीं देखी गई। सुशील कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि महागठबंधन की यह यात्रा अपमान, घृणा और स्तरहीनता की सारी सीमाएं पार कर चुकी है। उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले भी महागठबंधन की सभाओं में द्रमुक नेता स्टालिन और कांग्रेस के रेवंत रेड्डी जैसे नेताओं द्वारा बिहारवासियों का अपमान किया जा चुका है। पूर्व सांसद ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति पूरी तरह निम्न स्तर पर पहुंच गई है। "उन्हें यह बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि एक गरीब और अतिपिछड़े वर्ग की मां का बेटा लगातार 11 वर्षों से प्रधानमंत्री पद पर आसीन है और देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रहा है," उन्होंने कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस अपमान को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। उन्होंने दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में विचारों का विरोध सबका अधिकार है, लेकिन किसी की माता या परिवार पर अभद्र टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक और अस्वीकार्य है।

# मंडल कारा व सुरक्षित स्थान का जिला जज ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार ने मंडल कारा औरंगाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला जज द्वारा मौजूद बुनियादी व्यवस्था को देखा गया। जिला जज द्वारा जेलों की स्थिति के संबध में चिंता को समझने के लिए तथा कैदियों को विधिक सहायता सेवाओं तक पहुंच और जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लिनिक के कामकाज को भी देखा गया तथा जिला जज द्वारा कैदियों से संवाद भी किया गया और उनकी चिन्ता को समझने के लिए तथा उन्हें कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया तथा उन्हें प्रदान किये जा रहे आहार भोजन स्वच्छता आदि के संबध में विशेष निरीक्षण करते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला जज द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल और किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी सुशील कुमार मौजूद रहें। सचिव द्वारा सभी कैदियों से उनके विधिक प्रतिनिधित्व के लिए अधिवक्ता के संबध में जानकारी ली गई। जेल निरीक्षण के समय कानूनी सहायता रक्षा प्रणाली के अधिवक्ता जिनमें अभिनन्दन कुमार एवं चंदन कुमार भी मौजूद रहें। इसके पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार के द्वारा आज बभंडीह स्थित बच्चों के सुरक्षित स्थान का भी निरीक्षण किया गया।

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** खेल दिवस पर शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, विभाग प्रमुख धरणीकांत पांडे ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन और कार्यों को याद किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के खेल विभाग प्रमुख आचार्य राकेश पांडे द्वारा मेजर ध्यानचंद के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला गया और छात्रों को खेल

# कुंआ से बुजुर्ग का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के प्राणपुर निमीडीह गांव स्थित एक कुआं से एक वृद्ध का शव बरामद किया गया है। वृद्ध प्राणपुर निमीडीह गांव निवासी 66 वर्षीय गनौरी यादव बताया जाता है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के बड़े पुत्र विनोद यादव ने बताया कि जमीन सर्वे को लेकर उसके पिता गनौरी यादव एक दिन पहले उसके छोटे भाई पत्नी अंजू देवी से जमीन का रसीद मांगने गए थे। जहां उसने रसीद देने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद में अंजू ने अपने ससुर के साथ मारपीट की थी। इधर घटना के बाद से गनौरी यादव काफी तनाव में रह रहे थे। गुरुवार रात्रि वह खाना भी नहीं खाया। सुबह जब स्वजनों की नींद खुली तो वे अपने बेड पर नहीं थे। इसके बाद स्वजनों ने उनकी खोजबीन शुरू किया। पश्चिम की ओर स्थित एक कुआं के पास उनका डंडा मिला। स्वजनों को शक हुआ था कि वे कुआं में गिर गए हैं। घटना की स्थाना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को कुंआ से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। बता दें कि गनौरी यादव के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र विनोद यादव घर पर रहकर खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। छोटा पुत्र प्रमोद यादव किसी दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। कुछ वर्ष पहले ही दोनों भाइयों के बीच बंटवारा हो चुका है। गनौरी यादव अपने छोटे पुत्र के साथ ही रहता था। कुछ दिनों से वह अपने बड़े पुत्र के साथ रह रहा था। इधर मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कुआं में गिरने से वृद्ध की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची। शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है।

# 20 दिन बाद मासूम का शव बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर टिकरी मोहल्ला स्थित तालाब से 20 दिनों पहले नाले में डूबे आठ वर्षीय बच्चा का शव बरामद कर लिया गया है। बता दें कि बच्चा उक्त मोहल्ला निवासी मो. रहमदुल्लाह के आठ वर्षीय पुत्र हमजा है। शव की बरामदगी स्थानीय लोगों द्वारा किया गया है। यह बरामदगी राहत से ज्यादा व्यवस्था पर सवाल खड़ी करती है। बता दें कि 20 दिनों तक मोहल्ले के लोग, प्रशासन और गोताखोर दिन-रात तलाश में लगे थे। परिवार हर पल उम्मीद और निराशा के बीच झूलता रहा। इधर बच्चा का शव जैसे ही बरामद हुआ तो पूरे शहर में मातम पसरा रहा। वहीं घटना के बाद स्वजनों का रो रोकर हाल बेहाल है। पिता मायूस होकर खड़े थे। बता दें कि पिता बैंगलोर में कार्य कर किसी तरह से अपने परिवार का भरन-पोषण करते थे। हमजा घर का एकलौता संतान था। इधर शव जैसे ही मिली स्थानीय लोगों के अंदर गुस्से की ज्वाला भड़क उठी। नागरिकों के बीच यहीं सवाल उठ रहा है कि अगर 500 मीटर दूर ही शव था तो 20 दिनों तक प्रशासन उसे क्यों नहीं ढूंढ सकी। क्या यह सिर्फ तकनीकी कमी थी या फिर एक बार फिर लापरवाही और संवेदनहीनता का खुला सबूत? हमजा की मौत अब सिर्फ एक पारिवारिक त्रासदी नहीं रही, यह नगर परिषद और प्रशासनिक तंत्र के खिलाफ जनता की अदालत बन चुकी है। बता दें कि जब घटना हुई तो औरंगाबाद को पूरी तरह से झकझोर दिया था, अब शव मिलने के बाद उस गुस्से में और इजाफा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक नालों की सफाई, जाल और सुरक्षा इंतजाम नहीं होते तब तक और बच्चों की जान पर खतरा बना रहेगा लेकिन नेताओं और अधिकारियों के लिए यह एक और मामला है, जिसे समय बीतने के साथ दबा दिया जाएगा। इधर शव मिलने की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पहुंचकर स्वजनों को समझाते हुए मुआवजा दिलाने का आश्वासन देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर शव मिलने की सूचना पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष मो. एहसान, कुटुंबा प्रमुख धर्मेंद्र कुमार सहित जनप्रतिनिधि पहुंचकर स्वजनों को ढ़ाढ़स बंधाया। साथ ही उचित मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया।

# बुजुर्ग महिला की हत्या कर नहर में फेंका शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। औरंगाबाद में अपराधियों ने घर से शौचालय के लिए निकली महिला की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दिया। हत्या करने के बाद शव को नहर में फेंक दिया। अंबा थाना क्षेत्र के सिमरहुआ गांव निवासी नरसिंह महतो की 71 वर्षीय पत्नी प्यारी देवी की हत्या की गई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान स्वजनों ने बताया कि वृद्ध महिला अपने घर से अहले सुबह शौचालय के लिए निकली थी, लेकिन काफी देर तक घर नही लौटी तो तो खोजबीन शुरू किया। इस क्रम में गांव के पश्चिम दिशा की ओर घर से 200 मीटर की दूरी पर स्थित आहर के पिड पर उसका चप्पल मिला। स्वजनों को आशंका हुई कि वह आहर में डूब गई है। स्वजनों ने उसे ढूंढने के लिए नहर में छलांग लगा दिया। काफी खोजबीन के बाद उसका शव आहर से बरामद किया गया। बता दें कि महिला के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान पाए गए। सिर पर भी धारदार हथियार से कटे होने के निशान मिले हैं। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अंबा थाना की पुलिस पहुंची। शव को अपने कब्जे में ले लिया। इधर घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। विवाद के कारण ही उसने वृद्ध महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस वृद्ध महिला की हत्या से जुड़ी सभी बिदुओं पर जांच कर रही है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित आवेदन हासिल नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर मामले में एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन को ले निकली शांति मशाल यात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर में महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तहत मशाल यात्रा आल इंडिया बुद्धिस्ट फॉर्म औरंगाबाद के बैनर तले गुरुवार की देर शाम बौद्ध भिक्षुओं ने शहर में शांति मशाल यात्रा निकाला। शांति मशाल यात्रा शहर के गांधी मैदान से रमेश चौक तक निकाला गया। नेतृत्व आंदोलन के तृतीय चरण के प्रणेता डा. आकाश लामा ने किया। इस मौके पर भीम आर्मी, दिव्यांग संघ, अर्जक संघ, कबीर रैदास पथ, कर्पूरी विकास मंच, संत गोडसे संस्थान, सावित्रीबाई फुले संस्थान, सम्राट अशोक बौद्ध बिहार समिति का भी समर्थन मिला। डा. आकाश लामा ने बताया कि महाबोधि महाविहार बोधगया को बौद्ध समाज को सौंपने और असंवैधानिक बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 को निरस्त करने की मांग को ले महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रहा है। कहा कि यह यात्रा बौद्ध समाज की ऐतिहासिक मांग को बुलंद करेगी और महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को सौंपे जाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगी। डा. आकाश लामा आंदोलन की रणनीति और आगामी चरणों की घोषणा करते हुए आगे बढ़ रहे है। उनके साथ अनेक विद्वान, सामाजिक कार्यकता और बुद्धिष्ट फोरम के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी मंच साझा करने में जुटे हैं। महाबोधि महाविहार की मुक्ति बौद्ध समाज के सम्मान और आस्था से जुड़ा हुआ सवाल है। इसलिए हर अनुयायी को शामिल होने से आंदोलन को मजबूती देगी। शांति मशाल यात्रा को ऐतिहासिक और निर्णायक बताते हुए आयोजकों ने इसे एक जन-जागरण का रूप दिया है।

# देश में रक्त क्रांति लाने का प्रयास है मेरा : बमेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** हिन्दुस्तान में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से औरंगाबाद की स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा लगातार रक्तदान जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से एक अभियान है मिशन रक्तदान हिंदुस्तान। इस अभियान के तहत संस्था के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह द्वारा रक्तदान का अलख जगाने के लिए देश के अलग अलग राज्यों के भिन्न भिन्न शहरों में वहां की स्थानीय संस्था के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को मिशन रक्तदान हिन्दुस्तान अभियान के तहत मानव रक्षा अभियान शेरघाटी के संस्थापक कवि मुकेश एवं मोदी जी चाय पकौड़ा दरियापुर, गया जी के संचालक बलवीर चंद्रवंशी के सहयोग से शेरघाटी, गयाजी के एक निजी अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन एनएमसीएच के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ प्रवीण, एनएमसीएच के प्राचार्य अशोक कुमार देव, पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह,मानव रक्षा अभियान के संस्थापक कवि मुकेश द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# पूर्व मंत्री की पत्नी की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे कई दिग्गज नेता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान की पत्नी स्व. धनकली देवी की पांचवी पुण्यतिथि 31 अगस्त को शहर के सम्राट अशोक सभागार में मनाई जाएगी। शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने कहा कि यह गैर राजनीतिक कार्यकर्म होगा जिसमें सर्व धर्म समभाव पर आधारित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा जिसका उद्देश्य सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि स्व. धनकली देवी की मृत्यु कोविड-19 की चपेट में आने से हो गई थी। वह धार्मिक महिला थीं और सामाजिक कार्यों के प्रति भी समर्पित रही थी। ये उनकी पांचवी होगी। पिछले साल पटना में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया था जिसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित कई दिग्गज और गणमान्य नेता कार्यक्रम मे शामिल हुए थे। उसी के तर्ज पर इस बार सम्राट अशोक सभागार में समारोह पूर्वक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। श्रद्धांजलि सभा में बिहार-झारखंड के कई दिग्गज नेताओं के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह, सांसद अभय कुशवाहा, सांसद राजाराम सिंह और गया तथा औरंगाबाद जिले के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर गरीबों में वस्त्र वितरण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम चल रहा है। इसको लेकर कई लोगों का व्यस्त कार्यक्रम है। वैसे हमने कई गणमान्य लोगों से संपर्क किया है और श्रद्धांजलि में लोगों से शामिल होने के लिए आग्रह किया है। इस दौरान राजद प्रदेश महासचिव ई. सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर तीन दिवसीय प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए यह तीन दिवसीय खेल महोत्सव 29 अगस्त से प्रारम्भ होकर 31 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ "फिट इंडिया प्लेज" के साथ हुआ, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने यह शपथ ली कि "मैं स्वयं को शारीरिक रूप से तंदरुस्त, मानसिक रूप से सशक्त और भावनात्मक रूप से संतुलित रखने का प्रयास करूंगा। इसके उपरांत उत्साहवर्धक नारों "हर गली हर मैदान खेले सारा हिन्दुस्तान" और "खेलो भी, खिलो भी" के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के बीच वॉलीबॉल मैच खेला गया। बी.सी.ए. तथा बी.ए. एवं बी.एससी. छात्रों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता हुई, जिसमें बी.सी.ए. टीम विजयी रही। वहीं एन.एस.एस. की स्वयंसेविका छात्राओं और एन.सी.सी. सीनियर विंग्स कैडेट्स के बीच बास्केटबॉल खेला गया, जिसमें एन.सी.सी. सीनियर विंग्स कैडेट्स विजेता बनीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय राजक ने सर्वप्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए खेल प्रभारी डॉ. विवेक कुमार का आभार व्यक्त किया। खेलों की आगामी प्रतियोगिताओं की घोषणा करते हुए बताया गया कि 30 अगस्त को छात्राओं के बीच कबड्डी और छात्रों के बीच बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी। वहीं 31 अगस्त को छात्र-छात्राओं दोनों की भागीदारी से हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन समापन समारोह के साथ विभिन्न खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान नैक कोऑर्डिनेटर डॉ तरुण माथुर, मो मतिउर रहमान, डॉ सुगेन कुमार, राज कुमार सिंह, मुकेश कुमार, अकाउंटेंट विवेक कुमार, जितेन्द्र कुमार, आर्यन कुमार, विशाल कुमार, अभिषेक, उज्ज्वल, प्रीति, रिया, मनीष, प्रेम, दिव्यांशु, आयुषी, प्रिया, ऋचा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

